www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 10 जुलाई, 2024 | 27 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 203, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

सूर्योदय 5:30 सूर्यास्त 7:21

| आज का तापमान | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.6 न्यू | 24.8 अधि |
| धर्मशाला | 20.5 न्यू | 29.5 अधि |

| बाजार | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80351.64 |
| निफ्टी | 24433.20 |
| सोना | 73,200 |
| चांदी | 94,473 |



आयशा खान के एथनिक लुक्स हैं सबसे अलग

पृष्ठ 4 पर

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- नगर निगम शिमला व धर्मशाला में 40 प्रतिशत स्टाफ कम -पेज 3
- सीएम ने देहरा में बीजेपी प्रत्याशी के पीछे लगाई पुलिस : भाजपा -पेज 4
- चारों चौगान मैदान 3.8 करोड़ में नीलाम -पेज 7
- जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फोकस -पेज 13
- युवाओं को बेरोजगार रखना मोदी सरकार का मिशन : खड़गे -पेज 14


# मोदी ने पुतिन से कहा- जंग से शांति का रास्ता नहीं, वार्ता जरूरी

## रूस के राष्ट्रपति बोले- हम आपकी कोशिशों का करते हैं सम्मान

**एजेंसी, मॉस्को**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रूस दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को शिखर वार्ता में हिस्सा लिया। इस दौरान मोदी ने कहा कि एक मित्र के तौर पर मैंने हमेशा कहा कि युद्ध के मैदानों से शांति का रास्ता नहीं निकलता है। यूक्रेन युद्ध के बारे में कहा कि बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति संभव नहीं होती है। समाधान के लिए वार्ता जरूरी है। पुतिन ने कहा कि आप यूक्रेन संकट का जो हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं, हम उसके लिए आपके आभारी हैं।

**भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ ऊर्जा**

वहीं, पीएम मोदी ने पुतिन के साथ रोसेटम पवेलियन का दौरा किया और कहा कि ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है। नई दिल्ली इस क्षेत्र में मॉस्को के साथ संबंध और मजबूत करने को लेकर आशान्वित है। मोदी ने वीडीएनकेएच के रोसेटम मंडप में असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को समर्पित एक फोटो प्रदर्शनी देखी। यह वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के इतिहास में सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। मोदी ने यात्रा की अपनी तस्वीरें 'एक्स' पर शेयर कीं।

### पीएम मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान



रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द अपोसल' से आधिकारिक रूप से सम्मानित किया।

### रूस से भारतीय सैनिकों की होगी वापसी

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष यूक्रेन जंग के लिए रूस की सेना में शामिल भारतीयों की सुरक्षित वापसी का मुद्दा उठाया। इस पर सहमति बनी है। रूसी सेना में 30 से 40 भारतीय सेवा दे रहे हैं।

### 'सर पे लाल टोपी रूसी...' का किया जिक्र

**प्रसिद्ध** अभिनेता राज कपूर की मशहूर फिल्म 'श्री 420' के लोकप्रिय गीत 'सर पे लाल टोपी रूसी' का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि यह गीत भले ही पुराना हो गया हो, लेकिन इसकी भावना 'सदाबहार' है। उन्होंने कहा कि भारत-रूस की दोस्ती को हमारे सिनेमा ने भी आगे बढ़ाया है। आज आप सभी भारत और उसके रिश्तों को नई ऊंचाई दे रहे हैं। हमारे रिश्तों की दृढ़ता अनेक बार परखी गई है और हर बार हमारी दोस्ती बहुत मजबूत होकर उभरी है। मोदी ने रूस को भारत का 'सुख-दुख का साथी' और 'सबसे भरोसेमंद दोस्त' बताते हुए पिछले दो दशकों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व की प्रशंसा की।

### रूस के कजान और येकातेरिनबर्ग शहर में वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत

**भारतीय** समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत ने रूस के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए उसके कजान और येकातेरिनबर्ग शहरों में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। इस समय रूस में भारत के दो वाणिज्य दूतावास सेंट पीटर्सबर्ग और व्लादिवोस्तोक में हैं।

### भारत की नई गति दुनिया के विकास का लिखेगी नया अध्याय

पिछले 10 साल देश ने विकास का 'ट्रेलर' देखा, जबकि आने वाले 10 साल तेज वृद्धि के होंगे और भारत की नई गति दुनिया के विकास का नया अध्याय लिखेगी। दुनियाभर के लोग जब भारत आते हैं, तो कहते हैं कि भारत बदल रहा है।

## पतंजलि ने बाजार में 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोकी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पतंजलि** आयुर्वेद लिमिटेड ने बाजार में अपने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोक दी है। उत्तराखंड सरकार ने अप्रैल में इन प्रोडक्ट्स के मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस सस्पेंड किए थे।

**सुप्रीम कोर्ट में दी जानकारी**

पतंजलि ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि लाइसेंस रद्द होने के बाद 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर्स को 14 प्रोडक्ट्स वापस लेने का निर्देश दिया है। साथ ही मीडिया प्लेटफार्म्स से भी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है।

कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को दो सप्ताह के भीतर एक एफिडेविट दायर करने का निर्देश दिया है। इसमें कंपनी को बताना है कि क्या सोशल मीडिया को-आर्डिनेटर्स ने इन प्रोडक्ट्स के विज्ञापन हटाने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और क्या उन्होंने विज्ञापन वापस ले लिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई अब 30 जुलाई को होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 14 मई को पतंजलि आयुर्वेद से पूछा था कि जिन 14 प्रोडक्ट्स के लाइसेंस रद्द किए हैं। उनके विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने पतंजलि को एफिडेविट फाइल करने के लिए 3 हफ्ते का वक्त दिया था। सुप्रीम कोर्ट पतंजलि के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि पर कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी इलाज के खिलाफ बदनामी का अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है।

## प्रदेश की तीन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए वोटिंग आज

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में तीन सीटों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को वोटिंग होगी।

चुनाव आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और पोलिंग टीमों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया है। तीनों सीटों पर कुल 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिए तीनों जगह 315 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। देहरा विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 86520 मतदाता वोट डालेंगे। वहीं, हमीरपुर में 84694, जबकि नालागढ़ में 76892 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज शॉर्ट्स

### एसएफजे संगठन पर 5 साल बढ़ाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) पर लगे बैन को पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। इस आतंकी संगठन पर पहली बार 2019 में बैन लगाया गया था। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि एसएफजे 'भारत की आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए हानिकारक' गतिविधियों में शामिल रहा है।

### सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और 'आप' के नेता सत्येंद्र जैन को बड़ा झटका लगा है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। सत्येंद्र ने खराब स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत की याचिका दायर की थी।

### केजरीवाल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी




**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। केजरीवाल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी कर 12 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया।

### हिट एंड रन मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार से दोपहिया वाहन को टक्कर मारने के मामले में मंगलवार को मुख्य आरोपी 24 वर्षीय मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया। शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटर को टक्कर मार दी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मिहिर को मुंबई के पास से गिरफ्तार किया गया।

### गंभीर भारतीय टीम के हेड कोच नियुक्त



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को भारतीय टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी। गंभीर अब राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। टी-20 विश्व कप-2024 के बाद राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था। ऐसे में बोर्ड को नए सचिव की तलाश थी।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने दलाईलामा के खिलाफ याचिका की खारिज



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज कर दिया। पिछले साल फरवरी में दलाईलामा ने एक बच्चे के होठ चूमकर प्यार जताया था। एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसको लेकर दलाईलामा ने माफी भी मांगी थी। दलाईलामा के खिलाफ पोक्सो अधिनियम के तहत कार्रवाई की गुहार लगाते हुए याचिका दायर की थी। (अनंत ज्ञान)

## हाथरस हादसा : एसआईटी रिपोर्ट पर योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई

# एसडीएम समेत 6 अधिकारी किए निलंबित

**एजेंसी, लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने हाथरस भगदड़ मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट के आधार पर योगी सरकार ने एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

रिपोर्ट में घटना के पीछे बड़ी साजिश से इनकार नहीं किया गया है। रिपोर्ट में स्थानीय प्रशासन के स्तर पर भी लापरवाही होने की बात कही गई है, जिसके कारण दो जुलाई को यह घटना हुई। रिपोर्ट में भगदड़ के लिए आयोजकों को जिम्मेदार ठहराते हुए दावा किया गया है कि उन्होंने भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए। रिपोर्ट में जिला प्रशासन की भी जवाबदेही तय की गई है। रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने आयोजन को गंभीरता से नहीं लिया और वे वरिष्ठ अधिकारियों को उचित सूचना देने में विफल रहे। हाथरस हादसे में 121 लोगों की मौत हो गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट 12 जुलाई को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट 12 जुलाई को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता वकील विशाल तिवारी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच से तत्काल सुनवाई की मांग की। याचिका में इस घटना की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यों की कमेटी बनाए जाने की मांग करते हुए इस मामले में यूपी सरकार से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने की मांग की गई है।

## इंटरनेशनल किडनी रैकेट का भंडाफोड़ महिला डॉक्टर समेत सात गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में महिला डॉक्टर सहित सात को गिरफ्तार किया गया है।

**रिसीवर को 20 से 30 लाख रुपए में बेचते थे**

ऑर्गन ट्रांसप्लांट रैकेट के लोग एक किडनी डोनर से 4-5 लाख में किडनी लेते थे और रिसीवर को 20 से 30 लाख रुपए में बेचते थे। इस गिरोह की महिला डॉक्टर हर सर्जरी के 2 लाख रुपए ले रही थी। पुलिस के मुताबिक, जिस अस्पताल में यह सर्जरी हो रही थी, वो नोएडा का बड़ा अस्पताल है। डोनर और रिसीवर को दिल्ली के जसोला के एक फ्लैट में रखा जाता था। बांग्लादेश हाई कमीशन के कई फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। इनका कनेक्शन बांग्लादेश से है। रैकेट का मास्टरमाइंड भी बांग्लादेश का ही है। एक बड़े निजी अस्पताल की सीनियर डॉक्टर विजया कुमारी का भी नाम सामने आया है, जिसे गिरफ्तार कर लिया है। पिछले महीने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के नाम पर कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज बनाए गए थे।

## नीट मामले में बिहार से दो और गिरफ्तार

**पटना।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बिहार से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 11 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। सीबीआई ने नालंदा और गया से सन्नी कुमार और रंजीत नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सन्नी एक परीक्षार्थी है, जबकि रंजीत एक दूसरे परीक्षार्थी का पिता है। इन दोनों पर पेपर लीक करवाने में शामिल होने का आरोप है। इससे पहले 8 जुलाई को सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से भी एक शख्स को गिरफ्तार किया था। इस शख्स की पहचान नंजुने धप्पा के रूप में हुई, जो छात्रों से पैसे लेकर उनके नंबर बढ़ाने का दावा करता था।

# डोडा में जवानों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

## सूचना मिलने पर चलाया तलाशी अभियान; तीन आतंकियों की मौजूदगी की आशंका, दोनों तरफ से फायरिंग जारी

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के डोडा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मंगलवार शाम को मुठभेड़ शुरू हो गई। 2-3 आतंकियों के फंसे होने की आशंका है। सेना और आंतकियों की तरफ से लगातार फायरिंग हो रही है।

जम्मू डिवीजन के डोडा में यह एक महीने में चौथा एनकाउंटर है। अधिकारियों ने बताया कि डोडा के सुदूर वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घड़ी भगवा जंगल में तलाशी अभियान चलाया तो मुठभेड़ शुरू हो गई। वहीं, सोमवार को आतंकियों ने कठुआ जिले में सेना के वाहन पर हमला किया था, जिसमें 5 जवान शहीद हुए थे, जबकि 5 जवान घायल हुए। आतंकियों की तलाशी के लिए ऑपरेशन जारी है।

**कठुआ हमले के बाद सुरक्षा कड़ी**



कठुआ हमले के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। आतंकियों की तलाश में मंगलवार को भी पूरे क्षेत्र में अभियान चलाया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों को उधमपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर तैनात किया गया है। अमरनाथ तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाबलों ने बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है।

### आतंकी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने ली कठुआ हमले की जिम्मेदारी

**कठुआ** आतंकी हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। आतंकी संगठन ने जारी बयान में कहा कि हमले में शामिल आतंकियों ने एम4 असाल्ट राइफल्स, ग्रेनेड्स और अन्य हथियारों का इस्तेमाल किया था। आतंकी संगठन ने आने वाले दिनों में और हमले करने की भी बात कही है। 26 जून को डोडा में मारे गए तीन आतंकियों की मौत का बदला है।




**बेरहम मानसून** प्रदेश में अभी भी 30 से अधिक पेयजल योजनाएं बंद, 15 जुलाई तक जारी रहेगा बारिश का दौर

# हिमाचल में दो दिन भारी बारिश का येलो अलर्ट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग शिमला ने शिमला सहित कई क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई है। प्रदेशभर में अभी भी 30 से अधिक पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के कई भागों में 15 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान है। 11 व 12 जुलाई के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार को राज्य के अधिकांश स्थानों पर बादल छाए रहे। बुधवार को भी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने के आसार हैं। कांगड़ा, मंडी और शिमला को छोड़कर अन्य सभी जिलों में नॉर्मल से कम बादल बरसे हैं। लाहौल-स्पीति और सिरमौर जिला में सबसे कम बारिश हुई है। बिलासपुर जिला में नॉर्मल से 18 प्रतिशत कम बारिश हुई। (अनंत ज्ञान)



शिमला के रिज मैदान पर चहलकदमी करते पर्यटक।

| अधिकतम तापमान | |
|---|---|
| ऊना | 36.4° |
| सुंदरनगर | 35.6° |
| बिलासपुर | 35.5° |
| धौलाकुआं | 34.6° |
| हमीरपुर | 34.3° |
| बरठीं | 34.1° |
| सोलन | 34.1° |
| कांगड़ा | 34.0° |
| मंडी | 33.7° |
| नाहन | 30.0° |
| धर्मशाला | 29.5° |
| शिमला | 24.8° |

## न्यूज ब्रीफ

### इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड के 6 छात्रों की कंपनी में हुई प्लेसमेंट



**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान रोहड़ू के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के 6 छात्रों का चयन विभिन्न नामी कंपनियों में हुआ है। यह जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी देविंद्र सिंह प्रेमी ने दी है। संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड के विभागाध्यक्ष मुकेश चौहान और ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी सुनील भारद्वाज व सभी संकाय स्टाफ ने छात्रों के चयन पर खुशी जाहिर की है। चयनित सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा है कि इस तरह के चयन होने से संस्थान में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे अन्य प्रशिक्षुओं को भी प्रेरणा मिलती है। (अनंत ज्ञान)

### दलीप यूनियन अध्यक्ष व पंकज बने महासचिव



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** एसटीपी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्ज यूनियन संबंधित सीटू का सातवां सम्मेलन शिमला में संपन्न हुआ। सम्मेलन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला सचिव रमाकांत मिश्रा व कोषाध्यक्ष बालक राम सहित अनेकों मजदूर शामिल रहे। सम्मेलन में दलीप सिंह को यूनियन अध्यक्ष, पंकज शर्मा को महासचिव, धनेश कुमार को कोषाध्यक्ष, राधेश्याम, सुनील संजू को उपाध्यक्ष, रीना शर्मा, रविन्द्र को सचिव, पुष्पा, टेक चंद, संदीप, अशोक कुमार, अंकुश, सुनील शर्मा, राम लाल, सीमा, अनिल, रणजीत, रमेश व भारत भूषण को कमेटी सदस्य चुना गया। सम्मेलन का उद्घाटन विजेंद्र मेहरा ने किया। (अनंत ज्ञान)

### कैडेट्स ने जानी साइबर क्राइम की बारीकियां



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविधालय सुन्नी तथा पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी में चल रहे एनसीसी कैंप के 5वें दिन थाना प्रभारी सुन्नी दिल्ली राम शर्मा और आरक्षी सुनील कुमार ने नशे की बुरी आदतों पर अंकुश लगाने के लिए प्रेरित किया। नशे से सभी कैडेट्स को दूर रहने की सलाह दी तथा साथियों को भी नशे से दूर रखने की सलाह दी।

### बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** सामुदायिक चिकित्सा विभाग-परिवार दत्तक कार्यक्रम के अधीन प्रधानाचार्य आईजीएमसी शिमला डॉ. सीता ठाकुर के सफल मार्गदर्शन, सामुदायिक चिकित्सा विभाग आईजीएमसी शिमला के प्राचार्य व विभागाध्यक्ष डॉ. अनमोल गुप्ता, आचार्य डॉ. अनिता ठाकुर, सह आचार्य डॉ. नरेंद्र महाजन, सह आचार्य की उपस्थिति द्वारा बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच शिविर का भोंट में आयोजित किया गया।

### 10 फुट लंबा अजगर देख लोगों में मचा हड़कंप

**शुभम राही, बिलासपुर।** बरमाणा क्षेत्र के खतेड़ पालंगरी में अजगर के निकलने से लोगों में दहशत का मौहाल पैदा हुआ। अजगर के दिखने का समाचार क्षेत्र में आग की तरह फैल गया। क्षेत्र के हिम्मत सिंह ठाकुर के घर के पास यह 10 फुट लंबा अजगर अचानक कहीं से निकला और कभी लैंटल पर तो कभी आम के पेड़ पर दिखाई दिया। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग व अपने दोस्तों को दी। सूचना मिलते ही हिम्मत सिंह के दोस्त बसीर,उपेंद्र चंदेल और डॉ. अवस्थी आदि मौके पर पहुंचे और अजगर को पकड़ने का जाल बिछाया। चार घंटे तक की कड़ी मशक्कत के बाद भी अजगर पकड़ में नहीं आया और अंधेरा होने की वजह से गायब हो गया। बचाव दल ने सभी को सतर्क रहने के लिए कहा। (अनंत ज्ञान)

### बिलासपुर में दूध उत्पादकों ने किया प्रदर्शन



**शुभम राही, बिलासपुर।** बिलासपुर में सोमवार को नम्होल एवं साथ लगते ग्रामीण क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक किसानों ने एक दुग्ध विक्रेता एवं दूध फर्म के खिलाफ हिमाचल प्रदेश इंटक उपाध्यक्ष भगत सिंह वर्मा की अगुवाई में हल्ला बोला। उन्होंने दुग्ध विक्रेता पर उनके लाखों रुपए की राशि नहीं देने का आरोप लगाया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इससे पहले यहां पर दुग्ध उत्पादक किसानों ने शहीद स्मारक से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक रोष रैली निकाली एवं नारेबाजी की। उन्होंने एएसपी शिव चौधरी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से नीरज दत्ता व दधोल की एक फर्म के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि प्रभावित दूध उत्पादक किसानों को उनके दूध की राशि का भुगतान हो सके। (अनंत ज्ञान)

# डीडीयू अस्पताल के पास भू-स्खलन से सहमे लोग

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

डीडीयू अस्पताल के पास भू-स्खलन से लोगों को फिर पिछले साल की तरह डर सताने लग गया है। भू-स्खलन के बाद अब यहां पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

बता दें कि 2023 में शिमला में बारिश ने भारी तबाही मचाई थी। कई भवन गिरे, तो कई सड़कें भू-स्खलन के कारण प्रभावित हुई। लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हुआ था, तो वहीं वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई थी। इस वर्ष अभी बरसात का शुरुआती दौर है और शिमला के लोगों को एक बार फिर वैसा ही डर सताने लगा है। बीते दिन रात को शिमला के स्थानीय बस स्टैंड, रिपन अस्पताल के करीब भू-स्खनल हुआ।



डीडीयू अस्पताल के पास हुए भूस्खलन का दृश्य।

बता दें कि यहां नई पार्किंग को बनाने का कार्य किया जा रहा था। मुख्य मार्ग में हुए भू-स्खलन के बाद वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई तो, वहीं लोगों के मन में एक बार फिर बीते वर्ष की भयानक यादें ताजा हो गई हैं।

नगर निगम शिमला के कृष्णा नगर वार्ड के पार्षद बिट्टू पाना ने बताया कि उनके वार्ड के तहत पड़ने वाले मुख्य मार्ग पर भू-स्खलन हुआ है। यहां नई पार्किंग को बनाने का कार्य किया जा रहा था, बारिश की वजह से ठेकेदार ने यहां पार्किंग निर्माण का कार्य बंद कर दिया था। लेकिन, यहां दोबारा से कार्य शुरू क्यों किया गया, इसकी जानकारी नहीं है। यह स्थानीय बस अड्डा है, जहां से शिमला के विभिन्न उपनगरों के लिए बसों की आवाजाही होती है। भू-स्खलन से मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। (अनंत ज्ञान)

## जुब्बल में लगाया रक्तदान शिविर

**दशमी रावत, जुब्बल।** सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन द्वारा मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन रैस्ट हाउस जुब्बल में किया गया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए संस्था के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा पूरी कोशिश की गई। इस रक्तदान शिविर में 140 के आसपास युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं ने भाग लिया।

इस रक्तदान शिविर में सिविल अस्पताल रोहड़ू से आए डॉक्टर के द्वारा 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर को सफल बनाने के लिए 70 फीसदी युवाओं ने अपना योगदान दिया।

इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार जुब्बल विवेक नेगी, समाजसेवी बलवंत ठाकुर, रतन चंद मोक्टा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष हरीश चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश पिरटा, जिलाध्यक्ष शकुंतला डौड, मीनाक्षी मांटा, अरुण चंदेल, रुपजा नेपटा, मीडिया प्रभारी पवन पिरटा एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन राठौर मौजूद रहे।

## नुक्कड़ नाटक से परिषद की 75 वर्षों की गौरव गाथा को दर्शाया : अविनाश



नुक्कड़ नाटक के दौरान मौजूद गणमान्य।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष गौरव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा से ही छात्र हितों के साथ साथ समाज हित की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करती आई है। इसी के तहत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस और राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य पर नुकाड नाटक किया गया, जिसमें विद्यार्थी परिषद के अभी तक के किए गए आंदोलनों पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं ने नुकाड़ के मध्यम से परिषद के 75 वर्षों की यात्रा की झलक भी दिखाई ।

पिंक पेटल पर इकाई मंत्री अविनाश शर्मा ने अपने वक्तव्य में बताया की विद्यार्थी परिषद अपने 76वें वर्ष में पहुंच चुका है उन्होंने बताया की विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 से हुई जिसका ध्येय राष्ट्र का पून:निर्माण है। इसी ध्येय को लेकर वर्तमान समय में विद्यार्थी परिषद समाज को संगठित करने के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है। उसके बाद पिंक पेटल पर अभाविप के कार्यकर्ताओं ने नुकड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने दिखाया की कैसे बाहर के व्यक्ति विश्वविद्यालय में सुविधाओं के लिए भटक रहे थे, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन हर क्षेत्र में सुविधा मुहाया करवाने में विफल सिद्ध होता दिखाया गया।

कार्यकर्ताओं ने नाटक के माध्यम से बताया किया विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन होने के नाते प्रशासन के समक्ष ऐसी अनेक मांगें रखती है परंतु प्रशासन उसके बावजूद भी मांगे पूरी नही करता जिस कारण से छात्रों को अनेक समस्याओं से जूझना पढ़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक युवक से ठगी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक युवक से ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि एक शख्स ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसकी हज़ारों की रकम हड़प ली। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

मामला छोटा शिमला थाना क्षेत्र का है। शिमला के मैहली निवासी आशीष ने पुलिस को दी शिकायती में कहा है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात संजौली निवासी सुरज से हुई थी। सूरज ने उसे शिमला के निगम बिहार स्थित सरकारी उपक्रम हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम सीमित (एचपीएमसी) में डेटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर नौकरी की पेशकश की थी। आरोपी ने पीड़ित को कहा था कि वो उसे एचपीएमसी में सरकारी नौकरी लगवा देगा।

आरोपित ने हजारों की रकम देने की मांग की थी। पीड़ित उसके झांसे में आ गया और 25 जून को करीब 18 हजार 700 रुपए दे दिए थे। पीड़ित ने बताया कि आरोपित ने जल्द ही नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया था। पीड़ित आशीष का आरोप है कि पूर्व में भी आरोपी इस तरह कई लोगों से ठगी कर चुका है। (अनंत ज्ञान)

## पीरन में सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जुन्गा ( शिमला )।** मशोबरा ब्लॉक के अंतिम छोर की ग्राम पंचायत पीरन में बीते एक माह से चल रहे सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। इस सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन यूको आरसेटी के सौजन्य से किया गया जिसमें पीरन पंचायत की 35 महिलाओं ने सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन महिलाओं की लिखित और मौखिक परीक्षा ली गई। ग्राम संगठन पीरन की प्रधान बिमला वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी सफल रहा । बिमला वर्मा ने यूको आरसेटी की कर्मचारी मनीषा और दीक्षा का बेहतरीन टेर्अनिग देने के लिए आभार व्यक्त किया ।

## चायल कोटी के नए भवन को शीघ्र हैंडओवर करे सरकार : डॉ . तंवर

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**



डिग्री कॉलेज चायल कोटी के नए भवन को सरकार शीघ्र कॉलेज प्रशासन को हैंडओवर करे ताकि चालू सत्र में कक्षाएं नए भवन में चल सके ।

यह बात हिमाचल प्रदेश किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने कसुपंटी निर्वाचन क्षेत्र की चार पंचायत चीखर सतलाई, पीरन, कोटी और दरभोग के प्रवास के उपरांत मिडिया में जारी बयान के दौरान कही। उन्होंने बताया कि डिग्री कॉलेज को लेकर समूची जुन्गा तहसील में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है ताकि सरकार इस कॉलेज को शीघ्र ही कॉलेज प्रशासन को सौंप दे। डॉ. तंवर ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद वर्ष 2014 में चायल कोटी में कॉलेज पुराने प्रायमरी स्कूल में खुला था, जिसमें जुन्गा क्षेत्र की 12 पंचायतों के बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के अवसर मिले हैं परंतु सीमित बस साधन होने से वर्तमान में असंख्य बच्चे 12वीं करने के उपरांत घर पर पशुओं को चुगा रहें हैं।

इस कॉलेज भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2015 में आरंभ हुआ था जिसे बनाने में नौ साल लग गए और अभी भी कुछ कार्य शेष बचा है । डॉ. तंवर ने कहा कि नए भवन में विज्ञान की कक्षाएं आरंभ की जाए ताकि बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो सके ।

## 3 से 9 सितंबर के मध्य होगी अग्निवीर सेना भर्ती

**शिमला ।** भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए हिमाचल प्रदेश के सोलन, शिमला, सिरमौर और किन्नौर के ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा पास किए उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन 3 सितम्बर से 9 सितंबर, 2024 के मध्य किया जाएगा। यह जानकारी भर्ती निदेशक शिमला ने दी।

ऑनलाइन परीक्षा में सफल हुए सभी उम्मीदवार अपने सिविल दस्तावेजों के सत्यापन जैसे कि दसवी एवं बारहवीं पास की अंकतालिका, मूल निवास स्थायी प्रमाण-पत्र, डोगरा/माइनॉरिटी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (तहसीलदार द्वारा ऑनलाइन जारी हुआ) एवं एनसीसी, खेल प्रमाण-पत्र अवश्य साथ लाएं।

# घुमारवीं के बाड़ी मझेडवां में दो मंजिला मकान जलकर राख

### प्रभावित परिवार को पांच लाख रुपए का नुकसान, शॉर्ट सर्किट माना जा रहा कारण

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

उपमंडल घुमारवीं के तहत पड़ने वाली बाड़ी करंगोडा पंचायत के गांव बाड़ी मझेडवां में सोमवार सुबह चार कमरों का दो मंजिला स्लेटपोश मकान आग से जलकर राख हो गया है। मकान के दो कमरे रिहायशी, जबकि दो कमरे गोशाला के रूप में प्रयोग किए जा रहे थे। आग लगने से करीब पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मकान में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। दमकल विभाग की मदद से आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के अनुसार यह आग सुबह करीब 4 बजे राजेंद्र सिंह पुत्र गंगा राम गांव बाड़ी मझेरवां तहसील घुमारवीं के घर में उसे समय लग, जब सारा परिवार सो रहा था। आग का पता पड़ोसियों को तब लगा, जब मकान से धुंआ निकलता देखा। पड़ोसियों ने देखा कि साथ लगते



बाड़ी करंगोडा पंचायत के गांव बाड़ी मझेडवा में आग की भेंट चढ़ा मकान।

**प्रशासन ने प्रभावित को दी 5 हजार की फौरी राहत**

घर की ऊपर की मंजिल पर आग की लपटें निकल रही थीं। इसके बाद उन्होंने घर में सो रहे लोगों को उठाया। स्थानीय लोगों ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। इसके बाद लोगों द्वारा दमकल विभाग को सूचित किया गया। दमकल विभाग द्वारा कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक मकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार ने परिवार को पांच हजार की राशि फौरी राहत के रूप में प्रदान की। (अनंत ज्ञान)

### कैंची मोड़ से लेकर गुग्गा भटेड़ तक नालियां और फुटपाथ बनाने का काम शेष

# एसडीएम गर्ग की पहल पर हो रहा बरमाणा का सौंदर्यीकरण : अवधेश

**शुभम राही, बिलासपुर**

बरमाणा सीमेंट नगरी का सौंदर्यीकरण एसडीएम सदर आईएएस अभिषेक कुमार गर्ग की पहल से हो रहा है। एसीसी प्रबंधन ने लगभग 6 वर्ष पूर्व बरमाना एनएच को चौड़ा करने तथा सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 3 करोड़ 15 लाख रुपए की राशि एनएच विभाग को जमा करवाई थी। इस पैसे से एनएच विभाग ने पीएनबी बैंक से लेकर विनय पेट्रोल पंप के सामने तक ही सड़क का निर्माण किया है। अभी भी राशि का बकाया एनएच के पास लंबित पड़ा था।

बीते छह महीने पहले बरमाणा उपप्रधान अवधेश भारद्वाज ने एसडीएम सदर अभिषेक कुमार गर्ग को इस लंबित बकाया को लेकर ज्ञापन दिया था। उपप्रधान अवधेश भारद्वाज ने बताया कि यह पैसे एसडीएम के आदेशानुसार एनएच




विभाग ने पीडब्ल्यूडी बिलासपुर को ट्रांसफर होने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

बजट ट्रांसफर होते ही ग्रामीणों सहित एसडीएम को स्वयं पीडब्ल्यूडी के साथ बरमाना का सर्वेक्षण करने को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। क्योंकि यह फंड एनएच को विकसित करने के लिए है। अब कैंची मोड़ से लेकर गुग्गा भटेड़ एनएच पर नालियां, फुटपाथ बनाने का काम शेष रहा है । उन्होंने एनएच के किनारे टाइल ब्लॉक डालने की बात रखेंगे, क्योंकि एसीसी कंपनी के कारण एनएच के साथ अत्यधिक मात्रा में धूल उड़ती है।

इसके अलावा स्ट्रीट लाइट्स का भी प्रबंध हो। कुछ ही दिनों में एसीसी माइनिंग से आने वाले जंगली जानवरों का रिहायशी इलाकों में मंडराना शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस रास्ते पर पहले एसीसी के ट्रक लोड होकर अपने गंतव्य स्थान की तरफ जाते थे, वह एसीसी माइनिंग क्षेत्र से बिलकुल साथ है। फोरलेन के कारण कोई भी गाड़ी इस सड़क से नहीं जाती है।

उन्होंने कहा कि एसीसी ने एक शॉर्टकट रोड से गाड़ियां निकालनी शुरू कर दी हैं, जिससे अब यह खतरा बढ़ गया है। इसलिए यहां पर फुटपाथ और स्ट्रीट लाइट का लगना जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

**मीटिंग** जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री धर्माणी ने दिए निर्देश

# योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करें अधिकारी

**शुभम राही, बिलासपुर**

सभी सरकारी बैठकें जिला के विकास एवं लोगों को लाभ प्रदान करने के लिए अहम है अत: अधिकारी इन बैठकों को गंभीरता से लें। तकनीकी शिक्षा नगर एवं ग्राम योजना व आवास मंत्री राजेश धर्मानी ने उपयुक्त कार्यालय के बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने इस बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति कड़ी कार्रवाई अमल में लाने के भी निर्देश उपायुक्त को दिये। उन्होंने कहा कि जिला के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाली सरकारी बैठकों में उच्च अधिकारी संबंधित स्तर के अधिकारियों को भेजें तथा बैठक के महत्व को गंभीरता से लें । उन्होंने विभागों के उच्च अधिकारियों को यह भी



जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री राजेश धर्माणी।

निर्देश दिए के जिला में अधिकारियों व कर्मचारी के कार्यों लक्ष्य निर्धारित कर उसका निरीक्षण तथा समीक्षा समय-समय पर करें, ताकि लोगों के लिए किए जाने वाले कार्यों की पूर्ति समयबद्ध की जा सके और उसका लाभ लोगों को मिल सके।

उन्होंने राजस्व अधिकारियों को जिला के फोरलेन तथा गुजरने वाले हाईवे के साथ स्थानीय उत्पादों तथा स्थानीय वस्तुओं के विक्रय के लिए केंद्र अथवा व्यावसायिक परिसर का निर्माण करने के लिए जगह चयनित करने के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा बागछाल पुल के निर्माण से कोटधार व स्वारघाट क्षेत्र को विकसित करने के लिए जमीन की उपलब्धता चिन्हित की जाए, ताकि वहां पर आईटी अथवा अन्य आवासीय परिसर या मोहाली चंडीगढ़ की तर्ज पर क्षेत्र को विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए अधिकारी व सदस्य परस्पर सहयोग की भावना से कार्य करें। अधिकारी इस संबंध में सक्रियता तथा समयवद्ध रूप में कार्य करें। बिगत बरसात में आपदा के दौरान डंगों व प्रभावितों को प्रदान की गई मुआवजा राशि के लम्बित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पुरा करना सुनिश्चित करे। पंचायत सचिव की इस संदर्भ में जिम्मेदारी तय की जाए, ताकि आपदा राहत में दिए गए निर्देशों की पूर्ति की जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त निधी पटेल ने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी तथा सदस्यों द्वारा रखी गए समस्यओं का निराकरण करने के लिए समस्त विभाग सक्रियता से कार्य करेंगे। बैठक में विभिन्न सदस्यों द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों की उपलब्धता के सबन्ध में उन्होने अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्था करने तथा इस सुविधा की पूर्ति के लिए उच्च स्तर चर्चा कर निर्णय लेने का प्रयास करने की बात कही। उन्होंने बताया कि फोरलेन के अंतर्गत लोगों की अधिगृहित परिधि में मकानों को तोड़ने के लिए मिले मुआवजे में पूरा मकान तोड़ा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### बैहना जट्टा में वर्षाशालिका बनाने के आदेश

**बैठक** में सदस्य रंजीत सिंह चंदेल द्वारा पूछे गए सवाल के तहत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को आदेश दिए कि बैहना जट्टा में लागों की सुविधा के लिए वर्षाशालिका, फुटपाथ व अंडरपास बनाना सुनिश्चित करें। रछपाल सिंह सदस्य के प्रश्न पर अधिकारियों ने कार्य को जल्द पुरा करने का आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि कचरा प्रबंधन की समस्या से निपटने के लिए कोई केन्द्रीत जगह चयनित कर इसके निष्पादन के लिए कार्य किया जाना आवश्यक है। सुनील कुमार सदस्य के प्रश्नों की पूर्ति के लिए उन्होने विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## ठप्पर बल्हू में एक सप्ताह से नहीं आया पानी, लोग परेशान



झंडूता के गांव ठप्पर बल्हू में एक गाड़ी में रखी गई पानी की टंकी। लोग बाहर से पानी लेकर आ रहे हैं।

**गोपाल कपिल, झंडूता**

उपमंडल झंडूता के अंतर्गत ग्राम पंचायत बलधाड़ के गांव ठप्पर बल्हू में पानी न मिलने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगों को लगभग एक सप्ताह से पानी नहीं मिल रहा है।

इस गांव में कोई हैंड पंप या प्राकृतिक जल स्रोत भी नहीं है, जिससे लोग पानी भर सकें। इस वजह से दूरदराज की जगह से गाड़ी में पानी भर कर लाना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी मनीष कुमार,

**गांववासी गाड़ी में पानी लाकर बुझा रहे प्यास**

कुलदीप सिंह, शेर सिंह, जय सिंह, राम लाल आदि का कहना है कि बरसात के शुरू होते ही पानी की किल्लत शुरू हो जाती है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उधर, जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता अमन ठाकुर का कहना है कि बरसात के कारण सीर खड्ड में गंदा पानी आ रहा है, जिस कारण वाटर सप्लाई नहीं की जा सकती। (अनंत ज्ञान)

## चरस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला पुलिस की विशेष टीम ने 200.8 ग्राम चरस के साथ कुल्लू के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं कीर्ति** (23 वर्ष) पुत्री श्री प्यारे लाल निवासी पेटारली, तहसील चडगांव, जिला शिमला (हि.प्र.) ब्यान करती हूं कि ग्राम पंचायत सिन्दासली के परिवार रजिस्टर में मेरा नाम कीर्ति चौहान गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम कीर्ति है। अत: पंचायत सिन्दासली के परिवार रजिस्टर में भी मेरा सही नाम कीर्ति दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### पठानिया ने शहीद पुरुषोत्तम के परिवार को दी सांत्वना



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के ततवानी पंचायत के सिद्धपुर गांव के बीएसएफ जवान की जम्मू में सड़क हादसे में मौत होने पर उप मुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने शहीद एएसआई पुरुषोत्तम सिंह के घर जा कर गहरा शोक व्यक्त किया और शहीद एएसआई पुरुषोत्तम के परिवार को इस दुखद घड़ी में सांत्वना दी। भगवान से प्रार्थना की कि एएसआई पुरुषोत्तम सिंह की आत्मा को अपने चरणों मे स्थान दे और पूरे परिवार को इस गहरे सदमे को सहने की ताकत दे।

### 16 प्रशिक्षुओं ने अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर करवाया पंजीकरण

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला में आयोजित राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला में 16 प्रशिक्षुओं में 4 संस्थानों ने अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर नाम रजिस्ट्रर करवाया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने कहा कि प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार की दिशा में कदम आगे बढ़ाने चाहिए। इसके लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ भी उठाना चाहिए, ताकि स्वरोजगार आरंभ करके अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें। उन्होंने कहा कि अप्रेंटसशिप पोर्टल आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए बेहतर विकल्प है, जिसके माध्यम से स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण में मदद मिलेगी। इससे पहले प्रिंसिपल आईटीआई दाड़ी राजेश पुरी ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पालमपुर अभिनंदन कालिया, हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला महाप्रबंधक जिला उद्योग निगम धर्मशाला होटल धौलाधार हील्स श्यामनगर, मां चामुंडा प्राइवेट आईटीआई डाढ पालमपुर, बज्रेश्वरी मोटर घुरकड़ी और स्केयर वन डी पोलो होटल शीला चौंक के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### विद्यार्थी परिषद ने मनाया 76वां स्थापना दिवस



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला इकाई द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. क्षमा मैत्रे एवं विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभाविप प्रो. प्रदीप कुमार रहे। प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्ब 76 वर्ष की गौरवमय यात्रा में स्थापना काल से ही समाज हित राष्ट्र हित और छात्र हित की बात करती आई है और विद्यार्थी परिषद सामाजिक समरसता की बात करती है। मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें 31 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। शाम को विद्यार्थी परिषद धर्मशाला ने शहर में शोभा यात्रा निकालकर 76वां स्थापना दिवस आम समाज के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया। (अनंत ज्ञान)

# आशा अध्यक्ष, राजन बने उपाध्यक्ष

## बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत में आजाद उम्मीदवारों का रहा दबदबा

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला को आखिरकार नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिल गए। मंगलवार को दोनों पदों को लेकर हुआ चुनाव काफी रोचक रहा। अध्यक्ष पद को लेकर कांता देवी व आशा कुमारी आमने-सामने रहीं जबकि उपाध्यक्ष पद को लेकर पपरोला से वार्ड नंबर 8 के पार्षद राजन चौधरी व पूर्व में रही नगर पंचायत उपाध्यक्ष वेदना कुमारी के बीच मुकाबला रहा। अध्यक्ष पद को लेकर आशा कुमारी को 6 मत पड़े, जबकि पूर्व में अध्यक्ष रही कांता देवी को भी 6 ही मत मिले। दोनों उम्मीदवारों के बीच बराबर वोट होने की वजह से बाद में पर्ची सिस्टम से आशा कुमारी नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए विजयी हुई। इसी तरह से उपाध्यक्ष पद के लिए भी वेदना कुमारी व राजन चौधरी को बराबर मत पड़े, जिसमें फिर पर्ची सिस्टम से राजन चौधरी विजयी रहे। बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने नगर पंचायत में हुए चुनावों में अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने अपने मत से दोनों धड़ों के आंकड़े को बराबर कर दिया लेकिन उसके बावजूद पर्ची सिस्टम से आशा कुमारी व राजन चौधरी को जीत हासिल हुई। ऐसे भी कयास लगाए जा रहे हैं कि नगर पंचायत में पूर्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थामे पार्षद भाजपा का रुख कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष समर्थकों के साथ।

**दोनों प्रत्याशियों को बराबर मत पड़ने पर पर्ची सिस्टम से हुआ अध्यक्ष का चुनाव**


### कार्यों पर रहेगी पूरी नजर : किशोरी लाल

**बैजनाथ** के विधायक किशोरी लाल ने दोनों पार्षदों को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों ही पार्षद कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। विधायक ने कहा कि आशा भाटिया को उन्होंने ही कैंडीडेट बनाया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को अभी काफी समय है व नगर पंचायत में विकास कार्यों पर पूरी नजर सरकार की रहेगी।

### विकास कार्यों को तवज्जो व पूर्व के कामों की होगी जांच : आशा

**नगर** पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष बनी आशा कुमारी ने कहा कि नगर पंचायत में विकास कार्यों को तवज्जो दी जाएगी। उनहोंने कहा कि पिछले 6 माह से उनकी लड़ाई केवल विकास कार्यों को लेकर ही थी। आशा कुमारी ने अपनी जीत पर पार्षद अनीता सूद, पार्षद रितू देवी, पार्षद अमित कपूर, पार्षद राजन चौधरी व पार्षद राजेश क्लेडी का आभार जताया। इसके साथ ही उन्होंने व्यापार मंडल बैजनाथ के प्रधान मनोज कपूर, पूर्व जिला परिषद तिलक राज व अनिल सूद को अपनी जीत का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि बैजनाथ व पपरोला के वार्डों में विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

# पुलिस ने यातायात के नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा



जवाली में ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वालों के चालान काटती पुलिस।

**अनिल छांगू, जवाली**

पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत ज्वाली, कैहरियां ढन, मे यातायात नियमों को ताक पर रखकर कानून का उल्लंघन करने वाले बिगड़ैल वाहन चालकों पर शिकंजा कसा और पुलिस ने करीब 50 वाहनों के चालान किए।

डीएसपी जवाली वीरी सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सुग्रीव सिंह, अरुण कुमार लाइंस हेड कांस्टेबल, केवल सिंह हेड कांस्टेबल, मदन सिंह हेड कांस्टेबल, दिलवर एवं लक्ष्मी ने मंगलवार को विभिन्न जगहों पर नाका लगाकर कानून का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की। डीएसपी वीर सिंह ने कहा कि यातायात नियमों में ट्रिपल राइडिंग, बिना लाइसेंस, बिना बैलेट गाड़ी चलाना, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात नियमों के तहत चालान किए गए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**नाका लगाकर कानून का उल्लंघन करने वाले चालकों के काटे चालान**

## सीएम ने देहरा में बीजेपी प्रत्याशी के पीछे लगाई पुलिस : भाजपा

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी व सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार एवं देहरा विधानसभा उपचुनाव के संजोयक, भाजपा के प्रमुख प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि देहरा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के पीछे सुक्खू सरकार ने सादी बर्दी में पुलिस लगा दी है, जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सुक्खू अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर को जिताने के लिए किस प्रकार के हथकंडों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि देहरा से होशियार सिंह की जीत पक्की है, इसको लेकर सुक्खू बौखलाए हुए हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकारी तंत्री चुनाव लड़ रहा है और सुक्खू की सरकार पीछे है। इसके बावजूद भी भाजपा इन तीनों उपचुनावों में अपनी जीत को दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि इन चुनावों के बाद प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन होना तय है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार यह चुनाव आंतक का माहौल बनाकर जीतने पर उतारू है, परंतु जनता इसका जवाब जल्द सुक्खू सरकार को देने वाली है। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों और गरीबों को ठगा है। जनता इस सरकार से छुटकारा चाहती है। (अनंत ज्ञान)

**कहा, होशियार सिंह की जीत पक्की देख बौखला गए हैं मुख्यमंत्री सुक्खू**

## लंज कॉलेज में आज लगाया जाएगा जागरूकता शिविर

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने बताया कि साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डिजिटल आईटी लिटरेसी कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कांगड़ा उपमंडल के अंतर्गत लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं । इन्हीं जागरूकता शिविरों के आयोजन के अंतर्गत प्रथम जागरूकता शिविर का आयोजन लंज खास के राजकीय डिग्री कॉलेज में 10 जुलाई को सुबह 11 बजे किया जाएगा। दूसरे शिविर का आयोजन बस स्टैंड कांगड़ा में 11 जुलाई को सुबह 11 बजे किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# प्रतिभागियों ने डांसिंग, मॉडलिंग, सिंगिंग एक्टिंग और कॉमेडी से किया मनोरंजन

## केंद्रीय संस्कृत विवि बलाहर में हुआ बिग टैलेंट हंट ऑफ हिमाचल का फिनाले

**सालबिया शर्मा, गरली**

केंद्रीय संस्कृत विवि बलाहर में हिम जागृति मंच के सौजन्य से बिग टैलेंट हंट ऑफ हिमाचल सीजन 3 ग्रैंड फिनाले का आयोजन हुआ। इस समारोह को सफल बनाने के लिए हिमाचल की सुपर स्टार पहाड़ी फनकार करनैल राणा, कुमार साहिल, पोला राम आदि कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर खूब समां बांधा। मंच की प्रबंधक मंजुला जसवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस समारोह में बतौर चीफ गेस्ट वरिष्ठ अधिवक्ता रोहित शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान प्रदेश भर से आए प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं।



कार्यक्रम के मुख्यातिथि वरिष्ठ एडवोकेट रोहित शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं के हुनर में निखार लाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मां-बाप और गुरुजनों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने जजों की भूमिका को भी सराहा। कार्यक्रम में ओपनिंग चीफ गेस्ट अंकुश बरजाता फाउंडर ऑफ दीवा ने हिम जागृति मंच के प्रयासों की सराहना की।

इस मौके पर वीआईपी गेस्ट नरेंद्र तरहेंन, अनीता बाला, राकेश कथूरिया, पोला राम डांग वाला, सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में कुमार साहिल, करनैल राणा, रशिन शर्मा व स्पेशल गेस्ट सतेंद्र गर्ग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## अनंत ज्ञान फैशन



**सलवार** सूट भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, यह वेशभूषा गहरी राष्ट्रीय रंगों और विविधताओं में बांधे जाने का प्रतीक है और इसका डिजाइन समृद्ध है, मॉडर्न और संस्कृतिक संगम डिजाइन वर्तमान में बहुत लोकप्रिय है जो आधुनिक और पारंपरिक तत्वों को साथ में मिलाता है, इसमें धोती का आधुनिक अंदाज और सलवार सूट की क्लासिक रिश्तेदारी को समेटा जाता है। ये सूट विशेष अवसरों पर भी उपयुक्त हैं, जैसे कि शादियां और त्योहार।



# अपने लुक को बनाएं ट्रेंडी, ट्राई कीजिए सलवार सूट के यूनिक कलेक्शन



आर्टिस्टिक डिजाइन विशेषता से चुने जाते हैं जिनमें विभिन्न रंगों का खूबसूरत संगम होता है और जिनमें चित्रण, नक्काशी या थ्रेड वर्क सहित विभिन्न कला प्रकारों का उपयोग किया जाता है, ये डिजाइन व्यक्ति की व्यक्तित्व को प्रक्ट करते हैं और विशेषता दर्शाते हैं। मॉडर्न एवं शानदार डिजाइन आधुनिकता के साथ-साथ शानदार तस्वीर बनाते हैं। इनमें आकर्षक गहरे रंग, विशेष डिजाइन पैटर्न और अद्वितीय स्टाइलिंग होती है जो सभी उम्र के लोगों को प्रसन्न करती है, ये सूट व्यक्ति की प्रतिभा और अदा को बढ़ाते हैं। ग्लैमरस और ड्रामेटिक डिजाइन उन लोगों के लिए उपयुक्त हैं जो अपने पहनावे में ग्लैमर और ड्रामा चाहते हैं, इनमें उच्च गुणवत्ता के कपड़े, विशेष आकर्षण और अद्वितीय डिजाइन होते हैं जो देखने वालों को आकर्षित करते हैं। एथनिक और ट्रेडिशनल डिजाइन परंपरागत भारतीय वस्त्र और डिजाइन पर जोर देते हैं, इनमें भारतीय बुनाई, कढ़ाई और ट्राडिशनल मोटी पैटर्न्स हो सकते हैं। ये विभिन्न प्रकार के ट्रेंडी सलवार सूट डिजाइन हैं जो व्यक्तित्व, स्टाइल और स्थिरता को मिलाकर विशेष और आकर्षक बनाते हैं।

# मानसून सीजन के लिए बेस्ट हैं पाकिस्तानी सूट

**पाकिस्तानी** सूट इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं और इस तरह के आउटफिट कई सारे मौकों पर वियर किए जा सकते हैं। वहीं, अगर आप मानसून सीजन में सूट में कुछ नया पहनने का सोच रही हैं तो आप पाकिस्तानी सूट वियर कर सकती हैं। अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप ये चिकनकारी कॉटन कढ़ाई सूट वियर कर सकती हैं। यह सूट रेयान कॉटन में है और इस तरह के सूट में थ्रेड वर्क किया हुआ है साथ में ऑर्गेंजा दुपट्टा है। वहीं, इस सूट के साथ फुटवियर में आप जूती वियर कर सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में झुमके स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट आप बाजार से ले सकती हैं साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म ओर भी आपको ये सूट 1000 से 3000 तक की कीमत में मिल जाएगा। मिरर वर्क सूट भी आप मानसून सीजन में वियर कर सकती हैं। इस सूट के साथ फुटवियर में आप फ्लैट्स साथ ही ज्वलेरी में आप चूड़ी या फिर कुंदन स्टाइल वाले झुमके वियर कर सकते हैं। वहीं, इस तरह के मिरर वर्क सूट को आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही ऑफलाइन भी आपको ये सूट 2000 से 5000 तक की कीमत में मिल जाएगा। इस तरह का चंदेरी सूट भी आप अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। यह सूट ब्लू कलर में है और इस सूट के दुप्पटे में कढ़ाई वर्क किया हुआ है। वहीं, इस सूट के साथ आप फ्लैट्स या हील्स में पहन सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में आप मिरर्र वर्क वाली ज्वेलरी इस सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।





## आयशा खान के एथनिक लुक्स हैं सबसे अलग

***एक्ट्रेस** आयशा खान को सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 से पॉपुलैरिटी मिली। आज आयशा सोशल मीडिया के जरिए फैंस के दिलों पर राज करती हैं। आयशा खान के एथनिक लुक्स आप भी रिक्रिएट करके सबसे अलग दिख सकती हैं। आयशा का सैटीन साड़ी का लुक कमाल का है। इसके साथ एक्ट्रेस ने मैचिंग ब्लाउज कैरी किया है। इसके साथ उनका बोल्ड मेकअप लुक कमाल का लग रहा है। इसके अलावा एक्ट्रेस का व्हाइट लहंगा लुक बहुत ही क्लासी है। इसके साथ उनकी उन्होंने बहुत ही प्यारा फुल स्लीव ब्लाउज स्टाइल किया है। एक्ट्रेस की बनारसी पर्पल साड़ी बहुत ही ट्रेडिशनल वाइब्स दे रही है। इस तरह से रेडी होकर आप भी सबसे खूबसूरत लग सकती हैं। आयशा खान का ये फ्लोरल लहंगा बहुत ही प्यारा है। इसके साथ उन्होंने ब्लैक शिनर ब्लाउज स्टाइल किया है। यही नहीं, मरुन ट्रेडिशनल साड़ी में एक्ट्रेस कहर ढा रही हैं। इसके साथ उन्होंने मैचिंग ब्लाउज स्टाइल किया है किया है, जिसमें गोल्डन लेस वर्क है।*

# इन बालियों पर अटक गईं सबकी नजरें

**अंबानी** परिवार की बेटियों से लेकर बहुएं तक फैशन में अव्वल रहती हैं और जब बात घर की शादी की हो तो इनके कपड़ों से लेकर जूलरी तक, हर एक चीज इतनी खूबसूरत होती है कि नजरें हटाना दुश्वार हो जाए। खासकर अगर हम नीता अंबानी से लेकर ईशा पीरामल के गहनों की बात करें तो ये इतने ज्यादा यूनिक डिजाइन में होते हैं कि आप जब भी देखेंगे कुछ नया ही पाएंगे। 12 जुलाई को अनंत अंबानी और राधिका की शादी के अब तक कई फंक्शन हो चुके हैं, जिसमें अंबानी लेडीज में एक से बढ़कर एक इयररिंग डिजाइन कैरी किया है। हर एक बाली को इतनी खूबसूरती से बनाया गया है कि अगर आप देख लें तो नजरें न हटा पाएं। ईशा ने अपने छोटे भाई अनंत की हल्दी के लिए मल्टी कलर का लहंगा कैरी किया था, जिसमें उनके ब्लाउज डिजाइन से लेकर जूलरी तक, हर एक चीज बहुत ही ज्यादा गॉर्जियस लग रही थी। खासकर ईशा के इयररिंग्स तो सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे थे। नीता की बेटी ने कानों में हेवी और एलिगेंट डिजाइन वाले कुंदन के कफ इयररिंग्स कैरी किए थे, जिनका डिजाइन इतना यूनिक था कि देखते ही नजरें टिक जाएं। अनंत और राधिका की हल्दी सेरेमनी के लिए नीता अंबानी ने गोल्डन और सिल्वर कलर का क्लासिक हैदराबादी कुर्ता कैरी किया था। एक तो नीता का खूबसूरत चेहरा उस पर इस ब्यूटी क्वीन ने डायमंड की चांद बालियां कैरी की थी। इयररिंग का डिजाइन बहुत ही ज्यादा क्लासी था, जिसे लटकाने के लिए उन्होंने फूलों के डिजाइन वाली चेन का इस्तेमाल किया था। वाकई ये हीरे की चांद बालियों का डिजाइन काफी एलिगेंट था। अंबानी परिवार की बड़ी बहू श्लोका मेहता ने देवर की हल्दी के लिए बहुत ही प्यारे डिजाइन वाला लहंगा पहना था, जिसके साथ उन्होंने पोलकी सेट कैरी किया था। अगर हम श्लोका के इयररिंग्स की बात करें तो वो झुमका डिजाइन में थे। हेवी जूलरी को कैरी किए श्लोका किसी दुल्हन से कम नहीं लग रही थीं। अंबानी परिवार की होने वाली बहू राधिका मर्चेंट शादी के हर फंक्शन में एक से बढ़कर एक लुक में दिख रही हैं और जूलरी तो इतना कमाल पहन रही हैं कि क्या बोलें। अब इस बाला के गरबा नाइट पर बैंगनी लहंगे के साथ कांतिलाल छोटेलाल ज्वेलर्स की कस्टम जूलरी को कैरी किया है। अगर हम राधिका के क्लस्टर इयररिंग्स की बात करें तो ये पेटल्स डिजाइन में थे, जिन्हें देखकर लग रहा था जैसे किसी बेल को राउंड घुमाया गया हो। वाकई राधिका के हीरे के ये लेटेस्ट डिजाइनर इयररिंग्स बहुत अट्रैक्टिव थे।



## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर्स संघ जवाली की बैठक 13 जुलाई को

**अनिल छांगू, जवाली।** जिला कांगड़ा पेंशनर्स खंड जवाली की बैठक 13 जुलाई को ज्वाला माता परिसर लब में प्रधान सुखदेव शर्मा की अध्यक्षता में होगी। बैठक में विभिन्न समस्यायों पर मंथन किया जाएगा तथा जीवन प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। यह जानकारी संघ के वित्त सचिव शंकर दास ने दी। (अनंत ज्ञान)

### धर्मशाला में पैसे वसूलते दो मीडियाकर्मी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला के दो स्कूलों के चेयरमैनों से 50,000 रुपए की जबरन वसूली के मामले में दो मीडिया कर्मियों को गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। दोनों के खिलाफ मंगलवार को पुलिस स्टेशन स्टेट विजिलेंस और एंटी करप्शन ब्यूरो धर्मशाला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (2) और 3 (5) के तहत जबरन वसूली के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायत के मुताबिक आरोपियों ने खुद को डिजिटल चैनलों के रिपोर्टर बताया है। दोनों आरोपी व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता को उसके स्कूलों के बारे में झूठी और अपमानजनक खबरें प्रकाशित करने की धमकी दी और फर्जी खबर न फैलाने के लिए प्रत्येक से 50,000 रुपये मांगे। शिकायतकर्ता ने राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की धर्मशाला इकाई से संपर्क किया, जिसने आरोपों के सत्यापन के बाद पीएस एसवी और एसीबी धर्मशाला में एक प्राथमिकी दर्ज की। फिर आरोपी व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया और प्रत्येक आरोपी व्यक्ति के पास से 25,000 नकद और 25,000 का चेक बरामद किया गया। एसपी विजिलेंस बलवीर ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### हरनोटा ठेके से शराब की 85 पेटियां चोरी

**अनिल छांगू, जवाली।** पुलिस थाना जवाली के अधीन शराब ठेका हरनोटा में अज्ञात चोरों द्वारा शराब की 85 पेटियां चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ठेका पर कार्यरत कर्मी सुबह जब ठेका पर पहुंचे तो ताले टूटे हुए थे तथा शराब की पेटियां गायब थीं। कर्मियों ने शराब की पेटियां गिनीं तो 85पेटियां कम पाई गईं। इसकी सूचना पुलिस थाना जवाली में दी गई जिस पर एसएचओ जवाली प्रीतम सिंह जरियाल पुलिस टीम के साथ मौका पर पहुंचे तथा जांच शुरू की। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग को भी खंगाला गया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि पुलिस तफ्तीश कर रही है। इस बारे में डीएसपी जवाली वीरी सिंह ने बताया कि पुलिस को शराब ठेका हरनोटा में चोरी की सूचना मिली थी जिस पर पुलिस टीम मौका पर गई थी। पुलिस तफ्तीश कर रही है। (अनंत ज्ञान)




### होशियार सिंह हार देखकर बौखलाए : मनकोटिया

**सालबिया शर्मा, गरली।** पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि चुनाव में अपनी हार देखकर भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह पूरी तरह से बौखला गए हैं और लोकतंत्र की मर्यादा भूल चुके हैं। मनकोटिया ने कहा कि होशियार सिंह द्वारा सरकारी कर्मचारियों को गोली मारने की धमकी देना सरेआम गुंडागर्दी नहीं तो और क्या है? देहरा से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ने पहले तो निर्दलीय विधायक पद से इस्तीफा देकर लोगों के भरोसे को तोड़ कर लोकतंत्र की हत्या की और अब भाजपा से टिकट लेकर लोगों को गोली मारने की धमकियां दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# देहरा में 86520 मतदाता आज चुनेंगे अपना विधायक

## 100 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगी पोलिंग, चुनाव आयोग ने पूरी कर ली सारी तैयारियां

**सालबिया शर्मा, गरली**

देहरा में विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं तथा पोलिंग पार्टियां ने अपने-अपने बूथों पर पहुंच कर मोर्चा संभाल लिया है। रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि देहरा विधानसभा उपचुनाव को लेकर निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए प्रशासन ने काई कोर कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने बताया कि देहरा विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए हर आवश्यक प्रबंध किए गए हैं तथा मतदान कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंच गए हैं। देहरा में कुल 86520 मतदाता अपना विधायक चुनने के लिए वोट डालेंगे।

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को जून सुबह 5:30 बजे मॉक पोलिंग शुरू कर दी जाएगी। उसके बाद 7 बजे से शाम 6 बजे तक 100 मतदान केंद्रों में लोग वोट डालेंगे। वोटिंग समाप्त होने के बाद सारी मतदान सामग्री को पूरी सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ ढलियारा कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में पहुंचाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)





चुनाव की तैयारियों में जुटे चुनाव अधिकारी एवं कर्मचारी।

### 858 मतदाता घर से डाल चुके हैं वोट

**रिटर्निंग** ऑफिसर के अनुसार देहरा में 2042 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं में से 889 ने फॉर्म 12 (डी) के माध्यम से होम वोटिंग का विकल्प चुना था। देहरा में निर्वाचन आयोग की दस टीमों ने 29 जून से 6 जुलाई तक होम वोटिंग का अभियान चलाया और 96 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का वोट डलवा कर नया कीर्तिमान रचा। इस दौरान 858 मतदाताओं ने होम वोटिंग का लाभ उठाया है, जिनमें 737 बुजुर्ग और 121 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

### कुल पांच प्रत्याशी हैं मैदान में

**देहरा** विधानसभा उपचुनाव के लिए पांच प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। 10 जुलाई को होने वाले मतदान में दो मुख्य दलों के प्रत्याशियों सहित तीन निर्दलीय उम्मीदवार जनता दरबार में अपना भाग्य अजमाएंगे। देहरा में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों में कांग्रेस की कमलेश ठाकुर, भाजपा के होशयार सिंह सहित तीन निर्दलीय प्रत्याशी सुलेखा देवी, अरूण अंकेश स्याल और संजय शर्मा शामिल हैं।

### 200 जवानों के हवाले सुरक्षा का जिम्मा

**डीएसपी** देहरा अनिल कुमार ने बताया कि देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा निरंतर फ्लैग मार्च निकालकर निर्भय होकर मतदान करने का संदेश दिया गया है। बकौल डीएसपी, देहरा में 200 जवान मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रत्येक सामान्य पोलिंग स्टेशन पर दो सुरक्षाकर्मी मोर्चे पर होंगे जबकि क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन पर 4 सुरक्षाकर्मी सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे। उन्होंने बताया कि क्रिटिकल पोलिंग स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान तैनात होंगे।

### 98 सामान्य और दो क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन

देहरा में कुल 100 मतदान केंद्रों में 98 सामान्य और दो क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन हैं। देहरा-1 और ढलियारा-2 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन की श्रेणी में रखा गया है। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि देहरा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए 86 स्थानों और 100 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग भी प्रस्तावित है।

### धवाला में सर्वाधिक, लुदरेट-1 में सबसे कम मतदाता

देहरा विधानसभा क्षेत्र के 63-ध्वाला मतदान केंद्र में सर्वाधिक 1345 मतदाता हैं। 1200 से अधिक वोटर्स वाले मतदान केंद्रों में करियाड़ा-2 में 1268, पाईसा-2 में 1235, रजोल में 1215, नंदपुर भटोली-1 में 1216 और हरिपुर-1 में 1203 मतदाता हैं। वहीं मतदान केंद्र लुदरेट-1 में सबसे कम 247 मतदाता वोट डालेंगे। इसके बाद मसोट में 307, धार में 347, भयाल में 374 और थला में 386 मतदाता हैं।

### 600 कर्मचारी चुनावी ड्यूटी पर तैनात

देहरा विधानसभा उपचुनावों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए लगभग 600 कर्मचारी चुनावी ड्यूटी पर तैनात है। एसडीएम ने बताया कि मतदान प्रक्रिया के लिए देहरा निर्वाचन क्षेत्र में दो सेक्टर मजिस्ट्रेट और 10 सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गए हैं। दस बूथ पर्यवेक्षक तथा 100 बीएलओ भी मौके पर तैनात हैं। चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण एवं पूर्वाभ्यास का कार्य किया जा चुका है और पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दी गई हैं। पोलिंग पार्टियों में 500 के करीब कर्मचारी चुनावी ड्यूटी पर लगाए गए हैं। इनमें सौ पीठासीन अधिकारी, दो सौ मतदान अधिकारी और 100 सहायक पीठासीन अधिकारी हैं। इनके अलावा रिसर्व में भी कुछ कर्मचारी रखे गए हैं।

### विधानसभा क्षेत्र में 42633 महिला और 43887 पुरुष मतदाता

**देहरा** में कुल 86520 मतदाताओं में से 42633 महिला और 43887 पुरुष मतदाता हैं। इन मतदाताओं में 1826 सर्विस वोटर्स भी शामिल हैं। इन चुनावों में पहली बार वोट डालने वाले 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 2047 है, इनमें 936 युवतियां और 1111 युवक हैं। वहीं, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 555 तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता 1487 हैं। बुजुर्ग मतदाताओं में भी 38 मतदाता ऐसे हैं, जो 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं।

## जमीर बेचने वाले अब लोगों को मारने की दे रहे धमकी: मल्ली

**शिवम शर्मा, परागपुर।** देहरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह लोकतंत्र की मर्यादा भूल चुके हैं। होशियार सिंह द्वारा सरकारी कर्मचारियों को गोली मारने की धमकी देना सरेआम गुंडागर्दी और बेहद शर्मनाक हरकत है। यह तीखा हमला प्रेस को जारी एक बयान में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव एवं मीडिया कॉओर्डिनेटर पुनीत मल्ली ने किया है। उन्होंने कहा कि देहरा से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ने पहले तो निर्दलीय विधायक पद से इस्तीफा देकर लोगों के भरोसे को तोड़ कर लोकतंत्र की हत्या की और अब भाजपा से टिकट लेकर लोगों को गोली मारने की धमकियां दे रहे हैं। होशियार सिंह कह रहे हैं कि अमित जी ने उन्हें सुरक्षा प्रदान की है और वह किसी को भी गोली मरवा सकते हैं। मल्ली ने मुख्यमंत्री और चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि वह इस मामले में सख्त कदम उठाएं। (अनंत ज्ञान)



## भाजपा का झंडा लगाने पर दुकानदारों को किया जा रहा प्रताड़ित : चक्षु

**अनंत ज्ञान टीम, देहरा/धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि सरकार ने चुनाव के नाम पर ठेकेदारों से भारी वसूली की है, अब कांग्रेस के लिए समर्थन मांग रहे हैं। भाजपा को समर्थन देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दे रहे हैं। सरकार उपचुनाव जीतने के लिए पूर्णतया तानाशाही पर उतर आई है। भाजपा के समर्थकों को परेशान करने के हर जतन कर रही है। दुकानों पर भारतीय जनता पार्टी के झंडे लटकाने पर दुकानदारों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें पुलिस द्वारा डराया-धमकाया जा रहा है। अब तक सिर्फ उपचुनाव वाले तीनों विधानसभा क्षेत्रों में हजारों दुकानदारों के यहां इसलिए छापा मारा गया, क्योंकि उन्होंने भाजपा का झंडा अपनी दुकानों पर लगाया हुआ था। इसी तरह से कर्मचारियों को भी निशाना बनाया जा रहा है।



## ठगी करने के आरोपी की तलाश में अमृतसर पहुंची मैक्लोडगंज पुलिस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पुलिस थाना मैकलोडगंज के तहत दुबई भेजने के नाम पर करीब एक करोड़ की ठगी के मामले में पुलिस टीम अमृतसर पहुंच गई है। संभावना है कि यहां से पुलिस की जांच को दिशा मिल पाएगी। हालांकि अभी इस मामले में कोई सफलता पुलिस को नहीं मिल पाई है। पुलिस सूत्रों की मानें तो जिस तरह से मैक्लोडगंज में आरोपी ने ठगी को अंजाम दिया है इसी तरह से वह अमृतसर में भी कई लोगों से ठगी कर चुका है।

पुलिस इस बात का पता लग रही है कि अमृतसर में भी उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज हुआ है या नहीं। लिहाजा पुलिस इन्हीं तथ्यों की पड़ताल करने के लिए अमृतसर पहुंची हुई है।मैक्लोडगंज में ठगी को अंजाम देने के बाद से आरोपी का मोबाइल भी बंद आ रहा है। सूत्रों की मानें तो उसने अमृतसर में भी कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। इसी बात की पुष्टि पुलिस अपनी जांच में करेगी, ताकि ठगी के शिकार हुए लोगों से मिलने वाली जानकारी के माध्यम से आरोपी तक पहुंचने में मदद मिल सके। उधर, इस बारे में जब धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि पुलिस टीम आरोपी की तलाश में अमृतसर गई है, ताकि जांच में मिलने वाली जानकारी के माध्यम से आरोपी तक पहुंचा जा सके। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## होशियार सिंह राजनीतिक रोटियां सेंकने का कर रहे काम : कांग्रेस

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

देहरा उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होना है।इसी बीच बीजेपी प्रत्याशी होशियार सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है कि उनका पीछा किया जा रहा है। उनपर नजर रखी जा रही है, सुक्खू सरकार ने गाड़ियां हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए पीछे लगाई हैं। इन सब बातों और वीडियो वायरल पर पलटवार करते हुए ज्वालामुखी विधायक संजय रत्न व आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने एक प्रेस वार्ता ज्वालामुखी में की और जवाब दिया। आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि होशियार सिंह दो बार देहरा से विधायक रहे पर विकासात्मक कार्यों की अनदेखी की देहरा की जनता उनसे दुखी है और जनता इसका कल मतदान में जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि होशियार सिंह वीडियो वायरल कर रहे हैं कि उनकी चेकिंग हो रही है उनका पीछा किया जा रहा है जब से वह चुनाव लड़ रहे हैं तब से एजेंसी उनका पीछा कर रही है। यादवेंद्र गोमा ने कहा कि होशियार सिंह को आज ही क्यों यह ध्यान में आया उन्होंने पहले क्यों नहीं कोई कदम उठाया। होशियर सिंह राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रहे हैं, अहंकार में बात कर रहे हैं और डरा धमका रहे हैं। यह उनको शोभा नहीं देता है। उन्होंने बताया कि इलेक्शन कमीशन का कार्य होता है वह चेकिंग करती है और हिमाचल प्रदेश में या कहीं भी चुनाव होते हैं तो उनकी एजेंसी के लोग सिविल ड्रेस में या पुलिस ड्रेस में सभी कार्यकर्ताओं, प्रत्याशियों और क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखते हैं ताकि चुनाव शांतिपूर्ण व गरिमापूर्ण संपन्ना हों। (अनंत ज्ञान)

## नाम कांग्रेस का और काम कर रही सरकारी मशीनरी : राजीव बिंदल

### बोले, दादागिरी कर रही सरकार, बांट रही पैसा और शराब

**शुभम शर्मा, देहरा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश में हो रहे तीन उपचुनावों को जीतने के लिए वर्तमान सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने पूरी सरकार को दांव पर लगा दिया है। हिमाचल प्रदेश की पूरी सरकार जगह-जगह बैठकर दादागिरी के साथ-साथ पैसे बांटने का काम, शराब बांटने का काम कर पूरी तरह से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। नाम कांग्रेस का है, काम सरकारी मशीनरी कर रही है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि देहरा की घटना जहां भाजपा उम्मीदवार होशियार सिंह के पीछे अनजान व्यक्ति लगातार असला लेकर चल रहे हैं जिससे हमारे उम्मीदवार की जान को खतरा है और पता नहीं किस समय किस प्रकार की वारदात कर बैठेंगे लेकिन मुख्यमंत्री को इस सब से कुछ लेना-देना नहीं है उनको तो चाहे धक्के से हो, जोर जबरदस्ती से हो, पैसे से हो, धनबल से हो, कैसे भी हो यह चुनाव जीतना है। उसके लिए चाहे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की जान पर बन आए। इस प्रकार से ये सत्ता का संपूर्ण दुरुपयोग करके चुनाव को हाईजैक करने का प्रयास कर रहे हैं। बिंदल ने देहरा, नालागढ़ व हमीरपुर के मतदाताओं से आग्रह किया है कि सरकार की धमकाई से, डर से, भय से लोकतंत्र की हत्या न करें। आपके सेवक के रूप में होशियार सिंह, आशीष शर्मा व केएल ठाकुर बेहतरीन उम्मीदवार है और सरकार को उनकी करनी का फल चुकाने का समय है। आप अपनी वोट की ताकत से सरकार को बाध्य करें कि वो जो झूठी गारंटियों का पहाड़ उन्होनें खड़ा किया है, उनका पूरा करें। (अनंत ज्ञान)



## अब फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में सेवाएं देंगे हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरनेक सिंह

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

घुटना रिप्लेसमेंट एवं हड्डी रोगों से संबंधित अन्य सर्जरिज जैसे ट्रॉमा केयर एवं स्पाइन सर्जरी के माहिर डॉ. गुरनेक सिंह ने फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में अपनी सेवाएं आरंभ कर दी हैं। इससे पहले डॉ. गुरनेक सिंह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज पटियाला में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे।

डॉ. गुरनेक सिंह ने कहा कि फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा एक मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल है, जहां हर बीमारी का उपचार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपचार की अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे मरीजों को जल्द स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है।

डॉ. गुरनेक सिंह ने कहा कि फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में फ्रैक्चर फिक्शेसन ऑर्थोस्कॉपी, लिगामेंट इंजरी, गठिया का इलाज, हाथों व पैरों के टेढ़ेपन का इलाज एवं किसी भी प्रकार के फ्रैक्चर का इलाज संभव है। डॉ. गुरनेक सिंह ने कहा कि फोर्टिस कांगड़ा में जटिल हड्डी रोगों का सफलतापूर्वक इलाज हो रहा है। फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के मैनेजमेंट रिप्रेजेंटेटिव दीपक लट्ठ ने कहा कि दो ऑर्थोपेडिशियन पहले से अस्पताल में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, अब डॉ. गुरनेक सिंह के ज्वाइन करने से ऑर्थो विभाग और भी सुदृढ़ हुआ है। दीपक लट्ठ ने कहा कि अस्पताल में हिमकेयर के तहत हर व्यक्ति का इलाज फ्री किया जा रहा है, जिसमें मरीज से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता और मरीज को इनडोर सुविधाएं निःशुल्क मुहैया करवाई जाती हैं। (अनंत ज्ञान)



## अवैध माइनिंग करने पर जेसीबी के मालिक से वसूला 50 हजार जुर्माना

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत चक्की दरिया में थाना डमटाल के अंतर्गत लगातार अवैध माइनिंग की जा रही है, जिसमें लगातार मोटे मुनाफे के चलते करीब 20, 25 जेसीबी मशीन आम लोगों ने खरीद कर चक्की दरिया में डमटाल मंदिर की भूमि पर अवैध खनन करके मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में सरेआम अवैध खनन की जा रही है।

जब के थाना डमटाल के 100 मीटर की दूरी पर सरेआम रात के अंधेरे में लगातार स्थानीय लोगों द्वारा जेसीबी के माध्यम से सरेआम अवैध खनन करके खनन सामग्री क्रशर वालों को दी जा रही है। हालांकि शिकायत मिलने पर पुलिस तथा खनन विभाग खाना पूर्ति करते हुए छोटा सा चालान करके इनको छोड़ दिया जाता है, परंतु यह धंधा लाखों करोड़ों रुपए का सरकार को चूना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। लगातार शिकायत मिलने पर थाना डमटाल के अंतर्गत ढांगू पीर पुलिस चौकी प्रभारी राजपाल ने डेर रात के अंधेरे में जब छापामारी की तब वहां पर एक की जेसीबी मशीन को अवैध खनन करते हुए पाया गया जिस पर उन्होंने कार्रवाई करते हुए जेसीबी के मालिक विजय कुमार पुत्र जनक राज को अवैध खनन करने पर 50000 रुपए का जुर्माना वसूला है। इसकी पुष्टि एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने की है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुल्याली
### विकास खंड नूरपुर , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

## निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुल्याली में वर्ष 2024-25 में करवाए जाने वाले विभिन्न मदों के अंतर्गत कार्यों के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मोहर बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

1. **निविदा प्रपत्र मिलने की तिथि :-** 19.07.2024 दोपहर 2 बजे (पंचायत कार्यालय)
2. **निविदा प्रपत्र जमा करवाने की तिथि:-** 20.07.2024 सुबह 11 बजे तक
3. **निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि:-** 20.07.2024 दोपहर 2 बजे तक (पंचायत कार्यालय)

निविदादाता के पास जी. एस. टी. नम्बर होना अनिवार्य है।

**प्रधान, ग्राम पंचायत सुल्याली,**
**विकास खंड नूरपुर, कांगड़ा (हि.प्र.)**

**पुरस्कार** | वित्त वर्ष 2023 -24 के लिए कायाकल्प कार्यक्रम का परिणाम घोषित

## कायाकल्प में कांगड़ा को मिले 64 लाख रुपए

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

वित्त वर्ष 2023 - 24 के लिए कायाकल्प कार्यक्रम का परिणाम घोषित कर दिया गया है। कायाकल्प प्रोग्राम में स्वच्छता एवं बेहतर सेवाओं के मानकों के तहत अस्पतालों का आकलन किया जाता है। इस कार्यक्रम में चार श्रेणियां होती है।

प्रथम श्रेणी में जिला अस्पताल एवं सिविल अस्पताल सम्मिलित होते हैं, द्वितीय श्रेणी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तृतीय श्रेणी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं चतुर्थ श्रेणी में हेल्थ वेलनेस सेंटर होते हैं। प्रथम श्रेणी में जिला अस्पताल धर्मशाला को द्वितीय पुरस्कार एवं 15 लाख की धनराशि, सिविल अस्पताल पालमपुर को 10 लाख की धनराशि का पुरस्कार मिला है।

द्वितीय श्रेणी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ ने प्रथम अवॉर्ड जीता है। इसमें बीड़ ने ईको फ्रेंडली थीम में भी पुरस्कार जीता है। बीड़ ने 12 लाख का पुरस्कार प्राप्त किया। इसी तरह तीसरी श्रेणी में पीएचसी सरिमोलग ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हेल्थ वेलनेस सेंटर थोड़ाब्लू, नूरपुर स्वास्थ्य खंड ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला कांगड़ा में कुल 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 44 हेल्थ वेलनेस केंद्रों ने यह पुरस्कार जीता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि जिला कांगड़ा को कुल 64 लाख रुपए मिले हैं। इन योजनाओं के तहत रोगी संतुष्टि के स्तर में भी सुधार आया है। (अनंत ज्ञान)



## बीएसएफ जवान ने पत्नी पर लगाया जहर देने का आरोप

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** बमियाल क्षेत्र के गांव पहाल के रहने वाले एक बीएसएफ जवान की छुट्टी पर आने होने के चलते अचानक तबीयत बिगड़ गई है। उसे परिवार सदस्य तुरंत सिविल अस्पताल पठानकोट की इमरजेंसी वार्ड में उपचार के लिए लेकर आए। बेसुध हुए जवान अश्विनी ने होश में आने के बाद थाना नरोट जैमल सिंह के अधीन आती चौकी बमियाल की पुलिस को बयान दर्ज करवाए और कहा कि उसकी पत्नी काजल का गांव के ही रहने वाले अभिषेक युवक के साथ नाजायज संबंध है। अश्विनी ने कहा कि 7 जुलाई को वह खेत में काम खत्म करके घर पहुंचा, तभी काजल ने अपने प्रेमी से मिलकर उसे खाने में कोई जहरीली वस्तु दी और उसकी खाना खाने के ठीक 45 मिनट बाद हालत बिगड़ गई। परिवार सदस्यों ने अश्विनी को बेसुध हालात में सिविल के इमरजेंसी वार्ड में उपचार के लिए भर्ती करवाया, जहां डाक्टरों की ओर से उसका उपचार किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**आप** जो करते हैं वह नगण्य होगा, लेकिन आपके लिए वह करना बहुत अहम है। **–महात्मा गांधी**

## संपादकीय

# कठुआ हमला कायराना हरकत

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जब से नई मोदी सरकार बनी है, तब से पाकिस्तान भारत में आतंकियों की घुसपैठ करवाकर हर महीने एक-दो आतंकी वारदतों को अंजाम दे रहा है। पाकिस्तान शायद इस वजह से भी चिढ़ा हुआ है कि मोदी सरकार के शपथ ग्रहण में उसे पिछली बार की भांति इस बार भी नहीं बुलाया है। भारत में आतंकी गतिविधियों में पाकिस्तान की संलिप्तता बहुत ही चिंता का विषय है और यह दोनों देशों के बीच जांच और राजनयिक तनाव का विषय रहा है। ऐसे कई उदाहरण हैं,उ जहां पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों, जैसे कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) पर भारत में हमले करने का आरोप लग रहता है, जिसमें 2008 के मुंबई हमले और 2019 के हमले तथा पुलवामा हमला शामिल है। इन हमलों में जान-माल की भारी क्षति हुई है।

भारत बार-बार पाकिस्तान पर इन आतंकवादी समूहों को समर्थन और सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने का आरोप लगाता रहता है, जिसका पाकिस्तान हमेशा की तरह खंडन करता रहता है। भारत सरकार ने इन गतिविधियों में पाकिस्तान की कथित संलिप्तता को उजागर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सबूत भी उपलब्ध कराए हैं। बावजूद इसके पाक प्रायोजित आतंकवाद पर लगाम नहीं लग रही है। संयुक्त राष्ट्र और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) जैसे संगठनों सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने पाकिस्तान पर अपनी सीमाओं के भीतर सक्रिय आतंकवादी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दबाव बनाने के लिए कदम उठाए हैं। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि स्थिति जटिल है और आतंकवाद के मुद्दे पर अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। भारत में आतंकवादी गतिविधियों में पाकिस्तान की भागीदारी की सीमा निर्धारित करने के लिए इन आरोपों की व्यापक और निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान का कथित एजेंडे में कश्मीर में विभिन्न आतंकवादी समूहों का समर्थन करना है। खालिस्तानी आतंकवादियों का समर्थन करना और उन्हें सुरक्षित आश्रय, प्रशिक्षण और हथियार प्रदान करना तथा सिख अलगाववाद को बढ़ावा देकर भारत को अस्थिर करना पाकिस्तान का उद्देश्य रहता है। कश्मीर क्षेत्र पर भारत के नियंत्रण को चुनौती देना तो जैसे पाकिस्तान की आदत में शुमार हो चुका है, जिससे घाटी में दशकों तक हिंसा और अशांति रही। आतंकवादियों का मुख्य उद्देश्य होता है कि वे कैसे भारत में आतंकवाद को धार्मिक रंग दें। कश्मीरियों को पाकिस्तान से दिक्कत है, लेकिन उन्हें समझाने वाला कोई नहीं है। आतंकवादी रात के अंधेरे में बॉर्डर क्रॉस कर भारतीय सीमा में घुस आते हैं। दरअसल, पाकिस्तान ने कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देकर भारत के साथ छद्म युद्ध छेड़ रखा है।

जम्मू के कठुआ में उत्तराखंड के पांच जवान शहीद हो गए हैं। कठुआ जिले में गश्त पर निकले दो सैन्य वाहनों पर घात लगाकर हमला करना वाकई कायराना और शर्मनाक हरकत है, जिसकी जितनी ज्यादा भर्त्सना की जाए कम है। आतंकियों ने कठुआ के पहाड़ी क्षेत्र में घनी धुंध का फायदा उठाया। आतंकियों ने पहले ग्रेनेड दागा और फिर ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कुछ ही देर में आतंकियों को घेर लिया और दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। कठुआ का लोहाई मल्हार क्षेत्र 1990 से 2004 तक आतंकियों का बड़ा केंद्र रहा है। सीमा पार से घुसपैठ के लिए यह पुराना ठिकाना माना जाता है।

आतंकी हीरानगर से बिलावर के रामकोट के रास्ते लोहाई मल्हार, आगे ऊधमपुर जिला के खनोड़, गोरड़ी जाते थे। फिर वहां से डोडा, किश्तवाड़ से कश्मीर जाने का भी आतंकियों का यह पुराना रास्ता रहा है। यहां आतंकी ठिकाना बनाकर रहते हैं। हालांकि 2007 में यहां से आतंकियों का सफाया हो गया था, लेकिन अब फिर इस इलाके में आतंकियों के सक्रिय होने से खुफिया एजेंसियों के हाथ-पांव फूल गए हैं। सेना को अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। कठुआ हमले से सबक लेते हुए भविष्य के लिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करने होंगे तथा जनमानस में सरकार के प्रति विश्वास पैदा होगा वरना उनमें भय का माहौल बना रहेगा। खैर, उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में जम्मू-कश्मीर में पनप रहे आतंकवाद का समूल नाश हो जाएगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध गीतकार और शायर

असद भोपाली हिंदी सिनेमा के गीतकार और शायर थे। उन्हें ऐसे गीतकार में शुमार किया जाता है, जिन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में 40 साल तक का लंबा संघर्ष किया। उन्हें फिल्म 'मैंने प्यार किया' के लिए लिखे गीत 'कबूतर जा जा जा' के लिए प्रतिष्ठित फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। असद भोपाली भोपाल में पैदा हुए थे। उनका वास्तविक नाम असदुल्लाह खान था। उनके पिता मुंशी अहमद खां भोपाल के आदरणीय व्यक्तियों में शुमार थे। वह एक शिक्षक थे और बच्चों को अरबी-फारसी पढ़ाया करते थे। पूर्व राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा भी उनके शिष्यों में से एक थे। वहघर में ही बच्चों को पढ़ाया करते थे, इसीलिए असद भी अरबी-फारसी के साथ-साथ उर्दू में भी महारत हासिल कर पाए, जो उनकी शायरी और गीतों में हमेशा झलकती रही। 1940 के अंतिम दौर में मशहूर फिल्म निर्माता फजली ब्रदर्स 'दुनिया' नामक फिल्म बना रहे थे। फिल्म के गीत मशहूर शायर आरजू लखनवी लिख रहे थे, लेकिन दो गीत लिखने के बाद वे पाकिस्तान चले गए। इस कारण फजली बंधु और निदेशक एसएफ हसनैन लगातार नए गीतकार की तलाश कर रहे थे। इसी मकसद से उन्होंने 5 मई, 1949 को भोपाल टॉकिज में मुशायरे का आयोजन किया। असद भोपाली ने भी उसमें भाग लिया और अपने कलाम से महफिल लूट ली, साथ ही फजली बंधुओं का दिल भी। फिर क्या था, अगले दिन उन्हें एडवांस देकर फिल्म 'दुनिया' के लिए बतौर गीतकार साइन कर लिया गया। उनके 'दिल दीवाना बिन सजना के माने ना', 'कबूतर जा जा जा', 'हम तुम से जुदा होकर' प्रमुख गीत से थे। ■



**असद भोपाली**
**जन्म :** 10 जुलाई, 1921
**मृत्यु :** 9 जून, 1990

## अपनी बात

**हर रोज ऑनलाइन** बैंक फ्रॉड की कई घटनाएं सुनने को मिलती हैं, जिनमें लोगों को जरा सी असावधानी के कारण बड़ा नुकसान झेलना पड़ता है। इस तरह के फ्रॉड को ज्यादातर ऑनलाइन ही अंजाम दिया जाता है, इसलिए अपराधी तक पहुंचना भी काफी चुनौती भरा होता है। जिन लोगों के साथ इस तरह की घटनाएं होती हैं, उनमें से ज्यादातर लोगों ने खुद ही कोई न कोई गलती या लापरवाही की होती है, जब तक आपकी निजी डिटेल्स किसी के पास नहीं पहुंचती है, तब तक फ्रॉड को अंजाम देना मुश्किल होता है, ऐसे में अगर आप ऑनलाइन फ्रॉड से बचना चाहते हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। आपकी पर्सनल जानकारी के बिना बैंकिंग फ्रॉड को अंजाम देना बहुत मुश्किल होता है, ऐसे में आपको अपनी पर्सनल जानकारी जैसे क्रेडिट कार्ड नंबर, यूपीआई पिन आदि की जानकारी गोपनीय रखनी चाहिए। इस तरह की जानकारी किसी को न दें क्योंकि बैंक या वित्तीय कंपनियां आपसे ये जानकारी कभी नहीं मांगती हैं, इसलिए सतर्क रहें। **–जगदीश चंद, जसौर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# मोबाइल रिचार्ज : बेतहाशा बृद्धि न्यायसंगत नहीं

इंटरनेट चलाने की आदत ऐसी की व्यक्ति सदैव उसमें कुछ न कुछ सर्च करता ही रहता है। अगर यूं कहें की इंटरनेट चलाने का तलवगार व्यक्ति फिलहाल भोजन छोड़ सकता है, मगर उसे चलाना नहीं, ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। दूरसंचार कंपनियों ने लोगों को मुफ्त सिम कार्ड इंटरनेट मुहैया करवाकर उन्हें सोशल मीडिया चलाने का मरीज बनाया है। सरकारों का दूरसंचार कंपनियों पर कोई अंकुश न होने कारण ही वे आए दिन अपनी मनमर्जी से इंटरनेट के दाम कई गुणा बृद्धि करके लोगों की जेब खाली करने में लगी हैं। 90 दिन का पैकेज 84 दिन का क्यों बनाया गया, उपभोक्ताओं की समझ से बाहर है। गूगल क्रोम पहले ही अपनी कुछेक एप्लीकेशन अब पेड बनाए जाना का दावा कर चुका है। फेसबुक पर टेरपी बढ़ाने के लिए भी जनता को अब खर्च करना पड़ेगा।

सोशल मीडिया में वीडियो रील के जरिए अपने फालोअर बढ़ाने के लिए लोग अपनी जिंदगी दाव पर लगाने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। अपनी मर्यादाओं को लांघकर भी लोग दिन-रात अपने फॉलोअर बढ़ाने में मशगूल हैं। फॉलोअर की संख्या जितनी अधिक होगी, उसका आईडी धारक को आर्थिक लाभ मिलता है। ठीक यही बजह है कि सोशल मीडिया के दीवाने कहीं भी वीडियो रील बनाने में पीछे नहीं हटते हैं। कुल मिलाकर सोशल मीडिया चलाना भी अब महंगा बनता जा रहा है। महंगाई के दौर में गरीब जनता अब पेट भरने के लिए आटा खरीदे या इंटरनेट डाटा, बड़ा सवाल है। दूरसंचार कंपनियों ने अपने इंटरनेट डाटा बिलों में 25 प्रतिशत तक अधिक बढ़ोतरी करके आम जनमानस की जेब ढीली करने का खाका बनाया है। 3 तीन जुलाई से जनता को इंटरनेट डाटा कई गुणा महंगी दरों पर मिलना शुरू हो गया है। इंटरनेट कंपनियों ने जनता को मुफ्त में डाटा सिम बांटकर उन्हें इस कदर अपने मकड़जाल में फंसाया कि अब हर कोई स्मार्ट मोबाइल फोन का दीवाना है। घरों में लगभग सभी स्मार्ट मोबाइल फोन में इंटरनेट डाटा पैकेज लेना लोगों की मजबूरी बन चुकी है। जनता की इस मजबूरी का दूरसंचार कंपनियां पूरा लाभ उठा रही हैं।



**सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

दूरसंचार क्रांति ने पूरे विश्व को माला के मनके की तरह आपस में एक-दूसरे से परोकर रखा है। व्यक्ति अन्य देशों में कहीं भी अपने सगे संबंधियों से स्मार्ट मोबाइल फोन पर वार्तालाप कर सकता है। एक समय ऐसा भी रहा था कि कबूतर संदेशवाहक की अहम भूमिका अदा करते थे। आधुनिकता की चकाचौंध रोशनी में लोगों का रहन-सहन, खान-पान सब कुछ बदलता जा रहा है। दूरसंचार कंपनियों द्वारा अचानक इंटरनेट डाटा पैकेज कई गुणा अधिक महंगा करना न्यायसंगत नहीं है। दूरसंचार कंपनियों द्वारा दिए जा रहे इंटरनेट डाटा पैकेज से जनता कितना खुश नजर आती है, इसका मंथन होना चाहिए? उपभोक्ताओं को 4जी इंटरनेट डाटा का पैकज देकर स्मार्ट मोबाइल फोन में सिंग्नल 2जी भी कभी कभार आए तो यह धोखाधड़ी है। दूरसंचार कंपनियों द्वारा 28 दिन का पैकज दिए जाने के पीछे भी जनता को इसका लॉजिक समझ नहीं आता है। स्मार्ट मोबाइल फोन चलाते समय कई कंपनियों का विज्ञापन अनेक बार आता है, जिसके चलते उपभोक्ताओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है, जिसमें कुछेक स्थानों पर दूरसंचार कंपनियों का सिग्नल हवा के झोंके के समान आता है। अक्सर उपभोक्ता अपना सिम कार्ड यह सोचकर दूसरी कंपनियों का बदलते हैं कि उन्हें सिग्नल समस्या से निजात मिल जाएगी। हिमाचल प्रदेश में हालात ऐसे हैं कि एक साधारण मोबाइल फोन पर भी दूर संचार कंपनियों का सिग्नल पर्याप्त नहीं आता है। सरकारी विभागों, बैंकों, उचित मूल्य की दुकान, निजी कंपनियों और आम जन मानस को इसका खामियाजा भगतना पड़ता है। दूरसंचार कंपनियां रेबड़ियों की तरह अपना इंटरनेट डाटा पैकेज जनता को बेचकर मालामाल बनती जा रही हैं। उपभोक्ताओं के स्मार्टफोन में उपयुक्त सिग्नल भी आए, इसमें बहुत अधिक सुधार करने की जरूरत है। पहाड़ी राज्य में दूरसंचार कंपनियों के टावर उपयुक्त न लगाए जाने कारण खराब सिग्नल की समस्या हमेशा रहती है। पूर्व केंद्र सरकार ने 80 लाख फर्जी व्हाट्सऐप चलाने वालों के अकाउंट बंद किए हैं। सरकार की पहल के चलते अब मोबाइल फोन चलाने वाले का नाम भी स्क्रीन पर आना शुरू होगा। कुछेक दूरसंचार कंपनियों के डीलरों ने सिम कार्ड नियमों को ताक पर रखकर बेचे हैं, नतीजन हिमाचल प्रदेश में फर्जीवाड़े के मामले भी सामने आए हैं। हिमाचल पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड बेचने वालों के खिलाफ शिकंजा कसने का अभियान भी छेड़ा था।

अब एक व्यक्ति सरकार द्वारा तय मानकों अनुसार कुछेक मोबाइल सिम कार्ड ही खरीद पाएगा। आजकल इंटरनेट फ्रॉड की घटनाओं में वृद्धि हो रही है और पुलिस के लिए यह बड़ी समस्या बन चुकी है। हैकर बड़ी चालाकी से लोगों के बैंक डिटेल जानकर उनके खाते खाली करने में कामयाब हो रहे हैं। मोबाइल सिम कार्ड के जरिए किए जा रहे इस फर्जीवाड़े में दूरसंचार कंपनियां भी बहुत दोषी हैं। बिना पुख्ता पहचान पत्र लिए किसी को मोबाइल सिम कार्ड बेचना भी गैर कानूनी है। फर्जी फोन काल कारण आजकल लोग बहुत परेशान हैं। हैकर्स ने बंद कमरों में बैठकर फर्जी सिम कार्ड के जरिए लोगों को दिन-रात लूटने का काम शुरू कर रखा है। फर्जी सिम कार्ड नंबर से लोगों ने फेसबुक आईडी बना रखी हैं, जो दिन-रात जनता को ठगने का काम करते हैं। सोशल मीडिया का आजकल सदुपयोग कम, दुरपयोग ज्यादा किया जा रहा है।

कोरोना वायरस काल दौरान छात्रों की पढ़ाई ऑनलाइन जारी रखने से युवा पीढ़ी स्मार्ट मोबाइल फोन की दीवानी है। युवक, युवतियां प्रेम प्रसंग में पढ़कर आत्महत्याएं तक किए जाने से गुरेज नहीं कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश में पिछले दो वर्षों में हत्या, आत्महत्याओं के मामलों में वृद्धि होना स्मार्ट मोबाइल फोन का गलत इस्तेमाल किया जाना बड़ा कारण माना जा सकता है। युवा पीढ़ी में निराशा, हताशा, चिड़चड़ापन, गुसैल और जिद्दीपन आने के पीछे अभिभावकों, अध्यापकों की कमजोरी है। अविभाबक बच्चों में संस्कार, नैतिक मूल्य भरने में नाकाम हैं। आजकल बच्चों का जीवन बहुत आरामदेय हैं, मगर वे सबसे अधिक तनावग्रस्त नजर आते हैं। बच्चों को अभिभावकों से अपनापन नहीं मिल पा रहा और वह लक्ष्यहीनता की ओर अग्रसर हैं। स्कूलों में अध्यापक सिर्फ किताबें पढ़ाने तक ही सीमित होकर रह गए हैं। बच्चों का संपूर्ण विकास कैसे संभव हो, इस पर फोकस करने की अभिभावकों और अध्यापकों को अधिक जरूरत है। युवा पीढ़ी के हाथों से स्मार्ट मोबाइल फोन का अधिक चलन नहीं रोका गया तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सभी को भुगतने होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# साधारण नहीं थे भारत पर हुए मध्यकाल के आक्रमण

भारत पर हुए मध्यकाल के आक्रमण साधारण नहीं थे। हमलावरों का उद्देश्य धन संपत्ति के साथ स्त्री और बच्चों का हरण भी रहा, जिन्हें वे भारी अत्याचार के साथ गुलामों के बाजार में बेचते थे। इससे बचने के लिए भारत की हजारों वीरांगनाओं ने अपने बच्चों के साथ जल और अग्नि में कूदकर अपने स्वत्व और स्वाभिमान की रक्षा की। ऐसा ही एक जौहर रणथंबोर में 9 जुलाई, 1301 से आरंभ हुआ, जो तीन दिन चला। इस जौहर में राणा हमीर देव की रानी रंगा देवी ने अपनी पुत्री पद्मा के साथ जौहर किया था। उनके साथ बारह हजार अन्य स्त्री एवं बच्चों ने जल और अग्नि में कूदकर अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।

**लेखक : रमेश शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

रानी रंगादेवी चित्तौड़ की राजकुमारी थीं और रणथंबोर के इतिहास प्रसिद्ध राजा हमीरदेव को ब्याहीं थीं। रणथंबोर का यह राज परिवार पृथ्वीराज चौहान का वंशज माना जाता है। मोहम्मद गौरी के हमले से दिल्ली के पतन के बाद उनके एक पुत्र ने रणथंबोर में राज स्थापित कर लिया था। इसी वंश में आगे चलकर 7 जुलाई, 1272 को हमीरदेव चौहान का जन्म हुआ था। उनके पिता राजा जेत्रसिंह चौहान ने भी दिल्ली सल्तन के अनेक आक्रमण झेले थे, लेकिन रणथंबोर किले की रचना ऐसी थी कि हमलावर सफल न हो पाए। लगातार हमलों से राजपूताने की महिलाएं भी आत्म रक्षा के लिये शस्त्र संचालन सीखती थीं।

हमीरदेव की की माता हीरा देवी भी युद्ध कला में प्रवीण थीं। परिवार की पृष्ठभूमि ही कुछ ऐसी थी कि हमीर देव ने कभी स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उन्होंने अपने जीवन में कुल 17 युद्ध लड़े थे और 16 युद्ध जीते। जिस अंतिम युद्ध में उनकी पराजय हुई, उसी में उनका बलिदान हुआ। 1301 में अलाउद्दीन ने रणथंबोर पर धावा बोला, तब हमीर देव एक धार्मिक आयोजन में व्यस्त थे और उन्होंने अपने इन्ही दोनों सेनापतियों को युद्ध में भेजा, लेकिन दोनों के मन में विश्वासघात आ गया था। इनके अलाउद्दीन से मिल जाने से रणथंबोर की सेना कमजोर हुई। तब किले के दरबाजे बंद कर लिए गए, पर किले के भीतर गद्दार थे। रसद सामग्री में विष मिला दिया गया। किले के भीतर भोजन की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई। इस विष मिलाने के संदर्भ में अलग-अलग इतिहासकारों के मत अलग हैं। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि मोहम्मद खान और कुबलू खान की कारस्तानी थी, जबकि कुछ रणमत और रतिपाल का विश्वासघात मानते हैं। विवश होकर हमीरदेव ने केशरिया बाना पहन कर साका करने का निर्णय लिया और किले के भीतर सभी महिलाओं ने रानी रंगा देवी के नेतृत्व जौहर करने का निर्णय हुआ।

यह जौहर 9 जुलाई से आरंभ हुआ जो तीन दिन चला। यह जौहर दोनों प्रकार का हुआ अग्नि जौहर भी और जल जौहर भी। तीसरे दिन 11 जुलाई 1301 को रानी रंगादेवी ने अपनी बेटी पद्मला के साथ जल समाधि ली। राजा हमीर देव 11 जुलाई को केशरिया बाना पहनकर निकले और बलिदान हुए। इस जौहर में कुल बारह हजार वीरांगनाओं ने अपने स्वत्व रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर कर दिए। यह राजस्थान का पहला बड़ा जौहर माना जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



### प्रेरणा की उड़ान

विजय कुमार
जेबीटी टीचर

*बच्चों तुम हो हमारे जीवन का आधार,*
*तुम्हारे सपनों में है नई सुबह का संसार।*
*मेहनत और लगन से कभी न हटना,*
*हर मुश्किल राह को हंसकर ही काटना।*
*ज्ञान की रोशनी से तुम चमकते रहो,*
*सपनों की ऊंचाइयों तक तुम बढ़ते रहो।*
*हर दिन नई उम्मीदों से भरा हो,*
*हर पल में तुम्हारा आत्मविश्वास खरा हो।*
*हार को गले कभी न लगाना,*
*सपनों को कभी मत छोड़ना।*
*हर मुश्किल को अवसर मानना,*
*सफलता की ओर हर कदम बढ़ाना।*
*खेलों, कूदो, हंसो और गाओ,*
*जीवन का हर पल तुम जीभर जी जाओ।*
*सपनों को पंख दो, उड़ने का प्रयास करो,*
*हर दिन कुछ नया सीखने का संकल्प लो।*
*दुनिया भी तुम्हारा साथ होगी,*
*जब तुम अपने हौसलों की पहचान करोगे।*

# मां की पीड़ा, ममता , त्याग, समर्पण का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता

'मां' की महिमा का बखान हमारे धर्मशास्त्रों, वेद पुराणों और मानव जाति के उत्थान के साथ-साथ इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में उल्लेखित है। इनमें मां के अद्वितीय गुणों का अतुलनीय सार मिलता है, इसलिए कहा जाता है कि मां की पीड़ा, ममता ,त्याग, समर्पण का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता है। मां और प्रकृति दोनों इस दुनिया में न जाने कितनी सौगातें बांटते हैं। मां वह आदि शक्ति है जो हमारे अस्तित्व से पहले ही अपने गर्भ में एहसास से शिशु को समझना शुरू कर देती है। आंखें खुलते ही जो असहनीय दर्द को झेलने के बाद मुस्कुराहट भरा चेहरा नजर आता है, वह मां का ही होता है।

मां शब्द में प्यार, शीतलता, त्याग, सहनशीलता समाये हुए हैं। इस धरती पर अगर ईश्वर की सबसे खूबसूरत रचना कोई है तो वह मां है। जब हम जन्म लेते हैं तो अपने आप से बेखबर होते हैं। मां हमारा परिचय हमसे करवाती है अर्थात हमें हमसे मिलाने वाली आदिशक्ति कोई और नहीं मां ही होती हैं। यूं तो माता-पिता बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु प्रारंभिक बाल्यावस्था के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता की महत्वपूर्ण भूमिका को महत्व देने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने 'पहली शिक्षक मां' कार्यक्रम का शुभारंभ 13 दिसंबर 2023 को किया। प्रदेश में मंडी जिला के सुंदरनगर से कार्यक्रम का 'पहली शिक्षक मा' पुस्तक के विमोचन के साथ किया जा चुका है। प्रदेश भर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्री प्राइमरी कक्षाओं के लिए कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य माता को घर पर ही बच्चों के सर्वांगीण विकास में नितांत आवश्यक विकासात्मक गतिविधियां करने में सक्षम बनाना है। प्रारंभिक बाल्यावस्था, देखभाल एवं शिक्षा के अंतर्गत प्री-प्राइमरी कक्षाओं में बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु 'पहली शिक्षक मां' कार्यक्रम की शुरुआत बुनियादी शिक्षा के लिए पहला महत्वपूर्ण कदम है।



**लेखिका : ममता चंदेल**
जेबीटी अध्यापिका, झरेड़ी

कार्यक्रम के तहत स्कूल में माताओं की मासिक बैठकें सुनिश्चित की जा रही हैं। मंगलवार और शुक्रवार को छोटे बच्चों के लिए एक रुचिकर, शिक्षाप्रद और नाटकीय रूपांतरण योग्य कहानियां व गतिविधियां साझा की जा रही है। क्योंकिकार्यक्रम के साथ बच्चों का भविष्य जुड़ा है इसलिए माताओं को बच्चों के साथ घर पर विकासात्मक, शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक ,भावनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियां करने के लिए सक्षम बनाना है।

इसके अलावा स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पोषण से संबंधित आवश्यकताओं के लिए जागरूक करने तथा बच्चों को स्कूल के वातावरण से परिचित करवाने में शिक्षकों की सहायता के लिए माताओं को समर्थ बनाना है। गतिविधियों पर आधारित वेबीनार, सेमिनार का आयोजन करना इस कार्यक्रम का केंद्र बिंदु है । प्रत्येक माह के प्रत्येक चौथे शनिवार को प्री-प्राइमरी कार्यक्रम में माताओं के साथ मासिक बैठक का आयोजन अध्यापकों के साथ समन्वय व बच्चे के मनोविज्ञान का आंकलन करने की उत्कृष्ट पहल है। वहीं बैठक में गुणवत्ता लाने के लिए अध्यापक की सहायता हेतु बैठक एजेंडा कार्ड और वर्कशीट साझा की जा रही है। अध्यापक द्वारा स्कूल स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों के दौरान माताओं के साथ विभिन्न गतिविधियां करवाने के लिए अपेक्षित मार्गदर्शन किया जाता है। समय-समय पर राज्य व जिला समन्वयक द्वारा साझा किए जाने वाले निर्देश प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। समग्र शिक्षा के आंकड़ों अनुसार वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 10623 सरकारी प्राइमरी स्कूल पहली से पांचवीं कक्षा तक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं ।

सरकार ने प्री- प्राइमरी के महत्व को समझते हुए शुरुआती तौर पर सत्र 2018-19 में प्रदेश भर में 3391 प्री-प्राइमरी स्कूल खोले हैं । वर्ष 2019-20 में 349 व 2020-21 में 100 और नए प्री-प्राइमरी स्कूल खोलने के साथ-साथ इनकी संख्या 3840 हो गई। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में प्री- प्राइमरी स्कूलों की संख्या 6031 है। इन कक्षाओं के चलाए जाने से अभिभावकों का सरकारी स्कूलों के प्रति रुझान बढ़ा है।

निसंदेह शिक्षकों का बाल मनोविज्ञान और विकास की गतिविधियों पर आधारित प्रभावी शिक्षण व स्कूलों में बच्चों की माताओं के साथ की जाने वाली विभिन्न रोचक व शिक्षणोपयोगी गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो रहा है। प्री-प्राइमरी बच्चों के लिए आदर्श कक्षा-कक्ष के तहत बैठने की उपयुक्त व्यवस्था व सर्वांगीण विकास के लिए पठन-पाठन, खेल सामग्री व स्वच्छता सुरक्षा एवं अन्य आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान सोने पर सुहागा हैं। प्री-प्राइमरी कक्षाओं के लिए निर्धारित लर्निंग आउटकम्स जैसे शारीरिक विकास, कूदना, दौड़ना, कागज मोड़ना, एक दूसरे को पकड़ना, चित्र बनाना, रंग भरना आदि से कोमल मांसपेशियों का विकास भविष्य में स्वस्थ नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं राष्ट्रीय भाषा हिंदी के विकास के लिए, कहानी, कविता, चित्र वाचन, अक्षर पढ़ना, ध्वनि खेल जैसी व्यवहारिक गतिविधियां इस स्तर पर उठाया गया एक कदम भी अहम है। रचनात्मक विकास के लिए चित्रकला, क्ले मॉडलिंग, बौद्धिक विकास ज्ञानेंद्रियों का विकास ,मिलान करना ,वर्गीकरण करना के साथ सामाजिक और भावनात्मक विकास समूह में गतिविधियां करना सामूहिक व समग्र विकास का प्रयोगात्मक व व्यवहारिक रूप है।

अंततः यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इस धरती पर मां हमारी पहली गुरु, पहला प्यार, पहली मार्गदर्शक होती हैं , जो सुकून मां के आंचल में शिशु ने पाया, एक बच्चे ने महसूस किया उस आनंद के आगे इस दुनिया की सारी भौतिक वस्तुएं शून्य के बराबर हैं। अतः मां की महता को स्वीकार करते हुए स्कूलों में पहली शिक्षक मां जैसे कार्यक्रम शुरू करना बच्चों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए सराहनीय कदम है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# असभ्य संस्कृति से महिलाओं में किया जा रहा खौफ पैदा

'तेरे मेरे बीच में कैसा है यह बंधन अनजाना, मैंने नहीं जाना तूने नहीं जाना' फिल्म 'एक दूजे के लिए' का यह गीत किसी ने न गाया या सुना न हो, कहना मुश्किल है। इसके साथ ही सपना और वासु जैसे नामों का दीवारों पर लिखा जाना भी कुछ कम नहीं था, बल्कि कुछ प्रेमी युवक-युवतियों ने अपने नाम तक कुछ-कुछ ऐसे ही रखना आरंभ कर दिए थे, जैसे वासु लव सपना। फिल्मों में हमने देखे हैं पेड़ों की छाल काटकर नायक नायिकाओं द्वारा अपने नाम लिखे जाने के दृश्य। इससे स्पष्ट पता चलता है कि हमने वृक्षों के जिस्म और दीवारों की चमड़ी पर अपने नाम लिख-लिखकर बहुत जख्म और दर्द दिए है इन्हें। हमने अपनी मुहब्बत का इजहार करने का यह नया तरीका जो फिल्मों से सीखा वह कितना नुकसानदेह हो सकता है, शायद हम नहीं जानते हैं।

यहां यह कहना भी सरासर गलत है कि यह सब करना हमने फिल्मों से ही सीखा है। हमारी संगत और संस्कारों में भी तो ऐसा ही कुछ हमें मिल सकता है। दीवारों पर अच्छी बातों के लिखे जाने का चलन तो पुरातन समय से रहा ही है, इसमें कोई दोराय नहीं है, लेकिन आम शौचालयों, प्राचीन ऐतिहासिक मकबरों, इमारतों, मंदिरों, स्मारकों, कॉलेज, स्कूलों की दीवारों पर अपने नाम और बेहूदे संदेश लिखने की हमें आदतें भी कुछ नई नहीं हैं। हम वर्षों से आदी हैं ऊल-जलूल लिखकर और मन ही मन प्रसन्न होने के। गांव में भले ही खुले में शौच जाने का सदियों तक पुराना चलन रहा है, जो अब नहीं है, लेकिन कस्बों, नगरों और शहरी क्षेत्रों में नगर निगम निकायों या फिर नगर परिषद जैसे उपक्रमों द्वारा बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों में अनेक तरह के बेहूदा अल्फाज लिखे जाने की सीमा अंतहीन रही है। शौचालयों के अंदर की दीवारें अनगिनत बेहया और अश्लील बातों से लिखी रहती हैं, जो आम आदमी को शर्मसार करती हैं। कई तरह की अश्लीलता और गालियां लिखी होने के साथ-साथ ही हमें अक्सर दीवारों पर अनगिनत दूरभाष नंबर भी लिखे मिलते हैं।



**लेखक : राजेंद्र पालमपुरी**
वरिष्ठ साहित्यकार, हिप्र

हैरत की बात तो यह है कि ऐसे असामाजिक और आपराधिक प्रवृत्ति के शरारती लोग शौचालयों में बड़े आराम से बैठे ऐसी औछी हरकतें करते हैं। समझ में नहीं आता कि आखिर ऐसा करके बह खुद से शर्मसार या फिर अपने अंदर के इंसान से ही सामना कैसे करते होंगे। हम यह भी नहीं समझते कि किसी का भी नाम, पता या फिर फोन नंबर लिखने से किसी घर की बेटी बहू या फिर बहन पर क्या गुजरती होगी। जब बिना बजह उसे घर बैठे-बैठे अनजान लोगों के फोन पर अश्लील संदेश और फोन किए जाते हैं ।

जरा भर या फिर इतना भर सोच कर देखें कि अगर हमारे घरों की बेटियों, बहुओं या बहनों को ऐसे बेहूदा लोगों के फोन या संदेश आएं तो क्या हो। आम भारतीय परिवारों में भले ही वे किसी भी धर्म, जाति वर्ग या फिर समुदायों से हों, अपनी बहू बेटियों की इज्जत की इस तरह धज्जियां उड़ते नहीं देख सकते हैं। अक्सर अजनवी फोन आने से वैसे भी महिलाएं परेशान हो जाती हैं। अनेक बार तो वे कभी भी इन औछी बारदातों या घटनाओं का जिक्र अपने घर के सदस्यों से भी नहीं करतीं जबकि ऐसा करके वे अपने ही पैरों पर खुद ही कुल्हाड़ी मारने जैसा काम करके अश्लील हरकतें करते और बेहूदगी भरे फोन कॉल्ज और संदेश देते लोगों के हौसले बुलंद करने में सहायक बनती हैं ।

वैसे मोबाइल का दौर आने से बहुत पहले हमारे घरों में लैंडलाइन टर्नटर्न करते फोन ही हुआ करते थे, यह हम सब जानते हैं और फोन की घंटी बजते ही घर का जो भी सदस्य इसके करीब या नजदीक होता है, वही फोन सुन लिया करता था। हां यह बात अलग होती कि देर तक घंटी बजते रहने और फोन से किसी दूसरी जगह पर होते हुए हम कह दिया करते थे 'भई जरा फोन तो उठाए कोई और फिर हममें से कोई भी फोन का रिसीवर कान से लगा लेता, ऐसे वक्त में अगर तो फोन का रिसिवर जिसने उठाया हो, उसी युवती या महिला का नाम लेकर बात शुरू करता हो कोई अजनवी तब तो बात कभी कभार आई गई हो भी जाती लेकिन यदि अविवाहित लड़की के अभिभावकों या किसी शादीशुदा स्त्री के घर के सदस्यों ने वही फोन सुना हो तो बात का बतंगड़ बनते हुए देर नहीं लगती थी। जबकि बात कुछ भी नहीं होती है लेकिन बजाय प्रशासन या पुलिस की सहायता लेने के हम अपनी ही बेटी या बहु को शक की नजरों से ही देखते हैं, जबकि हमारी बेटियों और बहुओं को ऐसे वक्त में हमारी मदद की बेहद जरूरत रहती है ।

कई बार तो बिना बजह के ऐसे पैदा हुए शक अच्छे भले घरों को बर्बाद करने भर के लिए काफी होते हैं और ऐसे में बिना बजह आती फोन कॉल्ज को गंभीरता से लेना चाहिए। यह भी जरूरी हो जाता है कि महिलाएं, स्त्रियां और नवयुवतियां ऐसे फोनज के बारे में तुरंत अपने करीबी और संबंधियों को बताएं, ताकि आने वाले किसी भयानक परिणाम से पहले ही ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सबक सिखाए जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पहली बार होगा तीन दिवसीय 'माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव'

## 14 से 16 सितंबर तक होगा आयोजन, उपायुक्त बोले-महोत्सव को बनाएंगे यादगार

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश में धार्मिक-आध्यात्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को नई गति देने के लिए एक नवीन पहल करते हुए सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री चिंतपूर्णी में तीन दिवसीय 'माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। पहली बार आयोजित किया जा रहा यह महोत्सव 14 से 16 सितंबर तक मनाया जाएगा। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने महोत्सव के आयोजन को लेकर माता श्री चिंतपूर्णी के माईदास भवन में मंगलवार को जिलाधिकारियों के साथ बैठक की।

बता दें, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत कुछ महीने पहले चिंतपूर्णी में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए धार्मिक पर्यटन क्षेत्र में एक नवीन पहल करने तथा एक भव्य महोत्सव आरंभ करने की बात कही थी। उन्होंने जिला प्रशासन को इसके आयोजन को लेकर निर्देश दिए थे। प्रशासन ने उनके निर्देशानुरूप आगे बढ़कर कार्य करते हुए महोत्सव के आयोजन की तैयारी की है।

**भव्य-दिव्य होगा महोत्सव :** उपायुक्त ने महोत्सव का शानदार आयोजन कर इसे यादगार बनाने का आह्वान करते हुए सभी अधिकारियों से पूर्ण समन्वय से कार्य करने को कहा । उन्होंने कहा कि महोत्सव के भव्य-दिव्य आयोजन के साथ इसे एक विशेष पहचान दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव अधिकारी होंगे, एसडीएम अंब मेला संयोजक जबकि एसपी पुलिस स्पोर्ट्स अधिकारी होंगे।

जतिन लाल ने बताया 14 सितंबर को महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर से लेकर एसडीएम कार्यालय अंब तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि श्री चिंतपूर्णी महोत्सव मेला स्थल पर पहुंचेगी। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि महोत्सव की स्मृतियों को संजोने के लिए बहुरंगी स्मारिका का भी प्रकाशन किया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। हजारों-हजार श्रद्धालु माता श्री चिंतपूर्णी के दर्शनों के लिए आते हैं। यह महोत्सव सभी श्रद्धालुओं लिए एक सौगात सरीखा अवसर है। महोत्सव में धार्मिक-आध्यात्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव के उपलक्ष्य पर एक से लेकर 30 सितंबर तक विभिन्न स्पोर्ट तथा साहसिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। साहसिक खेलों का आयोजन रामलीला मैदान अंब में किया जाएगा, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम, तंबोला व खेलकूद प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अंब में होंगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों व कार्यक्रमों से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### आयोजन के लिए 13 समितियां गठित

**जतिन** लाल ने बताया कि महोत्सव को सफल बनाने के क्रम में विविध गतिविधियों के आयोजन तथा समन्वय के लिए 13 समितियां गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव पहली बार आयोजित किया जा रहा है, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी सौंपे गए कार्यों को एकजुटता के साथ पूरा करने का दायित्व निभाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र मेला स्थल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी राकेश सिंह, एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, एसडीएम अंब विवेक महाजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चिंतपूर्णी में श्रावण अष्टमी मेले 5 अगस्त से

**राजेश शर्मा, ऊना**



चिंतपूर्णी श्रावण अष्टमी मेले को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित गणमान्य।

उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में 5 से 14 अगस्त तक श्रावण अष्टमी मेले का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त जतिन लाल ने इसे लेकर मंगलवार को माईदास सदन चिंतपूर्णी में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और मेले के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि श्रावण अष्टमी मेले के दौरान एडीसी ऊना मेला अधिकारी, एसडीएम अंब सहायक मेला अधिकारी जबकि एएसपी ऊना को पुलिस मेला अधिकारी तथा डीएसपी अंब को सहायक पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उपायुक्त ने कहा कि मेले के दौरान माता श्री चिंतपूर्णी का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए चौबीसों घंटे खुला रहेगा। साफ-सफाई के लिए रात्रि के दौरान मंदिर को केवल एक घंटे के लिए बंद किया जाएगा। दोपहर को मां के श्रृंगार व भोग इत्यादि के लिए भी मंदिर कुछ समय के लिए बंद रहेगा।

जतिन लाल ने बताया कि श्रावण अष्टमी मेले के दौरान लंगर लगाने की अनुमति संबंधित एसडीएम से मिलेगी। आयोजक को लंगर की समाप्ति के बाद साफ-सफाई भी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान डीएफएससी ऊना खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। मेले के दौरान ढोल नगाड़े, चिमटा, लाउडस्पीकर इत्यादि बजाने और प्लास्टिक व थर्मोकोल के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा मालवाहक वाहनों के माध्यम से माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर आने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र को दस सेक्टरों में बांटा जाएगा। मेले के दौरान सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह अस्थाई शौचालय बनाए जाएंगे तथा ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए रिकवरी वैन तैनात की जाएगी। भिक्षावृत्ति पर भी पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा तथा इसे लेकर जिला बाल संरक्षण अधिकारी की टीमों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाएगा। मेले में श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के लिए विभिन्न स्थानों पर एलोपैथिक तथा आयुर्वेदिक कैंप स्थापित किए जाएंगे। किसी भी आपदा अथवा आग इत्यादि की घटना से निपटने के लिए अग्निशमन वाहन तैनात रहेंगे।

उन्होंने बताया कि मेले में आने वालों श्रद्धालुओं को दर्शन पर्ची लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने विद्युत विभाग को मेलावधि के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिए विद्युत लाइनों का आवश्यक रखरखाव करना सुनिश्चित करने को कहा ताकि मेले के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## मक्का और सब्जियों को लगा सुंडी रोग, किसान परेशान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर किसानों द्वारा अपने खेतों आंगन तथा घरों के आसपास बीजी सब्जियों की फसल को सुंडी रोग लग जाने से किसानों की परेशानियां बढ़ रही हैं। यह रोग मक्का की फसल में भी का सकता है। किसान फसलों में इस रोग को लेकर काफी परेशान हैं।

क्षेत्र के किसानों में सोमनाथ, सुरेश ठाकुर, सुखदेव सिंह, विशाल राणा, ओम प्रकाश, जगदीश चंद व अन्य किसानों का कहना है कि बाजार में इस समय सब्जियों के रेट आसमान छुह रहे हैं।

घरों में तैयार की गई सब्जियों को सुंडी नामक कीड़ा चट कर रहा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि हर दफा फसलों में यह रोग काफी समस्या पैदा कर रहा है। मक्का की फसल में भी ऐसा रोग फैलने का खतरा है। वहीं, उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के कृषि विष्यवाद विशेषज्ञ डॉ. सतपाल धीमान ने बताया कि बरसात का मौसम है, इसलिए सभी किसान व बागवान भाइयों से अनुरोध है कि इस समय सब्जियों को कीड पतंगों से सुरक्षित रखने हेतु कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करें, जिसमें एक एम एल दवाई साइपर मैथीन,या कलोरो पाइफोरस को एक लीटर पानी में डालकर छिड़काव करें।

सप्ताह में दो बार छिड़काव करने से फसल पूरी तरह से सुरक्षित व फल देने के लिए तैयार हो जाएगी। इसलिए समय रहते दवाई का छिड़काव करें और सब्जियों तथा फलदार पौधों को सुरक्षित बचाएं। (अनंत ज्ञान)

### पौधरोपण



गोंदपुर बनेहड़ा तालाब के किनारे महात्मा समालगिर वाटिका में पौधरोपण करते अश्वनी शाह, अनूप कुमार, ठाकुर, राजकुमार, आरुष चौहान व अन्य।

## स्वच्छता और रखरखाव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोहारी टकोली प्रथम

**विवेक शर्मा, अंब**



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोहारी का स्टाफ

कायाकल्प अवार्ड के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी का चुनाव हुआ था। इसमें स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कायाकल्प पुरस्कार 2023-24 के परिणाम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोहारी टकोली ने जिले भर में प्रथम स्थान हासिल किया है, जिसे 2 लाख रुपए की राशि अर्जित की गई है।

पीएचसी सोहारी के डॉक्टर गौरव धीमान व सभी स्टाफ ने इस उपलब्धि पर सीएमओ ऊना संजीव वर्मा, एमओएच डॉक्टर सिधु, डीपीओ डॉ. रमन संदल, खंड शिक्षा अधिकारी थानाकलां डॉ. नरेश शर्मा को बधाई दी है। डॉ. गौरव धीमान ने स्वच्छता और रखरखाव में इस पुरस्कार में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया है।

उन्होंने इस मौके पर स्वास्थ्य केंद्र सोहारी की टीम का भी धन्यवाद व्यक्त किया।कायाकल्प अवॉर्ड का पहला पुरस्कार मिलने की घोषणा की खबर से पीएचसी सोहारी के चिकित्सक और स्टाफ में जश्न का माहौल दिखा। चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव धीमान ने कहा कि यह अवार्ड पूरी टीम को बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करेगी। यह हमारे सयन्वय और मरीजों की बेहतर देखरेख करने का प्रतिफल है।

चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉक्टर गौरव ने बताया कि कायाकल्प पुरस्कार में प्रथम आने पर फार्मेसी ऑफिसर हितेशी, पूर्व फार्मेसी ऑफिसर राजेश भारद्वाज, चिकित्सा अधिकारी डॉ. करणवीर सिंह का विशेष योगदान रहा है।

सीएमओ ऊना संजीव वर्मा ने कहा कि जिले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोहारी का कायाकल्प अवार्ड योजना में आना बड़ी बात है। पुरस्कार से उत्साह बढ़ेगा और इस वर्ष हम सब और बेहतर कार्य करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## नारगडू के सुरेंद्र फौजी के घर साढ़े पांच लाख रुपए की चोरी

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

**घर के एक कमरे में सोया था परिवार, दूसरे कमरे की ग्रिल हटाकर दिया चोरी को अंजाम**

उपमंडल बंगाणा की पंचायत हटली के गांव नारगडू और मडोट में बीती रात दो जगह चोरों ने लाखों के सामान पर हाथ साफ किया है और करीब साढ़े पांच लाख की नकदी और गहने चुराए हैं। वहीं, सूचना मिलने पर बंगाणा पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और परिवारों के बयान कलमबद्ध किए। थाना प्रभारी बंगाणा अनिल उपाध्याय ने बताया कि सुरेंद्र कुमार चंदेल गांव नारगडू द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि उनके घर पर सोमवार रात को चोरी हुई है। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची और देखा कि जिस कमरे में सुरेंद्र चंदेल और पत्नी सावित्री देवी यानी तीन लोग सोए थे।

उस कमरे के साथ लगते कमरे की खिड़की की ग्रिल को उखाड़ कर चोर कमरे के अंदर गए हैं और अंदर रखी अलमीरा से नकदी और साढ़े पांच लाख के गहने चुराए हैं। शातिर आरोपी मक्की के खेतों से पैदल होते हुए कमरे तक पहुंचे हैं और इतनी सफाई से चोरी की है कि साथ लगते कमरे में सोए घर के परिवार को भनक नहीं लगने दी।

वहीं, दूसरी तरफ केहर सिंह के घर पर भी चोरी करने के इरादे से चोर गए हैं, लेकिन सामान बिखेरने के अलावा घर से कुछ चुराया नहीं है, लेकिन सुरेंद्र कुमार चंदेल के घर से नकदी और गहने कुल मिलाकर साढ़े पांच लाख पर हाथ साफ कर गए हैं। मौके पर गए सब इंस्पेक्टर रवि शर्मा ने बताया कि पीड़ित परिवारों के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों को तलाश जारी है।

पुलिस का एक विशेष दस्ता आरोपियों की तलाश कर रहा है और जहां से आरोपी मक्की के खेतों के माध्यम से पैदल कमरे में पहुंच कर चोरी को अंजाम दिया है, उस रास्ते को शनाख्त की जा रही है। यह भी अंदेशा है कि कोई आसपास यानी लोकल व्यक्ति भी इस चोरी के मामले में संलिप्त हो सकता है। रवि शर्मा ने कहा कि फिलहाल पुलिस दस्ता आरोपियों को धड़पकड़ करने के लिए दबिश दे रहा है। (अनंत ज्ञान)

**सुनवाई** विवेक शर्मा ने बंगाणा कार्यालय में सुनी जन समस्याएं,

## विधायक ने विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के दिए आदेश

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



लोगों की जनसमस्याएं सुनते विधायक विवेक शर्मा

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मंगलवार को बंगाणा कार्यलय में जनसमस्याओं को सुना और अधिकारियों को इनके समाधान के आदेश दिए। विवेक शर्मा ने कहा कि जनता की पानी, बिजली को छोटी-छोटी समस्याओं का अधिकारी तुरंत समाधान करें, ताकि जनता को सरकारी कार्यलय के चक्कर न लगाने पड़ें। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता फोन संपर्क से भी अपनी समस्याओं का घर बैठकर समाधान करवा सकती है।

जन समस्याओं को सुनने के बाद विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा पंचायत भवन का निरीक्षण किया और जो पंचायत भवन का अधूरा कार्य पड़ा है, उसकी अधिकारियों से फीडबैक ली। विधायक ने बंगाणा बाजार में अधिकारियों को आदेश दिए कि जल्द अधूरे पड़े शौचालय को पूरा करके जनता को समर्पित करें। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र की सैकड़ों की संख्या में लोग बंगाणा मुख्यालय पर अपने जरूरी कार्यों को निपटाने के लिए आते है और बंगाणा बाजार में जनता को पूरी सुविधाए उपलब्ध करवाना हमारी और सरकार और प्रशासन की हर हाल में प्राथमिकता है।

विवेक शर्मा ने कहा कि पीछे क्या होता आया है, उस पर हम नहीं जाना चाहते है। हमें कुटलैहड़ की जनता ने मौका दिया है तो हमारा फर्ज है कि बंगाणा मुख्यालय पर जनता को सारी सुविधाएं मिलें। वहीं, विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ टैक्सी चालकों से भी बैठक कर उनकी टैक्सी स्टैंड की मांग को पूरा करने के लिए तहसीलदार बंगाणा को आदेश दिए और टैक्सी स्टैंड के लिए भूमि चयनित की। इस मौके पर उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा,वीडियो बंगाणा सुभाष गर्ग, थाना प्रभारी बंगाणा अनिल उपाध्याय, स्थानीय प्रधान विजय शर्मा, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य,दिलबाग सिंह राणा, पूर्व प्रधान महिंद्र लठियानी के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### बंगाणा मुख्यालय पर बनेगा लघु बचत योजना बोर्ड का भवन

विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा मुख्यालय पर लघु बचत योजना बोर्ड के भवन के लिए भूमि देखी और कुछ जगहों को चयनित करने और प्रशासन को आदेश दिए हैं। कि उक्त भूमि को लघु बचत योजना बोर्ड के नाम करें, ताकि इसका शिलान्यास हो सके।

ज्ञात रहे नव्वे के दशक में तत्काल लघु बचत योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष स्व. रामनाथ शर्मा द्वारा बंगाणा में लघु बचत भवन बनाने का शिलान्यास किया था। लेकिन सता परिवर्तन होने के बाद उक्त भवन नहीं बन सका थाा और आज राज्य के डिप्टी स्पीकर रहे स्व. रामनाथ शर्मा के पुत्र विवेक शर्मा कुटलैहड़ से विधायक निर्वाचित हुए हैं और अपने पिता स्व. राम नाथ शर्मा के लघु बचत योजना बोर्ड के भवन बनाने के सपने को साकार कर रहे है।

## न्यूज ब्रीफ

### हीरां में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हरोली के तहत पड़ते गांव हीरां नगर के श्री विश्वकर्मा मंदिर में समाजसेवी संस्था अनहद हेल्थ केयर द्वारा सीएमडी जसविंदर सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को एक्यूप्रेशर, न्यूरोथेरेपी, फिजियोथैरेपी, प्राकृतिक चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ बीडीसी. सदस्य रमा रानी ने किया। एक माह तक चलने वाले इस शिविर में प्रधान बलजीत कौर और जिला परिषद नरेश कुमारी सहित उपप्रधान हरमेश चंद वार्ड पंच सुरेश कौर, बेबी, सुषम लता, मंजीत कौर, कुलवंत सिंह, दीपक, नंद किशोर प्रधान दुलेहड, उपप्रधान पवन राणा , कैप्टन तरसेम लाल, मनमोहन लाल और अन्य सदस्य मौजूद रहे। एक्यूप्रेशर टीम के डॉ. नवीन सैनी, डा. सुखविंद्र सिंह, डॉ. अनिकेत शर्मा एवं डॉ. प्रीत कौर एक महीने तक गांव में अपनी सेवाएं देंगे। शिविर का समय सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक रहेगा। शिविर में डिस्क, सर्वाइकल, घुटनों का दर्द, पैरालिसिस, जोड़ो का दर्द, जैसी सभी प्रकार की बीमारियों का निदान किया जाएगा। इस शिविर में ग्रामीणों एवं पंचायत द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### स्थापना दिवस पर जरूरतमंद बच्चों को दी पाठ्य सामग्री




**विवेक शर्मा, अंब।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अंब ने राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को पाठ्य सामग्री देकर इस दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया। विद्यार्थी परिषद 9 जुलाई, 1949 से लेकर हमेशा से ही छात्र हित, समाज हित व राष्ट्र हित में कार्य करती आई है। विद्यार्थी परिषद केवल छात्र हित में काम नहीं करती, बल्कि इस समाज में जब भी कोई घटना घटती है तो सबसे पहले वहां पर विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता खड़ा होता है। कोरोना काल की बात करें तो विद्यार्थी परिषद एक ऐसा केवल मात्र छात्र संगठन था, जो प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस भयंकर महामारी से निपटने के लिए उनके साथ खड़ा रहा। विद्यार्थी परिषद अपने 76वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इसी के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अंब ने समस्त प्रदेश व देश के छात्रों को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर इकाई अंब के राहुल, समर्थ, अखिल, रितिक आयुष, वंश, मोहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### आउटसोर्स कर्मियों के लिए बने स्थायी नीति : सोनी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी महासंघ की प्रदेश स्तरीय एक्शन कमेटी के अध्यक्ष पुनीत सोनी ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि शिक्षा विभाग में आउटसोर्स आधार पर एनटीटी शिक्षकों की भर्ती करने से पहले विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगमों में कार्यरत 30 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाई जाए। उन्होंने कहा कि यह बड़ा हैरानी का विषय है की एक तरफ तो प्रदेश सरकार कुछ विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों की संख्या कम करने का प्रयास कर रही है और लगातार आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थार्यी नीति की मांग को दरकिनार किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ बड़े पैमाने में शिक्षा विभाग में आउटसोर्स आधार पर एनटीटी शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि महासंघ उपचुनाव की प्रक्रिया खत्म होने के उपरांत व्यापक रणनीति बनाकर प्रदेश सरकार से वार्ता के माध्यम से आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाने के लिए पुनः प्रयास करेगा, जिसके लिए जल्द ही प्रदेश स्तरीय एक्शन कमेटी की मीटिंग बुलाई जाएगी।

### बंगाणा कॉलेज की छात्रा इशिता ने रचा इतिहास



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** बीए तृतीय वर्ष की विश्वविद्यालय की ओर से जारी की गई टॉप टेन मेरिट सूची में राजकीय महाविद्यालय बंगाणा कॉलेज जिला ऊना की इशिता धीमान ने नौंवा स्थान पाया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय बंगाणा और इस क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। इशिता धीमान के पिता श्री साई दास धीमान एक किसान हैं और माता श्रीमति अंजू कुमारी गृहिणी हैं। इशिता धीमान ने अपने उपलब्धि का श्रय अपने अपने माता-पिता और अपने गुरुओं को दिया है। इस उपलब्धि के पश्चात उन्होंने कहा कि उनका अगला ड्रीम कॉलेज का प्रोफेसर बनना है, इसके लिए वह कड़ी मेहनत करेंगे।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने कहा कि यह छात्रा की कड़ी मेहनत और अध्यापकों का सही निर्देशन से ही संभव हो पाया है। इससे पहले 2021 में हमारे महाविद्यालय की छात्रा रिया शर्मा ने हिमाचल विश्वविद्यालय टॉप टेन में चौथा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। (अनंत ज्ञान)

### एबीवीपी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बंगाणा द्वारा 9 जुलाई को विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थी परिषद इकाई बंगाणा द्वारा पौधरोपण किया गया व यह कार्यक्रम गांव मुछाली में आयोजित करवाया गया। इसमें मुख्यतिथि पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य व मुछाली पंचायत के उपप्रधान अजय शर्मा रहे। उन्होंने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रमों में पर्यावरण संरक्षण के बारे में इस तरह के कार्यक्रमों को करवाने की सराहना की व लोगों से अपील की कि वे भी बरसात के दिनों अपने घरों के आस पास पौधे जरूर लगाएं। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता अक्षय शर्मा, प्रिंस, जिला संयोजक अनुराग शर्मा, एसएफएस संयोजक तीक्ष्ण, इकाई अध्यक्ष अनुज, मनीष, मानव, शुभम, आयुष, तानिया, भावना, मधु सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### कृष्ण-रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया



**विवेक शर्मा, अंब।** उपतहसील जोल के तहत श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर चौकीमन्यार में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत के छठे दिन श्री कृष्ण रुक्मणी का विवाह का आयोजन किया गया। कथावाचक आचार्य शिवकुमार शास्त्री पंच गीत भागवत के पांच प्राण हैं, जो भी ठाकुर जी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। कथा व्यास ने भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध,उद्धव गोपी संवाद द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारिका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। आचार्य ने कहा कि महारास में भगवान श्री कृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महाराज लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्मा के मिलने को ही महारास कहते हैं। कथा में' भजन तो सुन मुरली की तान दौड़ आई सांवरिया' पर श्रोता भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे। इस मौके पर कथा सहयोगी पंडित राजेश कुमार, विनय शास्त्री, विवेक शास्त्री, किशन कुमार आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)




## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई सैंज में एडमिशन 11 जुलाई से

**अनंत ज्ञान, सैंज।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सैंज में वर्ष 2024- 25 के लिए विभिन्न ट्रेडों के लिए 11 जुलाई से एडमिशन शुरू होगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि इच्छुक प्रशिक्षु प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए तकनीकी शिक्षा विभाग ने काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। प्रधानाचार्य प्रेमनाथ सिंह ने कहा कि सैंज औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चार ट्रेडों के लिए 108 सीटें भरी जा रही हैं, जिसकी तीन चरणों में काउंसलिंग होगी। जिसमें इलेक्ट्रिशियन की 20, फिटर की 20, पेंटर जनरल की 20 तथा कोपा की 48 सीटें भरी जाएंगी।

### पंचायत समिति की परिसंपत्तियों की नीलामी कल

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** पंचायत समिति आनी की परिसंपत्तियों की नीलामी 11 जुलाई वीरवार को सुबह साढ़े 11 बजे पंचायत समिति हॉल आनी में होगी। नीलामी एसडीएम आनी नरेश वर्मा की अध्यक्षता में होगी। अध्यक्ष विजय कंवर ने बताया कि पंचायत समिति आनी के गेस्ट हाऊस के चार कमरों, मुख्यमंत्री लोक भवन में एक शटर वाला कमरा, ग्राम पंचायत आनी की कार पार्किंग की एक साल को किराए पर देने के लिए खुली बोली लगाई जाएगी। उन्होंने सभी इच्छुक बोली दाताओं से 11 जुलाई को सुबह 11 बजे पंचायत समिति हॉल में पहुंचने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### तरगाली में सब्जी से भरा टैंपो पलटा, 3 घायल

**शीला कौल, बंजार।** जिला कुल्लू के बंजार-लारजी सड़क मार्ग पर एक हादसा पेश आया है। बंजार के तरगाली में सब्जी से लदा एक टैंपो दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।



वाहन में एक बच्चे सहित कुल तीन लोग सवार थे, जिनमें बच्चे व अन्य व्यक्ति को जहां हल्की चोटें आई हैं, जबकि तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जो कि अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस के अनुसार तरगाली में बीती शाम को एक सब्जी से लदा टैंपो सड़क से नीचे पलट गया। टैंपो चालक तेज रफ्तार से वाहन को चला रहा था जिस कारण यह हादसा हुआ। चालक के अलावा एक अन्य व्यक्ति व एक छोटा बच्चा भी टैंपो में सवार था। पुलिस ने टैंपो चालक राकेश कुमार गांव मतेहड़ पालमपुर कांगड़ा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### बस स्टैंड के समीप कूड़ा फेंकने वालों की अब खैर नहीं

**कमलेश वर्मा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली बस स्टैंड के समीप व भूतनाथ के पास कूड़े कचरा फेंकने वालों की अब खैर नहीं। खुले में कूड़ा फेंकने को लेकर नप



मनाली सख्त हो गई है। नप मनाली डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करती है, लेकिन बाबजूद इसके कुछ रेस्तरां व ढाबे वाले रात के समय कूड़े को खुले में फेंक रहे हैं। यहां कूड़े के ढेर पैदल राहगीरों के लिए मुसीबत बन गए हैं। सुबह के समय कूड़े के ढ़ेर लगने से चलना मुश्किल हो गया है। मनाली निवासी विवेक, राजन, सोमदेव सहित अन्य ने बताया कि बाजार के दुकानदार बस स्टैंड के पास कूड़ा खुले में फेंक रहे हैं, जिससे यहां कूड़े के ढेर लग रहे हैं। हालांकि, नगर परिषद ने इधर थोड़ी जगह बनाई है ताकि आपात स्थिति में कूड़ा डंप किया जा सके, लेकिन व्यापारियों द्वारा भारी मात्रा में कूड़ा डंप किया जा रहा है। उनका कहना है कि हालांकि कूड़ा कचरा लेने के लिए नप के कर्मी हर व्यापारी तक पहुंच रहे हैं, लेकिन कुछ रेस्तरां व ढाबा संचालक कूड़ा खुले में फेंक रहे हैं। नगर परिषद मनाली के कार्यकारी अधिकारी करुण भरमोरिया ने कहा कि बस स्टैंड के समीप कूड़ा फेंका तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि खुले में कूड़ा फैंकने पर नप मनाली सख्त हुई है। (अनंत ज्ञान)

### वरिष्ठ पत्रकार आनंद बोध के निधन पर शोक

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू। वर्ष 2021 - 22 में पत्रकारिता क्षेत्र में प्रिंट मीडिया के लिए उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने पर ठाकुर वेद राम राष्ट्रीय पुरस्कार से



सम्मानित हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार आनंद बोध के आकस्मिक निधन पर भुट्टिको सोसायटी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने दुख प्रकट किया है। अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि हमने एक निर्भीक, निष्पक्ष, जन जन की आवाज को अपनी लेखनी से बुलंद करने वाले कलम के सिपाही को खोया है, जिसकी क्षति पूर्ति आज असंभव है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार स्व. आनंद बोध लाहौल-स्पीति जिला से संबंध रखते थे और वर्तमान में भुंतर में रह रहे थे, उनका इस तरह से अचानक चले जाना बेहद दुखद है। उधर, वेद राम अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार चयन समिति के सदस्यों जयदेव विद्रोही, डॉ. तेज प्रताप, डॉ. शशीकांत शर्मा, आदि ने अपनी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के प्रति प्रकट की है। (अनंत ज्ञान)



सांसद एवं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने डीसी कुल्लू तोरुल रवीश से क्षेत्र के विकास को लेकर की मुलाकात। इस दौरान उन्होंने मनाली व कुल्लू के क्षेत्र के कुछ विषयों पर चर्चा की।

# 2019 से रोजगार की राह देख रहे लूहरी परियोजना प्रभावित : राकेश

## लूहरी जल विद्युत परियोजना से प्रभावित लोगों ने सौंपा उपायुक्त को ज्ञापन

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

मंगलवार को सीपीआईएम नेता राकेश सिंघा के नेतृत्व में जिला कुल्लू के साथ लगती लूहरी जल विद्युत परियोजना से प्रभावित पंचायतों के लोगों ने मांगों को लेकर उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश को सात मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस परियोजना के 132 प्रभावित परिवारों को तीन साल बाद भी रोजगार की राह देख रहे हैं।

उन्होंने डीसी कुल्लू को अवगत करवाया कि वर्ष 2019 में इस प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू हुआ और आज तक परियोजना प्रभावितों को रोजगार नहीं मिला है, जो कि बेहद दुखद है। इससे आनी उपमंडल की सात पंचायतें निथ्थर, देहरा, गढेच, बाहवा, शिल्ही, दुराह व प्लेही की पंचायतों के लोग प्रभावित हो गए हैं। परियोजना के निर्माण से उठ रही धूल के कारण ग्राम



डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए लूहरी परियोजना प्रभावित व उनके साथ हैं राकेश सिंघा।

पंचायत देहरा को वर्ष 2021-22 का मुआवजा दिया गया है। ग्राम पंचायत देहरा व गढेच में वर्ष 2023 से लेकर अब तक सर्वे तो कर दिया गया है, लेकिन प्रभावितों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। वहीं, परियोजना के निर्माण से ब्लास्टिंग से आई दरारों का सर्वे बहुत ही धीमी चाल से किया गया है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। परियोजना से प्रभावित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार पुनर्वास व पुनस्थापना नीति के अनुदार दिया जाए। जल विद्युत परियोजना के निर्माण में उठ रही धूल से हो रहे कृषि व बागवानी की फसलों को नुकसान को लेकर 2011 में बनाई गई नीति के अनुसार नुकसान का मुआवजा प्रदान किया जाए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द प्रभावितों परिवारों की समस्या का समधान किया जाए अन्यथा किसान सभा एकत्रित होकर लूहरी परियोजना के खिलाफ मोर्चा खोल देंगे। (अनंत ज्ञान)

**आज चुनाव और राजनीति सेवा नहीं, बन गया है धंधा**

**प्रदेश** की तीन सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर राकेश सिंघा ने कहा कि प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों ने क्यों इस्तीफा दिया वह समझ नहीं आया, जबकि निर्दलीय विधायकों की तो बड़ी ताकत है आज के समय में। उन्होंने कहा कि आज चुनाव और राजनीति सेवा का नहीं एक धंधा बन गया है। बहुत दुख से कहना पड़ रहा है कि आज सेवा के लिए नहीं, बल्कि पैसे के लिए राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पॉजिटिव है कम से कम सुनती तो है, पिछली सरकार तो सुनती तक नहीं थी, लेकिन हम चुप हैं, आंदोलन नहीं कर रहे हैं तो इसको प्रदेश सरकार हमारी कमजोरी न समझ लें। किसानों की समस्याएं यदि नहीं सुनी गई तो सड़कों पर भी उतरेंगे। किसान देश की आर्थिक की रीढ़ है लेकिन किसानों के साथ ही अन्याय हो रहा है।

**खाने में चूहा निकलने का मामला**

# जिला खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त को सौंपे सबूत

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

भुंतर में खाने में चूहा निकलने के मामले को लेकर शिकायतकर्ता युवक जिला खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त कुल्लू भविता टंडन से मिला और इस संबंध में सारे सबूत सौंपे। सीसी टीवी कैमरे की फुटेज और अपने उपचार से संबंधित कागजात आदि जिला खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त कुल्लू भाविता टंडन को सौंप दिए हैं।

युवक ने मंगलवार को जारी प्रेस बयान में बताया कि 2 जुलाई को एक ढाबे से अपने मामा से खाना मंगवाया। उन्होंने बताया कि पुराना पुल के पास भुंतर में मेरी रेडीमेड की दुकान है, जहां वह खाना खा रहा था तो कड़ी की प्लेट में मरा हुआ चूहा निकला। खाने में चूहा देख वह हक्का-बक्का रह गया। दुकान में आए ग्राहक ने भी यह घटना अपनी आंखों से देखी। विशाल के मामा ने ढाबे पर काम करने वाली उस महिला को बुलाया, जिससे वह खाना लाए थे। विशाल ने बताया कि महिला ने इस भूल के लिए माफी भी मांगी। खाना लाने व खाने में चूहा निकलने से लेकर महिला का दुकान में आने तक की सारी घटना सीसी टीवी में कैद है। फुटेज के अलावा प्रत्यक्षदर्शी भी शामिल हैं जो उस समय दुकान मौजूद थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने अपने ब्यान में बताया कि मेरे सामने खाने में मरा हुआ चूहा निकला है। वहीं विशाल ने बताया कि दूसरे पक्ष द्वारा दी शिकायत के चलते मुझे भुंतर थाने बुलाया था। थाना प्रभारी भुंतर को भी मैंने पुरी जानकारी दी। वहीं, जिला खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त कुल्लू भविता टंडन ने बताया कि ढाबे का लाइसेंस रद्द कर दिया है और आगामी कार्रवाई जारी है। (अनंत ज्ञान)

**युवक ने जिला खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त के दरबार लगाई न्याय की गुहार**

# एबीवीपी ने मनाया स्थापना दिवस



सामान्य ज्ञान परीक्षा में भाग लेते विद्यार्थी।

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से मंगलवार को अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कुल्लू द्वारा भी स्थापना दिवस व राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर विभिन्न इकाइयों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

जिला संयोजक सारांश ने बताया कि जिला में हरिपुर इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही इस परीक्षा में उतीर्ण प्रथम पांच विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद सम्मानित करेगी। वहीं, उन्होंने बताया कि कुल्लू इकाई द्वारा इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

स्थापना दिवस व राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है और आगे भी विद्यार्थी परिषद इस तरीके के कार्यक्रमों को करेगी। (अनंत ज्ञान)

# 12 और 14 जुलाई को बिजली बंद रहेगी

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल भुंतर ने जानकारी दी है कि 11 केवी शॉट फीडर की लाइनों की टैपिंग संरचना का निर्माण और बड़ा भुईन स्पर लाइन की सैगिंग के लिए 12 जुलाई को सुबह के 10 से लेकर शाम के 5 बजे तक, पारला भुंतर, जिया, हाथीथान, बड़ा भुईन, छन्नीकोड, शॉट, जलूग्रां, बड़ोगी, नरोगी और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। इस के साथ ही उन्होंने बताया की 11 केवी मौहल फीडर के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के पास चार पोल संरचना जीओ स्विच क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत और प्रतिस्थापन के कार्य के लिए सब्जी मंडी, फोरेस्ट चौक शमशी, ज्वाला माता, पोलिस स्टेशन भुंतर, जिया, फेटावन, औद्योगिक क्षेत्र शमशी, अंगोरा फार्म, पिरड़ी, फोरेस्ट चॉक, नेचर पार्क, नागमन्दिर, भुट्टी कॉलोनी, नागचला, मौहल चौक और आसपास के क्षेत्रों में भी 14 जुलाई 2024 को सुबह के 10 से लेकर शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# सड़कों पर घूमते बेसहारा पशु बने जी का जंजाल

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



प्रतिनिधिमंडल बेसहारा पशुओं की समस्या को लेकर डीसी कुल्लू से मिलता हुआ।

जिला कुल्लू में सड़कों पर घूमते बेसहारा पशु जी का जंजाल बन गए हैं। इस विषय पर भुंतर सुधार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कुल्लू से मिला। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश को प्रतिनिधिमंडल ने बेसहारा पशुओं के बढ़ते आतंक बारे विस्तार से अवगत करवाया और उन्हे सहारा देने की अपील की।

समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि इनके आतंक से लोग बाजार, सड़क व रास्ते में चलने से डर रहे हैं, क्योंकि हर जगह बेसहारा पशु घूमते मिलेंगे। उन्होंने कहा बजौरा, भुंतर, मौहल, हाथीथान, जिया से लेकर फोरलेन तक सड़कों पर घूमते आवारा पशुओं से एक तरफ जहां आसपास के किसानों को खेती करनी मुश्किल हो गई है वहीं, दूसरी और वाहन चालक इनके कारण दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बाजार लोग कई बार इनके हमले का शिकार हो चुके हैं।

स्थानीय प्रशासन व प्रदेश सरकार की इस गंभीर समस्या का शीघ्र हल निकाल कर बेसहारा पशुओं को सहारा देना चाहिए। भुंतर सुधार समिति ने जहां उपायुक्त महोदय कुल्लू से समस्या का हल निकालने को कहा कहीं प्रदेश सरकार से भी आग्रह किया है कि इन बेसहारा पशुओं को सड़कों से हटाया जाए व इन्हे उचित स्थान चिन्हित कर सहारा दिया जाए और आम जनता को इनके आतंक से मुक्ति दिलाई जाए।

वहीं डीसी कुल्लू ने समिति को आश्वासन दिया की समस्या का शीघ्र हल निकाला जायेगा। इस मौके पर अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, मुख्य संरक्षक पीडी आजाद, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल, रविंद्र परमार, झावे राम पहलवान, अनील धीमान, नीना घई, नीलम घई, रविंद्रा डोगरा, मीना जसवाल आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# एचपीटीडीसी ने होटलों के परिसर में लगाए पौधे

**कमलेश वर्मा, मनाली।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने पर्यावरण संरक्षण और हरित हिमाचल के उद्देश्य से कुल्लू मनाली सहित लाहौल-स्पीति होटलों के परिसरों में पौधरोपण अभियान शुरू कर दिया हैं।



अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ मिलकर मानसून सत्र के शुरू होते हैं पौधे लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एचपीटीडीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने सभी यूनिट में लगभग 100 पौधे लगाए। अधिकारियों की मानें तो उनका यह अभियान जारी रहेगा। स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भी इस अभियान में शामिल किया जाएगा। हर होटल में पर्यटकों के लिए विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। डीजीएम बीएस ओकटा ने बताया कि यह कदम पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने और पर्यटन स्थलों को अधिक आकर्षक बनाने के उद्देश्य से उठाया है। यह पहल न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचाएगी बल्कि हिमाचल प्रदेश को एक और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में भी स्थापित करेगी। (अनंत ज्ञान)

# मनाली-कन्याल संपर्क सड़क पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीण हुए उग्र



ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम मनाली को ज्ञापन सौंपता हुआ।

**कमलेश वर्मा, मनाली**

मनाली की नसोगी पंचायत के छियाल गांव के ग्रामीण मनाली कन्याल संपर्क सड़क पर अवैध कब्जे को लेकर उग्र हो गए हैं।

मंगलवार को ग्रामीणों ने एसडीएम मनाली के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि मनाली से कन्याल तक यह संपर्क सड़क लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है और इसकी कुल लंबाई 5 किलोमीटर है और चौड़ाई 8 से 21 मीटर है, जबकि मौजूदा समय में मौके पर सड़क मात्र 5 से 8 मीटर ही चौड़ी है।

छियाल के ग्रामीण एवं समाजसेवी सुभाष ठाकुर ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा सड़क पर अवैध कब्जा कर रखा है, जबकि सड़क निकालने के समय सबको उनकी जमीन का उचित मुआवजा मिल चुका है। उन्होंने कहा कि पंचायत के 9 गांव इसी सड़क के माध्यम से आपस में जुड़े हैं, जबकि इस तरफ 200 के करीब होटल और होमस्टे हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञापन में मुख्यमंत्री से यह गुहार लगाई गई है कि इस सड़क पर से अवैध कब्जे हटवाए जाएं क्योंकि अतिक्रमण होने की बजह से सड़क तंग हो गई है और घंटों जाम की स्थिति रहती है।

स्कूली बच्चों और पर्यटकों को भी जाम का सामना करना पड़ता है। अब तो आलम यह है कि इस तरफ पड़ने वाले होटलों की बुकिंग भी रद्द होने लगी है। उन्होंने कहा कि पहले भी विभाग से इस बाबत शिकायत की गई थी लेकिन विभाग अवैध कब्जे हटाने में नाकाम रहा है, इसलिए अब मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द अवैध कब्जों को हटाया जाए। (अनंत ज्ञान)

**कन्या विद्यालय आनी में अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न**

# वॉलीबॉल में छात्रा वर्ग में कुल्लू-1 रहा विजेता

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी में पिछले चार दिनों से आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का विधिवत समापन हो गया है। समापन अवसर पर पूर्व जिला उपनिदेशक शिवराम ठाकुर मुख्यातिथि, जबकि हिमालयन शिक्षा समिति के प्रबंधक निदेशक रफ्तार ठाकुर ने वशिष्ट अतिथि बतौर शिरकत की। मुख्यतिथि और वशिष्ट अतिथि ने खेलों के सफल आयोजन के लिए 21-21 हजार की सहयोग राशि भेंट की। उन्होंने सभी विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया।

समापन समारोह में स्कूली छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य जवाहर ठाकुर ने सभी मेहमानों का स्वागत किया और सफल आयोजन के लिए पूरे जिले भर से आए सभी ब्लॉक की टीम, शिक्षकों का आभार प्रकट किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं के कैंप प्रभारी शांता कुमार ने बताया कि जिले भर से सात टीमों ने इस प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। जिसमें आनी, निरमंड, सैंज, बंजार, कुल्लू-1, कुल्लू-2 और नगर जॉन शामिल रहे। विजेता टीम अब राज्य स्तर पर जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व करेगी में खेलेगी। इस अवसर पर मुख्यातिथि व वशिष्ट अतिथि, मनमोहन शर्मा, चमन शर्मा, पप्पू सत्या, रणधीर ठाकुर आदि मौजूद रहे।



वॉलीबाल प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में विजेता रही कुल्लू-1 टीम मुख्यातिथि के साथ।

छात्र वर्ग के वॉलीबॉल में आनी विजेता जबकि सैंज उपविजेता रहा। कब्बडी में कुल्लू-2 प्रथम, जबकि कुल्लू-1 द्वितीय स्थान पर रहा। खो-खो में आनी प्रथम, जबकि कुल्लू-2 द्वितीय स्थान पर रहा। बेडमिंटन में आनी प्रथम जबकि निरमंड दूसरे स्थान पर रहा। योगा में आनी प्रथम, जबकि कुल्लू-2 दूसरे स्थान पर रहा। सोलो सॉन्ग में आनी प्रथम जबकि निरमंड और नगर दूसरे स्थान पर रहा। छात्रा वर्ग की खेलों के वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल्लू-1 प्रथमख जबकि निरमंड दूसरे स्थान पर रहा। फॉक डांस में आनी प्रथम, जबकि कुल्लू-2 उपविजेता रहा। (अनंत ज्ञान)

# थैरेपी ऑन व्हील्स प्रोजेक्ट दिव्यागों को दे रहा नया जीवन

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

दिव्यांगजनों के विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही सांफिया फाउंडेशन का थैरेपी ऑन व्हील्स प्रोजेक्ट दिव्यांगजनों को नया जीवन दे रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत सांफिया फाउंडेशन द्वारा आधुनिक सुविधाओं से लैस एक बस के माध्यम से थैरेपी गतिविधियों को जिला कुल्लू के दूरदराज क्षेत्रों तथा गांवों में चलाकर दिव्यांगजनों तथा लोगों को घरद्वार पर थैरेपी की सेवा व सुविधा प्रदान की जा रही है। फाउंडेशन पिछले चार वर्षों से कुल्लू जिला के सैंज, बंजार, मणिकर्ण, गड़सा, मनाली व लगघाटी में दिव्यांगजनों को विभिन्न तरह की थैरेपी की सुविधा देने में जुटी हुई है। फाउंडेशन का थैरेपी ऑन व्हील्स प्रोजेक्ट पूरे देश का एकमात्र ऐसा प्रोजेक्ट है जो बस के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को घरद्वार में थैरेपी सुविधा दे रहा है, जिसके लिए फाउंडेशन को ऑस्ट्रिया में सम्मानित भी किया जा चुका है।



फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल ने बताया कि थैरेपी ऑन व्हील प्रोजेक्ट देश की नामी कंपनी ईरेडा (भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी) द्वारा प्रायोजित है, जो कि जिला कुल्लू के दूरदराज क्षेत्रों से सबंध रखने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए वरदान सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बस में सिर्फ दिव्यांग बच्चे ही नहीं बल्कि बड़ों को भी थैरेपी सेवाएं दी जाती हैं।

> **थैरेपी** ऑन व्हील हमारी संस्था का एक ड्रीम प्रोजेक्ट जो नवंबर 2020 में पूरा हुआ था, तब से लेकर हमारी यह बस जिला कुल्लू के सुदूर क्षेत्रों में दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए कार्य कर रही है। अभी तक दर्जनों दिव्यांग बच्चे इस बस में मिलने वाली थैरेपी सेवाओं के माध्यम से चलने-फिरने लग गए हैं।
> -डॉ. श्रुति भारद्वाज, निदेशक सांफिया

बता दें कि जब यह बस कुल्लू में अपनी सेवाएं दे रही हैं, तब से लेकर बहुत से लोगों द्वारा इस बस सेवा को प्रोत्साहित किया गया है। इतना ही नहीं तत्कालीन राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर, तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं तत्कालीन शिक्षामंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने भी इस बस द्वारा दी जाने वाली सेवाओं को खूब सराहा है। थैरेपी ऑन व्हील्स को वर्ष 2022 में जीरो प्रोजेक्ट अवार्ड इनोवेटिव सौल्युशन से नवाजा गया है। (अनंत ज्ञान)

**विडंबना** — क्षेत्र की अनदेखी के चलते टूटने लगा जनता के सब्र का बांध

# स्वास्थ्य खंड आनी में चिकित्सकों सहित कुल 94 पद खाली

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

कुल्लू जिले के आनी स्वास्थ्य खंड में डॉक्टरों समेत कुल 94 रिक्त पदों के चलते क्षेत्र की भोली-भाली जनता का स्वास्थ्य डॉक्टरों नहीं बल्कि भगवान भरोसे है। फलस्वरूप क्षेत्र की जनता को अपना इलाज करवाने या तो नजदीकी निजी क्लीनिकों में या फिर यहां से 55 किलोमीटर दूर रामपुर या 120 किलोमीटर दूर शिमला, कुल्लू के अस्पतालों में पहुंचने को मजबूर हैं।

आनी खंड और साथ लगते मंडी जिला की 50 पंचायतों की जनता के स्वास्थ्य के केंद्र सिविल अस्पताल आनी में प्रतिदिन 200 की ओपीडी है, जबकि अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर्स के 3 पद




खाली हैं। आनी के इस अस्पताल में मेडिसीन के डॉक्टर, बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ के अलावा एनेस्थीसिया का पद खाली है। एक सर्जन है, मगर दोनों आपरेशन थिएटर असिस्टेंट के पद खाली हैं। इसके अलावा 8 स्टाफ नर्स, चीफ फरमिस्ट और फार्मासिस्ट के तीन पद, 2 जूनियर असिस्टेंट, 1 रेडियोग्राफर, 3 मेल हेल्थ सुपरवाइजर, दोनों ड्राइवर और एकमात्र रसोइए का पद भी खाली चल रहा है। इसके अलावा सीएचसी दलाश में 2 डॉक्टर, 3 स्टाफ नर्सें, एक चीफ फार्मासिस्ट, पीएचसी लगौटी और शवाडका में भी कोई डॉक्टर ही नहीं है।

वहीं तांदी, शाणी, सोईधार, लुहरी, ओलवा, जाबू, बिशल, गाड, कमांद, लुहाल और फनौटी जैसे दुर्गम क्षेत्रों के स्वास्थ्य उपकेंद्रों में न ही फीमेल हेल्थ वर्कर हैं न ही मेल हेल्थ वर्कर हैं। हालात यह हैं कि पूरे स्वास्थ्य खंड में मेल हेल्थ वर्कर की सभी 20 पोस्ट्स हैं खाली हैं, जबकि 12 में फीमेल हेल्थ वर्कर्स और स्टाफ नर्सों के 25 में से 12 पद खाली हैं।

आनी में सामाजिक सुधार और आरटीआई पर कार्य कर रही सचेत संस्था का कहना है कि क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए आनी के इस सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर होना बेहद जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं विधायक**

**वहीं** आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर आनी विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रदेश सरकार को चेताया है कि यदि समय रहते आनी विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों के रिक्त पदों को भरा नहीं गया तो वे मोर्चा खोल देंगे।

> **हमने** अस्पताल के रिक्त पदों सहित अन्य मांगों, समस्याओं की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को हर माह भेजी गई है ।
> -डॉ. भागवत मेहता, बीएमओ आनी

## न्यूज ब्रीफ

### सूर्यकुमार पत्नी के साथ उडुपी मंदिर पहुंचे



उडुपी (कर्नाटक)। भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी-20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की 8वीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है।

### बुमराह, मंधाना जून माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी





**दुबई।** टी-20 विश्व कप में भारत के विजयी अभियान के नायक रहे जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना। भारत के लिए यह दोहरी खुशी का मौका था क्योंकि महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना को इस वैश्विक संस्था ने 'जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी' चुना। मंधाना को यह पुरस्कार पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में बल्ले से दमदार प्रदर्शन करने पर दिया गया। बुमराह ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को पछाड़कर यह खिताब जीता जबकि मंधाना ने इंग्लैंड की माइया बाउचर और श्रीलंका की विस्मी गुणार` को पीछे छोड़कर महिलाओं का पुरस्कार जीता। बुमराह ने टी-20 विश्व कप में 8.26 की औसत से विकेट चटकाए जबकि महज 4.17 रन प्रति ओवर के हिसाब से रन दिए। महिला वर्ग में मंधाना ने बेंगलुरु में पहले एकदिवसीय में 117 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने दूसरे मैच में 120 गेंद में 136 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वह तीसरे मैच में 90 रन पर आउट होने के कारण शतकों की हैट्रिक पूरा करने से चूक गयी। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में 343 रन बनाए और सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई।

### चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने को तैयार वॉर्नर



**सिडनी।** डेविड वॉर्नर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को 'खत्म हुआ अध्याय' करार दिया, लेकिन कहा कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में उन्हें जगह मिलती है तो वह देश के लिए फिर से खेलने के लिए तैयार होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में फरवरी-मार्च के महीने में होने की संभावना है और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि वॉर्नर उनके 'आपातकालीन विकल्प' होंगे। वॉर्नर ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप जीतने के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था, जबकि उनका आखिरी टेस्ट जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने अपना आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 24 जून को टी-20 विश्व कप में भारत के खिलाफ खेला था। वॉर्नर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''अध्याय खत्म। इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर खेलना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। ऑस्ट्रेलिया मेरी टीम रही है। मेरे करियर का अधिकांश हिस्सा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बिता है। ऐसा करने में सक्षम होना सम्मान की बात है। सभी प्रारूपों में देश के लिए 100 से अधिक मैच खेलना मेरे करियर का मुख्य आकर्षण है।''

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्विट्जरलैंड रवाना



**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले स्विट्जरलैंड में मशहूर माइक हार्न्स बेस के लिए रवाना हो गई, जिसके बाद नीदरलैंड में एक अभ्यास शिविर में भाग लेगी। स्विट्जरलैंड में तीन दिवसीय शिविर खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगाया गया है। इसके बाद टीम नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी और फिर पेरिस रवाना होगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक से पहले आगामी अनुभव टीम को मानसिक और शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने के लिए काफी उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा ,'' हमने अभी बेंगलुरु में दो सप्ताह का शिविर खत्म किया है। अब स्विट्जरलैंड में माइक हॉर्न जा रहे हैं जो साहसिक गतिविधियों का केंद्र है। इसके बाद टीम नीदरलैंड और मलेशिया से अभ्यास मैच खेलेगी।'' भारतीय टीम 20 जुलाई को पेरिस पहुंचेगी। भारत को ओलंपिक में पहला मैच 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलना है, जिसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना से, 30 जुलाई को आयरलैंड और एक अगस्त को बेल्जियम से मुकाबला है। आखिरी ग्रुप मैच दो अगस्त को आस्ट्रेलिया से खेलना है। भारत को नॉकआऊट में पहुंचने के लिए शीर्ष-4 में रहना होगा।

**भारत vs जिम्बाब्वे** जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टी-20 आज शाम 4 : 30 बजे

# जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फोकस

**एजेंसी, हरारे**



टी-20 विश्व कप विजेता खिलाड़ियों की वापसी के साथ जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को यहां तीसरे टी-20 मैच में भारतीय टीम के लिए यशस्वी जायसवाल और अभिषेक शर्मा में से एक का चयन काफी मुश्किल होगा।

जायसवाल, संजू सैमसन और शिवम दुबे टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। उनकी वापसी से टीम मजबूत हुई है, जिसने दूसरे मैच में 100 रन से जीत दर्ज करके पांच मैचों की सीरीज में वापसी की थी।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने दूसरे मैच में 46 गेंद में शतक लगाया। वैसे भारत की पहली पसंद की टी-20 टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज होने के कारण जायसवाल का शुभमन गिल के साथ पारी की शुरूआत का दावा पुख्ता लगता है। जायसवाल ने 17 टी-20 मैचों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 161 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

ऐसा होता नहीं है कि एक यादगार पारी खेलने के बाद बल्लेबाज को अगले मैच में बाहर कर दिया जाए। वैसे मनोज तिवारी और करुण नायर यह झेल चुके हैं। तिवारी को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में पहले वनडे शतक के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था जबकि नायर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में तिहरा शतक लगाने के बाद टीम में जगह नहीं पा सके थे। वैसे कप्तान गिल अंडर 14 दिनों के अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ यह नाइंसाफी होने नहीं देंगे। ऐसे में दो खब्बू बल्लेबाजों में से एक को बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरना होगा। राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले सैमसन को पांचवें नंबर पर उतरना पड़ सकता है और रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है।

अंतिम एकादश में जायसवाल को बीसाइ सुदर्शन की जगह मिल सकती है जो पहले दो मैचों के लिए ही चुने गए थे। वहीं सैमसन को ध्रूव जुरेल की जगह मिलेगी। टी-20 विश्व कप में अंतिम एकादश का हिस्सा रहे शिवम दुबे को रियान पराग की जगह उतारा जा सकता है। जहां तक जिम्बाब्वे का सवाल है तो उसे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा । हरारे स्पोर्ट्स क्लब की पिच पर अतिरिक्त उछाल में स्पिनर रवि बिश्नोई और वाशिंगटन सुंदर को खेलना मुश्किल हो रहा था।

मेजबान कप्तान सिकंदर रजा चल नहीं पा रहे जबकि बाकी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना करने में सक्षम नहीं दिख रहे। पहले मैच में 13 रन से अप्रत्याशित हार झेलने के बाद भारतीय टीम ने समय पर चेतते हुए पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ खेला। कप्तान गिल को पहले दो मैचों में मिली नाकामी के बाद एक अच्छी पारी खेलनी होगी।

#### संभावित टीमें

**भारत।** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रूव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे।

**जिम्बाब्वे ।** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

### श्रीलंका के खिलाफ वनडे से बाहर रह सकते हैं रोहित, विराट और बुमराह



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली को अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से आराम दिया जा सकता है और केएल राहुल या हार्दिक पांड्या इस प्रारूप में कप्तानी कर सकते हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी वनडे सीरीज से ब्रेक दिया जा सकता है। समझा जाता है कि रोहित और विराट ने बीसीसीआई से लंबा ब्रेक मांगा है चूंकि दोनों आईपीएल की शुरूआत से लगातार खेल रहे हैं।

37 बरस के रोहित ने छह महीने से ब्रेक नहीं लिया है। उन्होंने दिसंबर-जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से लगातार खेला है। उसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज, आईपीएल और टी-20 विश्व कप शामिल है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया ,'' चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे तैयारी के लिए काफी है। इसके बाद अगले कुछ महीने दोनों टेस्ट को प्राथमिकता देंगे क्योंकि भारत को सितंबर से जनवरी के बीच दस टेस्ट खेलने हैं।''

## रूस में बोले मोदी-पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे

**एजेंसी, मॉस्को**



**प्रधानमंत्री ने युवाओं के आत्मविश्वास को भारत की 'असली पूंजी' करार दिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टी-20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए मंगलवार को विश्वास जताया कि पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के आत्मविश्वास को भारत की 'असली पूंजी' करार दिया और कहा कि यही युवा शक्ति देश को 21वीं सदी की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि निश्चित तौर पर उन्होंने भी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 विश्व कप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखा होगा और जीत का जश्न भी मनाया होगा।

उन्होंने कहा, ''विश्व कप जीतने की असली कहानी जीत की यात्रा भी है। आज का युवा और आज का युवा भारत आखिरी बॉल तक और आखिरी पल तक हार नहीं मानता है। और विजय उन्हीं के चरण चूमती है जो हार मानने को तैयार नहीं होते हैं।''

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में रहा है, जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते। भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं।

## डी. गुकेश के लिए रैपिड में बेहतर प्रदर्शन का मौका

**एजेंसी, जगरेब ( क्रोएशिया )**



विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश के पास ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग में अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका है जबकि विदित गुजराती वाइल्ड कार्ड के जरिए उनसे जुड़ेंगे। गुकेश का सामना विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में 20 नवंबर को चीन के डिंग लिरेन से होगा।

विश्व चैंपियनशिप में मुकाबला टाई रहने पर रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के तेज समय नियंत्रण में मुकाबले खेले जाएंगे। रैपिड और 18 अंडर ब्लिट्ज शतरंज नियमों के तहत नौ दौर में खेले जाने वाले 1,75,000 डॉलर ईनामी राशि के इस टूर्नामेंट में गुजराती को वाइल्ड कार्ड मिला है।

अमेरिका के फेबियानो कारूआना, रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि, फ्रांस के फिरोजा अलीरजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव, अमेरिका के वेसले सो और नीदरलैंड के अनीश गिरि भी इसमें खेल रहे हैं। इनके अलावा क्रोएशिया के इवान सारिच और अमेरिका के लेवोन आरोनियन भी इसमें भाग लेंगें।

## मेसी के गोद में लेमिन यामल का 17 साल पुराना फोटो हो रहा वायरल

**एजेंसी, बार्सीलोना**



जाने माने फोटोग्राफर जॉन मोनफोर्ट ने लगभग 17 साल पहले चैरिटी कैलेंडर के लिए एक नवजात बच्चे के साथ जब लियोनेल मेसी की तस्वीरें लीं थी तब उन्हें पता था कि अर्जेंटीना का लंबे बालों वाला यह युवा फुटबॉल की दुनिया में बड़ा नाम बनेगा।

उन्होंने हालांकि यह कल्पना नहीं की होगी कि मेसी ने अपनी गोद में जिस नवजात को उठाया है वह कम उम्र में ही अपने कौशल से फुटबॉल की दुनिया को प्रभावित करेगा ।पिछले कुछ दिनों से वायरल हो रही इस तस्वीर में मेसी ने जिस बच्चे को गोद में ली है मौजूदा समय में सबसे तेजी से उभरता हुआ खिलाड़ी लेमिन यामल है। महज 16 साल की उम्र में स्पने के लिए पदार्पण करने वाले यामल की तुलना अभी से फुटबॉल के दिग्गजों से हो रही है। वह जर्मनी में चल रही यूरोपीय चैंपियनशिप में अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।

यामल के पिता ने पिछले सप्ताह 2007 में ली गई इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा था, ''दो महान खिलाड़ियों की शुरूआत।''

एसोसिएटेड प्रेस और कुछ अन्य संस्थानों के लिए फ्रीलांस फोटोग्राफर के रूप में काम करने वाले 56 वर्षीय मोनफोर्ट ने कहा कि यह फोटोशूट 2007 में बार्सीलोना के कैम्प नोउ में आगंतुकों के लॉकर रूम में हुआ था। उस समय यामल की उम्र महज कुछ महीने थी।

## वाइल्ड लाइफ टूर पर गई टीम इंडिया



**एजेंसी, हरारे**

जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच से पहले भारतीय टीम और उनके परिवार व सहयोगी स्टाफ ने खेल से कुछ समय दूर रहते हुए यहां एक वन्यजीव अभ्यारण्य का दौरा किया।

बीसीसीआई के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल ने दौरे की तस्वीरें साझा कीं और पोस्ट को कैप्शन दिया, 'बीसीसीआई ने जिम्बाब्वे क्रिकेट और जिम्बाब्वे पर्यटन के साथ मिलकर हरारे में भारतीय क्रिकेट टीम और उनके परिवारों के लिए वाइल्ड लाइफ टूर का आयोजन किया।'

संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल को शामिल करके भारतीय टीम को सीरीज के बाकी बचे मैचों के लिए मजबूत किया जाएगा। ये तीनों खिलाड़ी अमेरिका और वेस्टइंडीज में भारत के टी20 विश्व कप जीतने वाले अभियान का हिस्सा थे।

## पेरिस ओलंपिक 2024 में 57 एथलीट भेजेगा फिनलैंड

**हेलसिंकी।** आगामी 2024 पेरिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में फिनलैंड के 57 एथलीट हिस्सा लेंगे। फिनिश ओलंपिक समिति ने सोमवार को उक्त घोषणा की। फिनिश प्रतिनिधिमंडल की लीडर लीना पावोलैनेन ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक में फिनलैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों की हमारी एक उत्कृष्ट और बहुमुखी टीम है।'

फिनलैंड ने टोक्यो 2020 में कुल 45 एथलीट भेजे, जबकि पेरिस 2024 के लिए यह संख्या बढ़कर 57 हो गई, और वे 14 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। एथलीटों की सूची में, 13 वर्षीय स्केटबोर्डर हेली सिल्वियो का नाम सबसे ज्यादा चर्चित है। उसने 9 साल की उम्र में स्केटबोर्डिंग शुरू की ।

एक और एथलीट जिसने काफी ध्यान आकर्षित किया है, वह है 25 वर्षीय हाई जम्पर एला जुन्निला।

**विंबलडन** सात बार के चैंपियन जोकोविच ने होल्गर रूने को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया

# ज्वेरेव को हराकर टेलर फ्रिट्ज क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, लंदन**



अमेरिका के 13वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने दो सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दो बार के ग्रैंडस्लैम उपविजेता एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 6-3 से हराकर विंबलडन पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जो पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम में अंतिम-8 में पहुंचे हैं। फ्रिट्ज को विंबलडन 2022 में राफेल नदाल ने हराया था।

दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उनका सामना सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच से होगा। जोकोविच ने होल्गर रूने को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। दर्शक रूने के नाम के नारे लगा रहे थे और जोकोविच की हूटिंग भी हुई, लेकिन इससे वह विचलित नहीं हुए।

महिला वर्ग में इटली की जैसमीन पाओलिनी ने जियोवान्नि एम पेरिकार्ड को 4-6, 6-3, 6-3, 6-2 से हराया। एलेना रिबाकिना को अगले दौर में जगह मिल गई जब उनकी प्रतिद्वंद्वी अन्ना कालिंस्काया ने कलाई की चोट के कारण कोर्ट छोड़ दिया। अब उनका सामना एलिना स्वितोलिना से होगा। वहीं बारबरा क्रेइसिकोवा ने डेनियेले कोलिंगस को 7-5, 6-3 से और येलेना ओस्टापेंको ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-2, 6-3 से मात दी।

### यूक्रेन पर रूस के मिसाइल हमले से चिंतित एलिना स्वितोलिना



**विंबलडन** क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बावजूद यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना के चेहरे पर खुशी नहीं थी क्योंकि वह अपने देश पर रूस के मिसाइल हमले को लेकर काफी चिंतित दिखीं। स्वितोलिना ने वांग शिन्यु को 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम-8 में जगह बनाई। उनका कहना था कि यह जीत उनके देश के लोगों के अंधेरे जीवन में रोशनी और खुशी की एक किरण लेकर आएगी।

स्वितोलिना की दादी, चाचा और कई रिश्तेदार यूक्रेन में हैं। रूस की दर्जनों मिसाइलों ने यूक्रेन के पांच शहरों पर हमला किया जिसमें अपार्टमेंट और राजधानी कीव में बच्चों का एक अस्पताल शामिल है। इस हमले में कम से कम 31 लोग मारे गए और 150 से अधिक घायल हुए हैं।

## नीदरलैंड को हराकर यूरोपीय चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाना चाहेगा इंग्लैंड

**एजेंसी, डोर्टमंड ( जर्मनी )**



इंग्लैंड बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में जब नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी नजरें लगातार दूसरे यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के फाइनल में जगह बनाने पर टिकी होंगी।

क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और नीदरलैंड दोनों ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड ने निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टीशूट आउट में हराया था जबकि नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था।

नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि इंग्लैंड की राह आसान नहीं होगी। टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेलने वाली टीमों में नीदरलैंड की रैंकिंग सबसे बेहतर है। इंग्लैंड ग्रुप चरण में सर्बिया, डेनमार्क और स्लोवेनिया के खिलाफ खेला था जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उसकी भिड़ंत स्लोवाकिया और स्विट्जरलैंड के साथ हुई।

इंग्लैंड अब तक बाएं छोर से कीरन ट्रिपर पर निर्भर रहा है जबकि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में ल्यूक शॉ फरवरी में चोटिल होने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच में उतरे। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को फैसला करना होगा कि वह पिछले मैच में निलंबित मार्क गुही की जगह खेले एजरी कोन्सा को फिर मौका देते हैं या फिर गुही का निलंबन खत्म होने के बाद उनकी वापसी कराते हैं।

स्विट्जरलैंड के खिलाफ अतिरिक्त समय में ऐंठन के कारण हैरी केन के बाहर होने के बाद इंग्लैंड के कप्तान की फिटनेस पर भी नजरें रहेंगी। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन के अपनी शुरुआती एकादश में लगातार तीसरे मैच में कोई बदलाव नहीं करने की उम्मीद है।

## न्यूज ब्रीफ

### पाक : आतंकवादियों ने तीन सैनिक अगवा किए

**पेशावर।** पाकिस्तान में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टांक जिले में मंगलवार को आतंकवादियों ने अर्धसैन्य फ्रंटियर कोर के तीन सैनिकों का अपहरण कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सैनिक एक कार में सवार होकर सोर कमर एफसी चौकी से टांक बाजार जा रहे थे तभी आतंकवादियों ने एक नाके पर उन्हें रोक लिया। आतंकवादियों ने कोट आजम और कोट किला इलाके के बीच नाकेबंदी की थी। नाकेबंदी पर आतंकवादी तीन सैनिकों को अपने साथ ले गए और उनके एटीएम कार्ड और पहचान पत्र कार चालक को सौंप दिए। उन्होंने यह कार किराए पर ली थी, जिसका चालक असैन्य नागरिक था। कार चालक ने बताया कि अपहरण के समय सैनिक छुट्टियों पर घर जा रहे थे। कार चालक ने सैनिकों का सामान कोर किला में एफसी प्राधिकारियों को सौंप दिया।

### वरिष्ठ 'आप' नेता प्रदीप छाबड़ा का देहांत

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़ ।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता प्रदीप छाबड़ा अब इस दुनिया में नहीं रहे। छाबड़ा कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने बीमारी के चलते



मंगलवार को पीजीआई आखिरी सांस ली। शहर के दिग्गज नेताओं में शुमार प्रदीप छाबड़ा लंबे समय से राजनीति में थे। चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी के लिए जमीन तैयार करने वाले प्रदीप छाबड़ा ही थे। छाबड़ा नगर निगम में मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर भी रह चुके हैं। आम आदमी पार्टी में शामिल होने से पहले छाबड़ा कांग्रेस में थे। वह चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर भी रहे। छाबड़ा को पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल का करीबी माना जाता था। पवन कुमार बंसल प्रदीप छाबड़ा के राजनीतिक गुरु भी रहे हैं, लेकिन छाबड़ा के कांग्रेस छोड़ने की वजह भी बंसल को ही माना गया है। (अनंत ज्ञान)

### हरियाणा पुलिस में जल्द शामिल होंगे सिपाही

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़ ।**हरियाणा पुलिस विभाग में जल्द ही हजारों की संख्या में सिपाही शामिल होने जा रहे हैं। 11 और 15 जुलाई को सिपहियों का प्रशिक्षण का पूरा होने के बाद उनकी पॉसिंग आउट परेड है। पीटीसी सुनारिया रोहतक और एचपीए मधुबन करनाल में पॉसिंग परेड 11 जुलाई को है, जबकि आरटीसी भौंडसी गुरुग्राम में 15 जुलाई को पॉसिंग आउट परेड है। बता दें कि 6 हजार से अधिक सिपाहियों को भर्ती के बाद यहां प्रशिक्षण के लिए तैयार किया गया है। यहां से जाने के बाद उनको अलग-अलग जिलों में अलग-अलग थानों में तैनात किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### नगर निगम बैठक में अनिल मसीह का विरोध

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़ नगर निगम में सदन की बैठक बैठक में मनोनित पार्षद अनिल मसीह भी पहुंचे हैं। उनको लेकर हंगामा शुरू हो गया है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षदों ने अनील मसीह का विरोध किया। 'आप' के एक पार्षद ने मसीह पर निजी टिप्पणी कर दी। हालत बिगड़ते देख सदन की बैठक रोक दी गई। वहीं सदन में चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी भी पहुंचे। सदन में पहुंचने पर मनीष तिवारी ने भाजपा पार्षदों से हाथ मिलाया। सदन की बैठक में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने पार्षद 20 हजार लीटर मुफ्त पानी के मुद्दे पर प्रशासन को घेरा। वहीं बैठक में 20 हजार लीटर मुफ्त पानी के मुद्दे पर हंगामा हुआ। (अनंत ज्ञान)

### वैट 'घोटाला' मामले में ईडी की छापेमारी

**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित मूल्य वर्धित कर (वैट) घोटाले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत मंगलवार को हरियाणा में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह




छापेमारी राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन पूर्व अधिकारियों के खिलाफ भी की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि राज्य में करीब 14 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। छापेमारी के दायरे में हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान हरियाणा राज्य सिविल सेवा के तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों - पूर्व उत्पाद शुल्क एवं कराधान अधिकारी अशोक सुखीजा और पूर्व उप उत्पाद शुल्क एवं कराधान आयुक्तों नरेंद्र रंगा और गोपी चंद चौधरी और कुछ निजी व्यक्तियों को भी शामिल किया गया है। सुखीजा और चौधरी को पिछले साल राज्य पुलिस ने जांच के तहत गिरफ्तार किया था।

### पंजाब भाजपा के 4 नेताओं को मारने की धमकी

**चंडीगढ़।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चार नेताओं को पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई है। यह पत्र चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा मुख्यालय को प्राप्त हुआ है। पत्र के साथ एक ज्वलनशील पदार्थ का पैकेट भी मिला है। धमकी मिलने के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने भाजपा मुख्यालय और आसपास सर्च आपरेशन चलाया। इन नेताओं को भाजपा छोड़ने अथवा दुनिया छोड़ने की धमकी देते हुए पत्र में खालिस्तान व पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लिखा गया है। जान से मारने की धमकी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा सिख समन्वय समिति व राष्ट्रीय रेलवे कमेटी के सदस्य तेजिंदर सिंह सरां, भाजपा महासचिव परमिंदर बराड़ और भाजपा के प्रदेश संगठन महासचिव श्रीनिवासुलु दी गई है।

### मध्य प्रदेश में 14 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में सोमवार को 14 लाख रुपए का इनामी नक्सली मारा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। नक्सल विरोधी अभियान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जयदीप प्रसाद ने बताया कि यह मुठभेड़ हट्टा थाना अंतर्गत कठियाटोला वन क्षेत्र में हुई। राज्य पुलिस की हॉक फोर्स को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली राशन और दैनिक उपयोग की सामग्री लेने के लिए काठियाटोली गांव पहुंचे हैं।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों की ओर से अलग-अलग स्थानों पर चलाए गए अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षाबलों ने पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत



और संवेदनशील क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चलाया और इलाके पर कब्जा कर लिया। अभियान में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। तामेंगलोंग जिले के फिटोल गांव में सुरक्षाबलों ने .303 राइफल, दो सिंगल बैरल राइफल, एक 12 बोर की स्थानीय रूप से निर्मित राइफल, दो देशी .32 मिमी पिस्तौल और दो मैगजीन, सात पोम्पी बम, पांच हस्तनिर्मित विस्फोटक बम, बारूद की पांच शीशियां, पांच डेटोनेटर, तेईस 12 बोर के खाली कारतूस, पांच मीटर सेफ्टी फ्यूज वायर, दो राइफल स्लिंग, छह वॉकी-टॉकी चार्जर, तीन बुलेटप्रूफ जैकेट, बुलेटप्रूफिंग के लिए दो लोहे की प्लेट, दो लड़ाकू पोशाक, एक जोड़ी शिकार के जूते, दो जोड़ी जंगल के जूते, एक भरी हुई पोम्पी बंदूक, एक मोटोरोला वॉकी-टॉकी, दो हेलमेट, दो गुलेल, दो टॉर्च लाइट, छह मोबाइल चार्जर, एक कमर बेल्ट, एक टोपी, एक एक्सटेंशन कॉर्ड, एक स्विच बोर्ड, एक लैपटॉप और माउस, तीन स्मार्टफोन, एक कीपैड फोन, एक पावर बैंक, 247 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

# मुख्यमंत्री धामी ने नम आंखों से दी उत्तराखंड के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

जम्मू के कठुआ में शहीद हुए उत्तराखंड के पांच जवानों के पार्थिव शरीर मंगलवार को जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांचों शहीद जवानों के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर संपूर्ण राज्य की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

अपने वीर सपूतों के बलिदान को याद कर मुख्यमंत्री भावुक नजर आए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत पीड़ा का क्षण है, क्योंकि हमने भाई और बेटा भी खोया है। हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मा भारती के चरणों में अपना



सर्वस्व न्योछावर कर दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मां भारती की रक्षा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध हमारे वीर जवानों का यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस कायरतापूर्ण हमले के दोषी, मानवता के दुश्मन आतंकवादी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे और इनको पनाह देने वाले लोगों को भी इसके परिणाम भुगतने

**वीर सपूतों के बलिदान को याद कर भावुक हुए मुख्यमंत्री धामी**

होंगे। सैन्यभूमि उत्तराखंड वीर सैनिकों को जन्म देने वाली भूमि है। यहां के जवानों ने सदैव मां भारती की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देकर अपने राष्ट्र धर्म का निर्वहन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शहीद जवानों का नाम भारत हमेशा याद रखेगा। संपूर्ण राज्य को अपने बेटों व भाइयों पर गर्व हैं। पांचों वीर जवान हमारे परिवार के सदस्य हैं। इस दुख की घड़ी में संपूर्ण देश व प्रदेश शहीदों के परिजनों के साथ खड़ा है। (अनंत ज्ञान)


## घटिया ईंधन से भारत में 1,000 बच्चों में से 27 की मौत

**एजेंसी, वाशिंगटन**

भारत में भोजन पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले घटिया ईंधन के संपर्क में आने के कारण हर 1,000 शिशुओं और बच्चों में से 27 की मौत हो जाती है। अमेरिका के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

कोर्नेल विश्वविद्यालय में 'चार्ल्स एच. डायसन स्कूल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट' में प्रोफेसर अर्नब बसु समेत अन्य लेखकों ने 'भोजन पकाने के ईंधन के विकल्प और भारत में बाल मृत्यु दर' शीर्षक वाली रिपोर्ट में 1992 से 2016 तक बड़े पैमाने पर घरों के सर्वेक्षण के आंकड़ों का इस्तेमाल किया है।

आंकड़ों का इस्तेमाल यह पता लगाने के लिए किया गया कि प्रदूषण फैलाने वाले इन ईंधन का मनुष्य की सेहत पर क्या असर पड़ता है। इसमें पाया गया कि



इसका सबसे ज्यादा असर एक माह की आयु तक के शिशुओं पर पड़ा है। बसु ने कहा कि यह ऐसा आयु वर्ग है जिसके फेफड़े पूरी तरह विकसित नहीं होते हैं और शिशु सबसे ज्यादा अपनी मां की गोद में रहते हैं जो अक्सर घर में खाना पकाने वाली मुख्य सदस्य होती हैं।

भारत में खाना पकाने के घटिया ईंधन के संपर्क में आने के कारण हर 1,000 शिशु और बच्चों में से 27 की मौत हो जाती है।

## कठुआ में आतंकी हमले के बाद पठानकोट में अलर्ट



**अशोक ठाकुर पठानकोट**

गत दिनों जम्मू एंड कश्मीर के कठुआ जिले के गांव बिलावर निकट सेना पर आतंकी हमले के बाद जिला पुलिस और सेना अलर्ट हो चुकी है। किसी भी तरह की जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ढील नहीं अपनाई जा रही।

पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के जवानों पिछले कल एक बड़ा तलाशी अभियान चलाया। सीमा सुरक्षा बल के आला अधिकारी भी मौजूद थे और उनके साथ सीमा सुरक्षा बल के साथ पंजाब पुलिस की महिला विंग भी तैनात थी। पंजाब पुलिस द्वारा बहुत ही गंभीरता से सरहदी क्षेत्र बमियाल के अन्य मार्गों से पठानकोट में दाखिल होने वाले लोगों की गंभीरता से जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर नजर गढाए हुए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम न दिया जा सके।

आपको बता दें कि कुछ दिन पहले भी जेएंडके में कई आतंकी घटनाएं हो चुकी है और पिछले सोमवार एक बार दोबारा घात लगाए बैठे आतंकी सेना की गाड़ी पर हमला कर देते है। जिसमें कई जवान शहीद हो गए है। सुरक्षा एजेंसियों ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की गतिविधियों को लेकर अलर्ट किया हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## कनाडा का नाटो सदस्यों में सबसे कम योगदान

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में आयोजित हो रहे नाटो शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर सोमवार को एक प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन ने कहा कि कनाडा 32 सदस्यीय इस सैन्य गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है।

प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन 'पॉलिटिको' ने कहा कि पिछले कई सालों में ओटावा 32 सदस्यीय गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है।

वह घरेलू सैन्य खर्च के लक्ष्यों को पूरा करने में नाकाम रहा है, नए उपकरण खरीदने के लिए वित्त पोषण देने में नाकाम रहा है ।''

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इस साल के उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वाशिंगटन पहुंच गए हैं। ट्रूडो के कार्यालय ने बताया कि यहां बैठकों के दौरान वह पूरे यूरोप में नाटो के सामूहिक रक्षा प्रयासों में कनाडा के योगदानों पर प्रकाश डालेंगे।

## मुख्यमंत्री धामी ने लिया नुकसान का जायजा

**जगदीश शर्मा, देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को खटीमा क्षेत्र में गत दिवस अतिवृष्टि से हुए जलभराव क्षेत्र चकरपुर, अमाऊं, खटीमा बाजार, रेलवे क्रासिंग, आवास विकास, पकड़िया आदि क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों से वार्ता कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के साथ है, बाढ़ आपदा प्रभावित परिवारों को हर संभव त्वरित साहयता दी जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को जनता के सभी प्रकार के हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रभावितों के रहने-खाने व दवाओं की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही आपदा के कारण हुए फसलों की हुई क्षति का आंकलन करते हुए पीड़ितों को मुआवजा जल्द से जल्द वितरित करने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

## मुंबई के 7 रेलवे स्टेशनों का बदला जाएगा नाम

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद् में मंगलवार को मुंबई के सात रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने के प्रस्ताव को एकमत से मंजूरी दे दी गई। इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद इन सातों रेलवे स्टेशनों के नाम बदले जा सकेंगे।

मंत्री दादा भूसे ने मंगलवार को विधान परिषद में मुंबई के सात रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इनमें सेंट्रल रेलवे के 2, वेस्टर्न रेलवे के 2 और हार्बर रेलवे के 3 स्टेशनों के नाम शामिल हैं। इस प्रस्ताव को विधान परिषद की उप सभापति नीलम गोरहे ने विधान परिषद सभागृह में मंजूरी के लिए रखा।

## जीरकपुर में घर से इनवर्टर की बैटरी चौरी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब जीरकपुर में आए दिन लगातार चोरियां हो रही हैं। आए दिन कभी किसी की बाइक तो कबी किसी का स्कूटर उठा लेते हैं रोज किसी न किसी के वहां दरवाजे टूटे मिलते हैं। मोबाइल चेन झपटने की खबरें आती है। ऐसे ही सोमवार रात को दशमेश नगर से जितेंद्र शर्मा के घर से चोरों ने इनवर्टर की बैटरी चोरी कर ली।

चोर इतने शातिर थे कि 5 फीट की रेलिंग लगी हुई थी, उसके बावजूद भी 50 से 60 किलो की बैटरी को 5 फीट की रेलिंग से टपकर ले गए। जितेंद्र शर्मा ने इस संबंधी पुलिस को सुचित किया।



जतेंद्र शर्मा ने पड़ोस में से सीसीटीवी की फुटेज भी निकाल दी है और जिसमें दो लोग जाते हुए देख रहे हैं और घर के अंदर बढ़ रहे हैं और यह दिन की बात है। इसमें प्रशासन को गंभीरता से सोचना चाहिए कि कैसे एरिया की चोरियां काम हो सकते हैं और अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

# शहीदों के परिजनों के साथ खड़ा है राष्ट्र : राजनाथ

## कठुआ हमले की निंदा, बोले- हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जम्मू कश्मीर के कठुआ में सोमवार को हुए आतंकवादी हमले में भारतीय सेना के पांच जवानों के शहीद होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख जताया है।



उन्होंने वीर जवानों के परिवारों को भरोसा दिलाया कि पूरा राष्ट्र, उनके साथ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, इस कठिन समय में राष्ट्र उनके साथ मजबूती से खड़ा है। रक्षा मंत्री ने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद विरोधी मिशन पर कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं और हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सोमवार को आतंकियों ने भारतीय सेना की गाड़ी पर घात लगाकर हमला किया था। इस आतंकी हमले में सेना के 5 जवान शहीद हो गए और पांच अन्य जवान जख्मी भी हुए हैं। घायल सैनिकों को सेना के अस्पताल में भर्ती किया गया है। आतंकियों ने यहां सेना के वाहन पर ग्रेनेड से हमला करने के साथ ही गोलीबारी भी की थी। गौरतलब है कि बीते दो महीनें में सेना के वाहन पर यह दूसरा आतंकवादी हमला है।

### कठुआ हमला चिंताजनक, प्रशासन रहे और सतर्क : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकवादी हमले में पांच जवानों की मौत चिंताजनक है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर क्षेत्र में सुरक्षा स्थित को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया। सोमवार को कठुआ के बदनोटा इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें पांच जवान मारे गए थे और कई घायल हो गए थे। हमले में शामिल आतंकवादियों की धड़पकड़ के लिए क्षेत्र में



व्यापक तलाश अभियान जारी है। उमर ने कहा कि इस हमले की जितनी भी निंदा की जाए, उतनी कम है। भारतीय सेना के ड्यूटी कर रहे पांच बहादुर जवानों को एक हमले में खो देना चिंताजनक है। उमर ने प्रशासन को अधिक सतर्क रहने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि हम बार-बार कहते आए हैं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद एक समस्या है और आप बिना कुछ किए इसका अंत होने की उम्मीद नहीं कर सकते। इस सरकार ने मान लिया था कि पांच अगस्त 2019, हिंसा और आतंकवाद सहित सभी समस्याओं का समाधान है, लेकिन यह साफ है कि ऐसा नहीं हुआ।

## महुआ मोइत्रा का आरोप, केंद्रीय मंत्री ने तस्करों को करवाए पास जारी

**एजेंसी, कोलकाता**

**तृणमूल** कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करों को पास जारी करने का आरोप लगाया है।



वहीं, भाजपा के नेता ने इस आरोप को खारिज किया है। मोइत्रा ने 'एक्स' पर कथित तौर पर शांतनु की ओर से हस्ताक्षरित एक पत्र की तस्वीर साझा की और आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री ने तस्करों' के लिए तीन किलोग्राम गोमांस ले जाना सुगम बनाया था। बीएसएफ के आधिकारिक लेटरहेड पर फॉर्म छपवाए हैं। इस प्रकरण में तीन किलोग्राम के गोमांस की अनुमति दी गई। बनगांव लोकसभा सीट पर मतुआ समुदाय के प्रतिष्ठित नेता ठाकुर ने कहा कि यह आरोप निराधार है।

ऐसा लगता है कि महुआ मोइत्रा ने बेबुनियाद आरोप लगाने की आदत बना ली है।'' उन्होंने कहा कि कोई सिर्फ तीन किलोग्राम गोमांस की तस्करी ही क्यों करेगा? क्या यह बेतुका नहीं है? वह जानती हैं कि स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए सीमावर्ती इलाकों में ऐसे पास जारी किए जाते हैं। उन्होंने जानबूझकर यह तथ्य छिपाया है।

## आपराधिक कानून समवर्ती सूची में, राज्य विधानमंडल संशोधन करने के लिए सक्षम: पी. चिदंबरम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने तीन नए आपराधिक कानूनों में राज्य स्तर पर संशोधन का सुझाव देने के लिए एक समिति गठित करने के तमिलनाडु सरकार के फैसले का मंगलवार को स्वागत किया।

चिंदमबरम ने कहा कि आपराधिक कानून समवर्ती सूची में शामिल विषय है और इसमें प्रदेश की विधानसभा भी संशोधन कर सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आपराधिक कानून बनाए जाने चाहिए, जो आपराधिक न्याय व्यवस्था के आधुनिक सिद्धांतों के अनुरूप हों। तमिलनाडु सरकार ने



तीन नए आपराधिक कानूनों में राज्य-स्तरीय संशोधनों की समीक्षा और सिफारिश के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एम सत्यनारायणन के नेतृत्व में एक सदस्यीय समिति बनाई है।

## युवाओं को बेरोजगार रखना मोदी सरकार का मिशन : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आर्थिक विकास दर और रोजगार सृजन से जुड़े कुछ आंकड़ों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि युवाओं को बेरोजगार बनाए रखना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का एकमात्र मिशन है।

खड़गे ने 'एक्स' पर कहा कि मोदी सरकार भले ही बेरोजगारी पर सिटी ग्रुप जैसी स्वतंत्र आर्थिक रिपोर्टों को नकार रही हो, लेकिन सरकारी आंकड़ों को कैसे नकारेगी? सच यह है कि पिछले 10 साल में करोड़ों युवाओं के सपनों को चकनाचूर करने की जिम्मेदार केवल मोदी सरकार पर है। एनएसएसओ के सर्वेक्षण के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र



में अनिगमित इकाइयों में सात वर्षों में 54 लाख नौकरियां ख्त्म हो गई हैं। वर्ष 2010-11 में पूरे भारत में 10.8 करोड़ कर्मचारी अनिगमित गैर-कृषि उद्यमों में कार्यरत थे, जो अब 2022-23 में 10.96 करोड़ हो गए हैं यानी 12 साल में केवल 16 लाख की मामूली वृद्धि है।

**राहत** बाढ़ की स्थिति में हुआ मामूली सुधार, अब तक 85 लोगों की गई है जान

# असम में अभी भी 18.80 लाख लोग प्रभावित

**एजेंसी, गुवाहाटी**

असम में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है, हालांकि अब भी 27 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या करीब 18.80 लाख है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को राज्य में छह और लोगों की मौत हो जाने से इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है।

ब्रह्मपुत्र सहित कई प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तथा कुछ स्थानों पर बारिश होने का अनुमान है। अब 27 जिलों में 18,80,700 लोग प्रभावित हैं, जबकि रविवार को करीब 22.75 लाख लोग बाढ़ से



पीड़ित थे। राज्य में धुबरी जिला बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है, जहां करीब 4.75 लाख लोग बाढ़ की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके बाद कछार में दो लाख से अधिक लोग और बारपेटा में करीब 1.36 लाख लोग बाढ़ से पीड़ित हैं। प्रशासन 25 जिलों में 543 शिविर और राहत वितरण केंद्र चला रहा है तथा वर्तमान में 3,45,500 विस्थापित लोगों की देखभाल कर रहा है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल ( एसडीआरएफ) सहित कई एजेंसियों की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान चलाया जा रहा है। गुवाहाटी स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को बताया कि अगले 24 घंटों में अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है। बह्मपुत्र नदी निमती घाट, तेजपुर, गुवाहाटी और धुबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## अमरनाथ यात्रा : 5,433 यात्रियों का एक और जत्था रवाना, अब तक 2 लाख ने किए दर्शन

**एजेंसी, जम्मू**

**अमरनाथ** यात्रा के लिए 5,433 यात्रियों का मंगलवार को एक और जत्था घाटी के लिए रवाना हुआ। श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि पिछले 10 दिन में दो लाख से ज्यादा यात्रियों ने अमरनाथ यात्रा की है।

आधार शिविर भगवती नगर जम्मू से 5,433 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना हुआ। 89 वाहनों में 1,971 यात्रियों को लेकर पहला सुरक्षा काफिला मंगलवार की सुबह 3:13 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। 124 वाहनों में 3,462 यात्रियों को लेकर दूसरा सुरक्षा काफिला मंगलवार को सुबह 4:03 बजे दक्षिण कश्मीर



के नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।

मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दिन में हल्की बारिश की संभावना का अनुमान लगाया है। तीर्थयात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग या 14 किलोमीटर लंबे छोटे बालटाल से यात्रा करते हैं।

## बैसाखियों के सहारे मोदी सरकार, जल्द गिरेगी : संजय सिंह

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने नगर के हुसैनाबाद पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बैसाखियों के सहारे केंद्र सरकार चल रही है, वह जल्द ही गिर



जाएगी। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग इतने घमंड में चूर थे कि एक गाना बनाया था, जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे। इसके कारण प्रभु श्रीराम रुष्ट हो गए इसीलिए अयोध्या से लेकर जहां-जहां राम जी गए थे, वहां पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा।